25 page 1_01.qxd 9/24/2023 9:51 PM Page 1

दैनिक
भरोसा मित्र
ना इधर की ना उधर की बात सिर्फ भरोसे की

पेज- 7
दिव्यांगजनों का जीवन बेहतर बना रही सरकार...

मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का ...
पेज- 3

■ वर्ष:1 ■ अंक: 16 ■ मूल्य: 3 ■ पृष्ठ: 08 ■ प्रधान संपादक: सुमित सैनी ■ गुरुग्राम ■ सोमवार ■ 25 सितंबर 2023 ■ Title Code : HARBIL019117

न्यूज डायरी

राघव ने परिणीति के साथ फेरे लिए

उदयपुर : होटल ताज लेक पैलेस से दोपहर सेहराबंदी के बाद राघव चड्ढा की बारात होटल से लग्जरी बोट्स से लीला पैलेस पहुंची। सभी बोट्स को शाही अंदाज में सजाया गया। होटल लीला पैलेस के मुख्य गार्डन में दोनों की शादी होगी। बारातियों का स्वागत पंजाबी और राजस्थानी अंदाज में किया गया। बारात में राघव के रिश्तेदार और दोस्त जमकर नाचे थे। पंजाब के सीएम भगवंत मान भी बारात में थिरकते दिखे थे। होटल लीला पैलेस में शाम 4 बजे वरमाला हुई। इसके बाद राघव विंटेज कार में मंडप तक पहुंचे और परिणीति के साथ फेरे लिए।

भारत में अपना उत्पादन पांच गुना बढ़ाएगा एपल

नई दिल्ली : आईफोन बनाने वाली कंपनी एपल अगले चार से पांच सालों के दौरान भारत में उत्पादन को पांच गुना से अधिक बढ़ाकर 40 अरब डॉलर (लगभग 3.32 लाख करोड़) करने की योजना बना रही है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष में सात अरब डालर के उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है। इस संबंध में कंपनी की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है। अधिकारी के अनुसार एपल की भारत में आईपैड या लैपटाप बनाने की फिलहाल कोई योजना नहीं है,लेकिन अगले साल से एयरपॉड्स का निर्माण शुरू हो जाएगा।

पृथ्वी की ओर बढ़ रहा नासा का कैप्सूल

नई दिल्ली: नासा के पहले स्टेरॉयड के नमूनों के साथ एक अंतरिक्ष कैप्सूल रविवार को लैंडिंग के लिए यूटा रेगिस्तान की ओर बढ़ रहा है। बताया गया कि अंतरिक्ष कैप्सूल चट्टानी सामग्रियों को लेकर आ रहा है।ओसिरिस-आरएक्वे स अंतरिक्ष कैप्सूल को 63,000 मील दूर से छोड़ा गया। कैप्सूल के चार घंटे बाद सेना के यूटा टेस्ट एंड ट्रेनिंग रेंज में पैराशूट से उतरने की उम्मीद थी। विज्ञानियों को बेन्नू नामक स्टेरॉयड से कम से कम एक कप मलबा मिलने का अनुमान है। माना जा रहा है कि इन नमूनों की मदद से विज्ञानियों को बेहतर ढंग से यह समझने में मदद मिलेगी कि पृथ्वी और जीवन का निर्माण कैसे हुआ।

कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अंबाला में विधायक को काले झंडे दिखाए

अंबाला। भाजपा विधायक असीम गोयल को रविवार को काले झंडे से विरोध का सामना करना पड़ा। उस समय वह गांव खैरा में सड़क और चौपाल के निर्माण कार्य का शिलान्यास करने पहुंचे थे। कांग्रेस नेता जग्गा खैरा की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने काले झंडे दिखा विरोध किया। ग्रामीणों का आरोप है कि बाढ़ के दौरान विधायक गांव में नहीं आए। पुलिस ने गुस्साए ग्रामीणों को कंट्रोल करने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ी। विरोध कर रहे विपक्ष को नसीहत दी। कहा कि यह सिर्फ नफरत की राजनीति है। जिनके (कांग्रेस) यह चेले हैं, वे ऐसे मोहब्बत बांट रहे हैं। बाढ़ के दौरान खुद वह गांव खैरा में बोट लेकर आए थे। थाने-कचहरी की राजनीति में कुछ नहीं रखा। मैं गांव में भाईचारा बनाने में विश्वास रखता हूं तोड़ने में नहीं। विधायक असीम गोयल ने गांव खैरा में नग्गल से खैरा गांव की सड़क का शिलान्यास किया। तीन किमी.की इस सड़क के निर्माण कार्य पर 70 लाख खर्च किए जाएंगे। उन्होंने ग्रामीणों की मांग पर 40 लाख की लागत से सामान्य चौपाल बनाने की भी घोषणा की। विधायक ने कहा कि सभी जगहों पर समान रूप से विकास कार्य कराए जा रहे हैं।

मनोहर सरकार ने बढ़ाई 6 जिला परिषदों की पॉवर

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। मनोहर सरकार ने प्रदेश में जिला परिषदों की क्षमताओं में वृद्धि कर दी है। चंडीगढ़ में जिला परिषदों की बैठक में मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 6 अतिरिक्त जिले सोनीपत, कैथल, महेंद्रगढ़, रोहतक, झज्जर और रेवाड़ी में लिंक सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी देने का ऐलान किया।उन्होंने कहा कि इस साल के अंत तक जिला परिषदों को यह नई जिम्मेदारी हस्तांतरित कर दी जाएगी। अभी यह कार्य हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा किया जा रहा था। बैठक में विकास एवं पंचायत मंत्री देवेन्द्र बबली भी मौजूद रहे। इससे पहले भी हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड द्वारा किए जा रहे लिंक रोड मरम्मत कार्य की जिम्मेदारी यमुनानगर, करनाल, पलवल, भिवानी और फतेहाबाद

लिंक सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी सौंपी

सहित पांच जिलों में जिला परिषदों को हस्तांतरित की जा चुकी है। इन 6 जिलों के जुड़ने से जिला परिषदों के पास अब प्रदेश में 11 जिलों में ग्रामीण क्षेत्र के सड़क मरम्मत का कार्य होगा।

मुख्यमंत्री जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को 30 सितंबर 2023 तक 5,000 या उससे अधिक आबादी वाले गांवों में गांव की फिरनियों को पक्का करने के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने लोकतांत्रिक व्यवस्था में जन प्रतिनिधियों के रूप में

महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले जिला परिषदों के अध्यक्षों के सम्मान के महत्व पर बल देते हुए सभी सीईओ को स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि वे अपने कार्यालयों को जिला सचिवालयों से जिला परिषद कार्यालय में स्थानांतरित करें।

उन्होंने जिला परिषदों के सीईओ से चालू वित्तीय वर्ष के लिए बजट अनुमान भी मांगा। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि यह जिला परिषदों के अध्यक्ष के दायरे में आता है कि वे अपना-अपना बजट तैयार करें और बाद में जिला परिषद सदन के भीतर अनुमोदन के पश्चात उसे सरकार को भेजें। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि ग्रामीण क्षेत्रों में विकासात्मक पहलों को प्रभावी ढंग से चलाने के लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध होगी। मनोहर लाल ने राज्य भर के सर्वाधिक आबादी वाले 750 गांवों में स्ट्रीट लाइट लगाने की जानकारी देते हुए बताया कि इस पहल के लिए जिला परिषदों को पहले ही बजट आवंटित किया जा चुका है। इस कार्यक्रम के तहत, प्रत्येक ब्लॉक के सबसे अधिक आबादी वाले पांच गांवों को जल्द ही स्ट्रीट लाइट उपलब्ध होंगी। चौपालों के निर्माण की समीक्षा के दौरान मनोहर लाल ने सीईओ को अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यकता आधारित सर्वेक्षण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला परिषदों के माध्यम से गांव के तालाबों के सौंदर्यीकरण या डिमांड आधार पर दीवार निर्माण व घाट आदि की प्रक्रिया शुरू करने का भी निर्देश दिया। जिला परिषदों के अध्यक्ष और सीईओ ग्रामीण क्षेत्रों में विकास गतिविधियों की योजना बनाने में मिलकर कार्य करें।

नई वंदे भारत ट्रेनें 11 राज्यों में कनेक्टिविटी को देगी रफ्तार : मोदी

पीएम ने दिखाई नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी

नई दिल्ली,एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक साथ नौ नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये ट्रेने देश के 11 राज्यो के बीच अपना सफर तय करेंगी यानी इन ट्रेनों से 11 राज्यों तक कनेक्टिविटी की पहुंच हो गई है।

नई दिल्ली से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को दोपहर 12.30 बजे इन नौ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई है। इस मौके पर कहा कि ये नई वंदे भारत ट्रेनें देश में कनेक्टिविटी में सुधार करने और रेल यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के लिए केंद्र सरकार के विजन को साकार करने की दिशा में एक कदम हैं। जिन नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई गई है। वे देश के 11 राज्यों राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, बिहार, पश्चिम बंगाल, केरल, ओडिशा, झारखंड और गुजरात में कनेक्टिविटी को बढ़ावा देंगी।



इन ट्रेनों को दिखाई हरी झंडी

प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को जिन नौ नई वंदे भारत ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया है, उनमें उदयपुर- जयपुर वंदे भारत एक्सप्रेस, तिरुनेलवेली-मदुरै-चेन्नई वंदे भारत एक्सप्रेस, हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस, विजयवाड़ा-चेन्नई (रेनिगुंटा के रास्ते) वंदे भारत एक्सप्रेस, पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस, कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सेप्रेस, राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस, रांची-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस और जामनगर-अहमदाबाद वंदे भारत एक्सप्रेस शामिल हैं। इन वंदे भारत ट्रेनों की शुरुआत से देश में रेल सेवा के एक नए मानक की शुरुआत होगी। विश्व स्तरीय सुविधाओं और कवच तकनीक सहित उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से सुसज्जित ये ट्रेनें आम लोगों, पेशेवरों, व्यापारियों, छात्रों और पर्यटकों को यात्रा के आधुनिक, त्वरित और आरामदायक साधन प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होंगी।

कनेक्टिविटी विस्तार का यह अभूतपूर्व अवसर

मोदी ने कहा देश में आधुनिक कनेक्टिविटी विस्तार का यह अभूतपूर्व अवसर है। इंफ्रास्ट्रक्चर विकास की यह गति और स्केल 140 करोड़ भारतीयों की आकांक्षाओं से बिल्कुल मैच कर रही हैं और यही आज का भारत चाहता है। मोदी ने कहा हम सभी जानते हैं कि ऐसे कई रेलवे स्टेशन हैं जो पिछले कई सालों से विकसित नहीं हुए हैं। इन स्टेशनों को विकसित करने का काम चल रहा है।

कितने समय में तय करेगी सफर

रविवार को शुरु हुई नई वंदे भारत ट्रेनें अपने संचालन के रूटों पर सबसे तेज गति से दौड़ेंगी और यात्रियों के समय में काफी बचत करेंगी। रूट पर मौजूदा सबसे तेज ट्रेन की तुलना में राउरकेला-भुवनेश्वर-पुरी वंदे भारत एक्सप्रेस और कासरगोड-तिरुवनंतपुरम वंदे भारत एक्सप्रेस लगभग तीन घंटे जल्दी सफर तय करेंगी। जबकि हैदराबाद-बेंगलुरु वंदे भारत एक्सप्रेस 2.5 घंटे से अधिक समय की बचत करेगी।

राहुल गांधी ने किया दावा

चार राज्यों में हमारी जीत पक्की

राजस्थान में करीबी मुकाबला होने की बात को स्वीकार किया

नई दिल्ली,एजेंसी।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दावा किया है उनकी पार्टी तेलंगाना, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीत रही है। राजस्थान में मुकाबला करीबी हो सकता है, लेकिन उन्हें यकीन है जीत कांग्रेस की ही होगी। राहुल गांधी रविवार को दिल्ली में असम के एक मीडिया हाउस इवेंट में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा जनता के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए कई हथकंडे अपनाती है। रमेश बिधूड़ी का संसद में दूसरे सांसद को गाली देना और एक देश-एक चुनाव का विचार लाना उन्हीं में से एक है।राहुल गांधी ने यह भी कहा कि जब भी संसद में कोई बात रखी जाती है, तो वे ध्यान भटकाने के लिए ऐसी चीजों का इस्तेमाल करते हैं। हमने सीख लिया है, इससे कैसे निपटना है। राहुल ने दावा किया कि अभी, हम तेलंगाना शायद जीत रहे हैं। लेकिन निश्चित रूप से मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में जीतेंगे। राजस्थान में मामला बहुत करीबी है और हमें लगता है कि हम जीत जाएंगे। बीजेपी भी अंदरखाने यही कह रही है। गौरतलब है कि राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में 2023 में ही विधानसभा चुनाव होने हैं। राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार है। मध्यप्रदेश में भाजपा, तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति और मिजोरम में मिजो नेशनल फ्रंट की सरकार है।

कर्नाटक चुनाव से सबक सीखकर पार्टी का नैरेटिव बनाया

राहुल ने कहा कि कांग्रेस ने कर्नाटक चुनाव से बहुत जरूरी सबक सीखा है कि भाजपा ध्यान भटकाती है। वह हमें अपना नैरेटिव बनाने से रोकती रही। इसी तरह पिछले कई चुनाव जीतती आई। इससे ही सबक लेकर हमने अपनी पार्टी का नैरेटिव बनाते हुए कर्नाटक का चुनाव लड़ा था। उन्होंने कहा कि हमने कर्नाटक की जनता को एक सीधा-सीधा दृष्टिकोण दिया कि उनके लिए कई सामाजिक सुरक्षा कार्यक्रम हैं, जिन्हें लागू किया जा रहा है। और इसी तरह हम नैरेटिव को कंट्रोल कर पाए। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार कह रही है कि महिलाओं को इस बिल का लाभ 10 साल बाद मिलेगा, लेकिन कांग्रेस चाहती है कि इसका लाभ तुरंत मिले।।

आईएनडीआईए में हलचल बढ़ी, नीतीश कुमार अचानक पहुंचे राबड़ी देवी के आवास

पटना, एजेंसी।

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सक्रियता से आईएनडीआईए में चर्चा का दौर शुरू हो गया। वह पहले तो जदयू कार्यालय गए, फिर लालू यादव से मिलने राबड़ी देवी के आवास पर पहुंच गए। इससे आईएनडीआईए गठबंधन और सियासी गलियारों में में सीटों के बंटवारे पर हलचल तेज हो गई है। नीतीश कुमार को आवास पर लालू तो नहीं मिले। राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव से जरूर उनकी मुलाकात हुई। बताया गया कि लालू यादव अपने बेटे तेजप्रताप के साथ राजगीर चले गए थे। इस वजह से नीतीश की उनसे मुलाकात नहीं हो सकी। यहां थोड़ी देर रुकने के बाद नीतीश लौट गए। बताया जाता है कि सीएम के जदयू दफ्तर आने की सूचना किसी को नहीं थी। वह यहां आने से पहले बख्तियारपुर में पैतृक आवास पर गए थे। वहां से पार्टी कार्यालय आए और अपने कक्ष में बैठे। संयोगवश जदयू

लालू से नहीं हो पाई मुलाकात, पूर्व सीएम गए हुए थे राजगीर

के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह पार्टी दफ्तर में मौजूद नहीं थे। हालांकि, मुख्यमंत्री प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा , मुख्य प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार, विधान पार्षद संजय कुमार सिंह उर्फ गांधी जी व विधान पार्षद रवींद्र सिंह के मौजूद रहने से संतुष्ट नजर आए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बात की और सक्रिय रहने की सलाह दी।

जनता का पुलिस और प्रशासन से भरोसा उठा : सुशील गुप्ता

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद डॉ. सुशील गुप्ता ने रविवार को प्रदेश में लगातार बढ़ रही आपराधिक घटनाओं के लेकर खट्टर सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कानून का राज पूरी तरह से समाप्त हो चुका है। प्रदेश अपराध की राजधानी बन चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री खट्टर खुद अपराधियों को शह देने का काम कर रहे हैं। वे खुद बोल रहे हैं कि हरेक व्यक्ति को वे सुरक्षा नहीं दे सकते। इससे खट्टर सरकार की मंशा समझ आ रही है, कि वे अपराध को लेकर गंभीर नहीं है। उन्होंने कहा कि रोजाना अखबारों में रेप, लूटपाट, डकैती, मर्डर की घटनाएं आ रही हैं, लेकिन हरियाणा सरकार का प्रदेश की जनता की सुरक्षा के लिए कोई भी ध्यान नहीं है।उन्होंने बताया कि कल हिसार में एक ठेकेदार को बुरी तरह पीटा गया।कुछ दिन पहले पानीपत में महिलाओं के साथ दरिंदगी हुई थीं । उस केस में अब तक पुलिस कोई पुख्ता जानकारी इकट्ठी नही कर पाई है। एक दिन पहले रेवाड़ी में व्यापारी पर जानलेवा हमला किया गया और डेढ़ लाख की फिरौती मांगी गई। हरियाणा का व्यापारी अपने आप को सुरक्षित नहीं समझ रहा है। आम जनता का पुलिस प्रशासन पर से भरोसा उठ चुका है। उन्होंने कहा कि पानीपत में महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म के केस से पूरा प्रदेश शर्मसार हुआ है।

रद्द होगा खालिस्तानी आतंकियों का ओवरसीज सिटिजनशिप कार्ड

इससे भारत नहीं आ पाएंगे और देश में संपत्ति की पहचान करने की भी तैयारी हो रही

नई दिल्ली,एजेंसी।

मीडिया रिपोर्ट्स से जानकारी मिली है कि कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन में मौजूद खालिस्तानी आतंकियों की पहचान करके उनका ओवरसीज सिटिजनशिप ऑफ इंडिया यानी ओसीआई कार्ड को रद्द करने की तैयारी की जा रही है। बता दें कि केंद्र सरकार के इस कदम के बाद ये आतंकी भारत नहीं आ पाएंगे। सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि सरकार ने विदेश में रह रहे आतंकियों की प्रॉपर्टीज की भी पहचान करने के आदेश दिए हैं। एनआईए ने शनिवार को ही खालिस्तानी आतंकी पन्नू की चंडीगढ़ और अमृतसर की प्रॉपर्टी को जब्त किया था। कानूनी तौर पर अब ये प्रॉपर्टी सरकार की हो गई हैं। सरकार की तरफ से सख्ती की खबरों के बीच एनआईए ने खालिस्तानी समर्थकों की नई लिस्ट जारी की है। इस लिस्ट में परमजीत सिंह पम्मा, कुलवंत मुठड़ा, सुखपाल सिंह, सरबजीत बेनूर, कुलवंत, गुरप्रीत सिंह, हारजप, हरप्रीत सिंह, रणजीत नीता, गुरमीत आदि शामिल हैं।

11 गैंगस्टर और आतंकियों की लिस्ट जारी

इससे पहले जांच एजेंसी ने 20 सितंबर को भी 11 गैंगस्टर और आतंकियों की लिस्ट जारी की थी। शनिवार को इसने आतंकी निज्जर के पंजाब स्थित घर पर छापा मारा था। इस पर संपत्ति जब्त करने का नोटिस चिपकाया गया है।नोटिस में कहा गया है कि एजेंसी ने हरदीप सिंह निज्जर की अचल संपत्ति को जब्त करने के लिए याचिका दी है। इस मामले में रिश्तेदार-नजदीकी 11 अक्टूबर को स्पेशल एनआईए कोर्ट मोहाली में पेश होकर अपना पक्ष रख सकते हैं।

जनता का अपमान वही करे, जो घमंडी हो

मुख्यमंत्री मनोहर लाल जनसंवाद नहीं, जन-अपमान कार्यक्रम करते हैं : दीपेंद्र हुड्डा

भरोसा मित्र

फतेहाबाद।कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल इन दिनों जनसंवाद नहीं, जन अपमान कार्यक्रम कर रहे हैं। इनमें जनता की शिकायतों की सुनवाई नहीं, बल्कि उसका अपमान किया जा रहा है। कांग्रेस सांसद आज यहां गांव भोड़िया खेड़ा में हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2019 से पहले भाजपा ने 75 पार का नारा दिया और उनसे त्रस्त जनता ने उनकी सुई 40 पर रोक दी। एक और पार्टी वाले आए, वो बोले अबकी बार भाजपा यमुना पार। चुनाव के बाद

दोनों बन गए पक्के यार, दोनों ने चंडीगढ़ में बना दी भ्रष्ट सरकार। उन्होंने कहा कि वह प्रदेश के भविष्य को बचाने के लिए वे भाजपा और जजपा से जो लड़ाई लड़ रहे हैं, उस लड़ाई में आशीर्वाद लोगों ने आज दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र और राज्य में दो-दो सरकारें हैं। सत्ताबल, धनबल इनके साथ है। साम, दाम, दंड, भेद की राजनीति हो रही है, इनसे लड़ने के लिए जनता का हौसला आशीर्वाद जरूरी है। कांग्रेस सांसद ने कहा कि विपक्ष आपके समक्ष कार्यक्रमों में लाखों लोग जुड़ रहे हैं, जिसे देखकर वे कह सकते हैं कि अब वे विपक्ष नहीं विकल्प हैं। कांग्रेस के कार्यक्रमों से डरे मुख्यमंत्री अब जन संवाद करने निकले तो वे जन अपमान करने पर आ गए। जनता का अपमान वही कर सकता है, जिन्हें घमंड हो। इस घमंड को चकनाचूर करना है। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले जो हरियाणा विकास, रोजगार में नंबर एक था, वो अब महंगाई, भ्रष्टाचार में आगे है।

प्रेसवार्ता | हरियाणा में धान उत्पादक किसानों के लिए खुशखबरी

अब आज शुरू होगी सरकारी खरीद : दुष्यंत

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा में बाजरे के बाद धान उत्पादक किसानों के लिए भी एक अच्छी खबर बताते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राज्य सरकार ने इस बार पूर्व की परंपरा से पहले 25 सितम्बर से प्रदेश में खरीफ फसलों की खरीद शुरू करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने एक और किसान हितैषी फैसला लिया है। इसके तहत, 1 अक्टूबर की बजाय 25 सितम्बर से ही धान की सरकारी खरीद शुरू करने जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने बताया कि किसानों की मांग और मंडियों में खरीफ फसलों की आवक को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि खरीद से संबंधित तैयारियां

भावांतर भरपाई योजना के तहत भी बाजरा के किसानों को कवर किया जाएगा

करने के लिए खरीद एजेंसी से जुड़े अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। अधिकारियों को कहा गया है कि किसी भी किसान को अपनी फसल की बिक्री के समय कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त भावांतर भरपाई योजना के तहत भी बाजरा के किसानों को कवर किया जाएगा। कुल 92 मंडियों में बाजरे की खरीद होगीऔर धान की खरीद के लिए 211 खरीद केंद्र बनाए

गए हैं। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सरकार ने मंडियों में किसानों की सहुलियत के लिए पूरे इंतजाम कर दिए हैं। मंडियों में पहुंचने वाले किसानों के लिए तमाम बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए मंडी में ज्यादा समय तक इंतजार न करना पड़े, इस संबंध में तमाम तैयारियां की गई है। इसके साथ ही 72 घंटे के भीतर किसानों के खातों में फसल बिक्री का पैसा ट्रांसफर कर दिया जाएगा। किसानों के भुगतान के लिए 13 हजार करोड़ की सीसी लिमिट बनाई, बिना देरी किसानों के खातों में होगा भुगतान। डिप्टी सीएम ने कहा कि इस साल बाढ़ के बावजूद बंपर फसल की आवक का अनुमान है। इस साल करीब 60 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की संभावना है। सभी किसानों का रजिस्ट्रेशन कार्य पूरा हो चुका है। अगर कोई किसान वेरिफिकेशन करवाना चाहता है तो सरकार ने उसके लिए भी विकल्प दिया है।

खबर फटाफट

वेद प्रचार सप्ताह व ऋषि लंगर आयोजित : ओमप्रकाश आर्य

सोहना, भरोसा मित्र। यहां पर स्थानीय आर्य समाज के तत्वाधान में चल रहा वेद प्रचार सप्ताह और श्रीराम कथा रविवार को स्थानीय अनाजमंडी स्थित अग्रवाल धर्मशाला सभागार प्रांगण में चलाए गए भंडारे व आशीर्वाद समारोह के साथ सम्पन्न हो गया है। इस सात दिवसीय समारोह के अंतिम दिन आयोजित वेद सप्ताह महोत्सव में आर्यसमाज के विशेष आमंत्रण पर बृजभूमि मथुरा से विशेष आमंत्रण पर आई कथावाचक विदूषी सविता आर्या तथा भजनोपदेशक बच्चू सिंह आर्य व आर्य समाज के विद्वान सीताराम शास्त्री ने संस्कार और संस्कृति को एक-दूसरे का पूरक बताते हुए कहा है कि वेदों और स्वामी दयानंद ने समूचे विश्व को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। उन्होने कहा कि आर्यसमाज का मूल ध्येय समतामूलक समाज का सृजन करना है, जिसमें जाति-पाति सहित खंडित करने वाला कोई भी भेदभाव ना हो और एक आर्यसमाज ही है, जो पथभ्रष्ट हुए समाज का मार्गदर्शक बन सकता है। उन्होने कहा कि स्वामी दयानंद ने एक शताब्दी पहले जो कहा था, वह अब सही साबित हो रहा है। उन्होने कहा कि आर्यसमाज के प्रतिनिधियों का यह नैतिक कर्तव्य बनता है कि वे निडर होकर गलत और सही के प्रति जागृति का प्रचार-प्रसार कर सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आर्य समाज के प्रधान व आढ़त गल्ला व्यापारी एसोसिएशन के चेयरमैन महेश आर्य ने वेदों को धर्म का स्त्रोत बताते हुए कहा कि प्राचीनकाल में मनु जी ने भी वेदों को सनातन धर्म की आंख बताया था। उन्होने कहा कि आर्यसमाज का जनकल्याणकारी आंदोलन मानव धर्म के कल्याण के लिए ही चल रहा है। उन्होने उपस्थित लोगों से आहवान किया कि वह अपने बच्चों को बाल्यकाल से ही अच्छे संस्कार दे ताकि उनके बच्चे अच्छे संस्कार पाकर अच्छे समाज का निर्माण कर सके। उन्होने कहा कि आज के वक्त में सबसे आसान कार्य दूसरे की निंदा करना है।

जजपा आज चौधरी देवीलाल जयंती धूमधाम से मनाएगीः विनेश गुर्जर

सोहना, भरोसा मित्र। जजपा युवा विंग में वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष विनेश गुर्जर ने सोहना हलके में निमोठ, सतलाका, लालाखेड़ली, टैढड़बादशाहपुर, हरचंदपुर, नूनेहरा, चौहड़पुर, इशाकी, टोलनी, रानीकासिंगौला, सिलानी, घंघौला, हाजीपुर, जोहलाका, बिल्हाका, खाईका, लोहटकी, धुनेला, हरियाहेडा, कालियाका, चमनपुरा, सरमथला, बाईखेड़ा, बालूदा, सांचौली, लाखुवास आदि गांवों का दौरा किया और ग्रामीणों को जजपा के झंडे तले 25 सितंबर को राजस्थान के सीकर में जननायक चौधरी देवीलाल जयंती पर होने वाली किसान विजय सम्मान दिवस रैली में अपने साथ चलने का न्यौता दिया।

शहीदों के जीवन से प्रेरणा लें : सुधीर सिंगला

सोहना, भरोसा मित्र। विधायक सुधीर सिंगला एडवोकेट ने अशोक विहार इलाके में शहीद भगत सिंह जी की जयंती समारोह में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत की। अशोक विहार चौक से तिरंगा यात्रा के साथ शुरू हुए इस कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला एडवोकेट ने ऐसे भव्य कार्यक्रम के लिए शहीद भगत सिंह जन सेवा संगठन को बधाई प्रेषित की और आगे भी इस तरह के आयोजन करते रहने की बात की। इलाके के लोगों की मांगों को जल्द पूरा करने की बात भी विधायक सुधीर सिंगला एडवोकेट ने कही। कार्यक्रम में विधायक सुधीर सिंगला एडवोकेट के साथ शहीद भगत सिंह के भतीजे किरणजीत सिंह संधु, परमिंदर कटारिया, कपूर सिंह दलाल, अतर सिंह संधु, कर्नल दलजीत सिंह, सुरेंद्र संगवान, पवन यादव, रमेश डांगी, मुकेश शर्मा, आशीष गोयल, सुरेंद्र स्योकंद, रमेश जाखड़, जुगल रैना, नरेंद्र कटारिया, रवींदार त्यागी, बलवान सैनी, भोला प्रजापति, नायब सिंह, अनिल तंवर, रामवावतार यादव, अरुण कौशिक व अन्य गणमान्य शामिल रहे।

श्री शिवकुंड के समीप शीला कुंड प्रांगण में श्रीराम कथा आज से

सोहना, भरोसा मित्र। यहां पर श्रीराम कथा आयोजन समिति की ओर से आयोजित धार्मिक अनुष्ठान श्रीराम कथा की शुरूआत हुई। श्रद्धालुओं में कथावाचक श्री दिनेश चन्द्र शास्त्री के पैर छूने और आशीर्वाद लेने के लिए होड़ सी मची रही। इस अवसर पर जाने-माने समाजसेवी देवी सिंह राणा ने बताया कि पूजन व हवन उपरांत श्रीराम कथा शुरू हो गई है। उन्होने बताया कि कार्यकर्ताओं की टोलियां विभिन्न वार्डो, मोहल्लों, गलियों में घर-घर जाकर श्रीराम कथा में सपरिवार आने के लिए लोगों को आमंत्रण दे रही है। श्रीराम कथा में कथाव्यास पंडित दिनेश चंद्र शास्त्री को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है जबकि भजन गायक के रूप में पंडित योगेश शर्मा को आमंत्रित किया गया है। उन्होने बताया कि श्रीराम कथा आयोजन को कामयाब बनाने के लिए कार्यकर्ताओं में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि श्रीराम कथा के आयोजन को लेकर शहर के साथ-साथ आसपास लगते गांवों में रहने वाले श्रद्धालुओं के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है।

सोहना में 'मातृशक्ति सम्मेलन' आयोजितः वेदकला शर्मा

सोहना, भरोसा मित्र। अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस के उपलक्ष्य में शहरी क्षेत्र में रविवार को यहां पर वार्ड-5 में खंडस्तरीय 'महिला अधिकार जागरूकता सम्मेलन' महिला समाजसेविका निशा शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में मुख्य वक्ता पद से बोलते वक्त महिला समाजसेविका व नगरपार्षद श्रीमती वेदकला शर्मा ने महिला को देवी समान बतलाते हुए कहा कि नारी उन दैवीय गुणों की खान है, जिन्हे अपनाकर आदमी नर से नारायण बन जाता है। हमारी भारतीय संस्कृति और प्राचीन ग्रंथों में भी बताया गया है कि जिस घर में नारी का सम्मान व पूजा होती है, देवता भी वही वास करते है। उन्होने कहा कि जीवन के लिए ज्ञान, धन और शक्ति 3 चीजों की जरूरत होती है और इन तीनों ही चीजों को मां सरस्वती, मां लक्ष्मी और मां दुर्गा तीन देवियों द्वारा प्रदान किया जाता है। इसलिए यदि हम अपने घर और समाज को तनाव मुक्त चाहते है तो हमें सबसे पहले अपने घर में मौजूद महिलाओं की इज्जत और सम्मान करना चाहिए। उन्होंने महिलाओं को झांसी की रानी, सरोजिनी नायडू, कल्पना चावला, किरण बेदी जैसी महिलाओं के जीवन से प्रेरणा लेने और शिक्षा को बढ़ावा देने, दहेज प्रथा, बाल विवाह, भ्रूण हत्या, गौ हत्या जैसी सामाजिक बुराईयों के खिलाफ जागृति बनाए जाने पर जोर दिया और कहा कि समाज में व्याप्त कुरीतियों, भ्रष्टाचार को जड़मूल से खत्म करने, पर्यावरण, गौ रक्षा, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा को बढ़ावा देने और महिला समाज के उत्थान के लिए घरेलू गृहणियों को भी चौका-चूल्हा के अलावा समाज के प्रत्येक क्षेत्र विशेषकर सामाजिक व रचनात्मक कार्यों में भी आगे रहकर प्रमुख भूमिका निभानी होगी। तभी भय, भूख, भ्रष्टाचार व समाज में व्याप्त कुरीतियों पर अंकुश पाया जा सकता है।

भौंड़सी में अवैध कॉलोनियों पर चला पीला पंजा

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

13 एकड़ जमीन में काटी जा रही हैं अवैध कॉलोनियां

सोहना। सोहना खंड के गांव भौंड़सी में खेती वाली 13 एकड़ जमीन में काटी जा रही अवैध कॉलोनियों पर आज डीटीपी दस्ते का पीला पंजा जमकर चला। इस मौके पर प्रोपर्टीडीलर कार्यालय, बनाई गई कई दुकानों, निर्माणाधीन मकानों और डीपीसी, चारदीवारी समेत सभी अवैध निर्माण पीले पंजे की मदद से जमीदोज किए गए है। तोडफ़ोड़ कार्रवाई को अंजाम देते वक्त डयूटी मजिस्टेट के रूप में जीएमडीए के एसडीओ राजेश यादव के साथ भारी पुलिसबल के साथ-साथ महिला पुलिस भी विशेष रूप से मौजूद रही। डीटीपीई का कहना है कि जिन लोगों ने यहां कॉलोनी काटी है, उन भूमाफियाओं की पहचान कर जल्द ही उनके खिलाफ पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। उन्होने बताया कि इन अवैध कॉलोनियों में तोडफ़ोड़ करने से डीटीपीई विभाग की तरफ से अवैध कॉलोनी काटने वालों को नोटिस जारी किए गए लेकिन ना तो उन्होने कोई जरूरी दस्तावेज पेश किए और ना ही नोटिसों का कोई जवाब दिया। जिस पर भारी पुलिसबल को साथ लेकर काटी गई इन अवैध कॉलोनियों में तोडफ़ोड़ की कार्रवाई अमल में लानी पड़ी। उन्होने बताया कि पिछले तीन महीनों में बिना लाइसेंस लिए कृषि योग्य भूमि पर यह अवैध कॉलोनियां काटी गई और खरीददारों ने खरीदी गई भूमि पर निर्माण शुरू कर दिए। जिनकी भूमि पर अवैध कॉलोनी कटी है, उनके नाम सामने आए है। जो कॉलोनी काट रहे थे, उनकी पहचान की जा रही है। इन सभी के खिलाफ जल्द ही भौंड़सी पुलिस थाने में नामजद मुकदमे दर्ज कराए जाएंगे। साथ ही इन कॉलोनियों की रजिस्ट्री ना करने के लिए तहसीलदार व नायबतहसीलदार सोहना को निर्देश दिए गए है। डीटीपीई ने बताया कि भौंड़सी में 13 एकड़ भूमि में भूमाफियाओं द्वारा काटी जा रही अवैध कॉलोनी काटे जाने की भनक उन्हे लगी और जब उन्होने अपने स्तर पर जांच कराई तो शिकायत सही मिली। देखने में आया कि आज जैसे ही डीटीपीई महिला पुलिस के साथ-साथ सैकड़ों पुलिस जवानों, दो जेसीबी की मदद से सोहना के गांव भौंड़सी में कृषि योग्य भूमि में काटी गई इन अवैध कॉलोनियों में बने अवैध निर्माणों को तोडने के लिए पहुंचे तो लोगों का हुजूम इकटठा हो गया। हालांकि तोडफ़ोड़ के दौरान मौजूद लोगों ने हो रही तोडफ़ोड़ की कार्रवाई का जमकर विरोध किया। इतना ही नही कुछ लोग जेसीबी रूपी पीले पंजे के आगे लेट गए। इसी दौरान काफी महिलाएं भी तोडफ़ोड़ के खिलाफ आगे आ गई और कहने लगी कि जब प्रशासन मुस्तैद है तो फिर इतने बड़े पैमाने पर अवैध निर्माण कैसे हो रहे है। तोडफ़ोड़ में भी भेदभाव बरता जा रहा है। किसी के निर्माण छोड़े जा रहे है तो किसी के तोड़े जा रहे है। गुस्साए लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हे प्रोपर्टीडीलरों ने भरोसा दिया कि डीटीपीई, तहसील कार्यालय तथा पुलिस में उनकी सेटिंग है। कोई तोडफ़ोड़ नही होगी तो फिर यह तोडफ़ोड़ कैसे हो रही है लेकिन तोडफ़ोड़ की कार्रवाई के दौरान भारी पुलिसबल मौजूद रहने और विरोध कर रहे लोगों व महिलाओं को सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोप में गिरफ्तार किए जाने की धमकी के आगे विरोध करने वाले महिलाएं व लोग पीछे हट गए।

106 वर्षीय उड़नपरी रामबाई ने जीते 4 गोल्डमेडल

उमेश गुप्ता भरोसा मित्र,(सोहना) यहां पर सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ बलबीर गब्दा तथा चेयरपर्सन बबीता यादव और पूर्व नगरपार्षद श्रीमती रेखा रावत ने 106 वर्षीय तथा उडऩपरी दादी के नाम से मशहूर रामबाई के विदेशी धरती पर 4 गोल्डमेडल जीतकर विश्व रिकार्ड बनाने पर खुशी जाहिर करते हुए गोल्डमेडल जीतने वाली उडऩपरी दादी के नाम से मशहूर रामबाई को बधाई दी है। उन्होने बताया कि चरखीदादरी के गांव कादमा की रहने वाली रामबाई ने मलेशिया में सोलह व सत्रह सितंबर को आयोजित की गई वर्ल्ड मास्टर्स चैम्पियनशिप में 100 मीटर तथा 200 मीटर लंबी दौड़ के साथ-साथ गोलाफेक और डिस्कस थ्रो में गोल्डमेडल जीतकर विश्व के मानचित्र पर भारत का नाम रोशन किया है। इससे पहले रामबाई ने बीते वर्ष बैंगलूर में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के दौरान 100 मीटर दौड़ 45.40 सैकेंड में पूरी कर राष्ट्रीयस्तर पर नया रिकार्ड बनाया था। पहले यह रिकार्ड मानकोर के नाम था, जिन्होने 74 सैकेंड में रेस पूरी की थी। उन्होने बताया कि नेशनल रिकार्ड बनाने के बाद उडऩपरी के नाम से मशहूर रामबाई ने पीछे मुडक़र नही देखा और विदेशी धरती पर खेलकर देश के लिए मेडल जीतने का मन में सपना लिए विदेश जाने के लिए अपना पासपोर्ट बनवाया और अपने इस सपने को साकार करके देश का नाम विश्व के मानचित्र पर रोशन करने व अन्य बुजुर्गों को भी प्रेरणा देने का काम किया है।

व्यापारमंडल संघ के आह्वान पर बाजार पूरी तरह बंद

सोहना, उमेश गुप्ता,(भरोसा मित्र) प्रदेश सरकार द्वारा बाजार में रविवार को अवकाश रखे जाने और व्यापारमंडल संघ के आहवान पर चालू महीने के आखिरी रविवार को बाजार में इसका जबरदस्त असर देखने को मिला। दुकानदार अपनी दुकानों की साफ-सफाई करने और पूजा आदि के बाद अपने-अपने घरों पर आ गए। ध्यान योग्य ये है कि व्यापारमंडल संघ ने व्यापारियों से रायशुमारी के बाद हर महीने के आखिरी रविवार को शहर में बाजार बंद रखने का निर्णय लिया है। गौरतलब यह है कि रविवार को बाजार में दुकानें बंद होने से बाजार सूना-सूना रहा और सन्नाटा सा छाया रहा।

लेबरनम पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने जीते गोल्डमेडल

सोहना, उमेश गुप्ता/ भरोसा मित्र। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंडसी स्थित लेबरनम पब्लिक स्कूल के 2 विद्यार्थियों कक्षा 11वीं के छात्र चिराग शर्मा और कक्षा 9वीं के छात्र वंश ने आरईसी नॉर्थन टैलेंट हंट ओपन बॉक्सिंग चैंपियनशिप में एक गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल जीतकर ना केवल अपने स्कूल, परिजनों, क्षेत्र व सोहना का नाम रोशन किया है बल्कि पूरे जिले में प्रथम स्थान हासिल कर एक नया ही इतिहास रच दिया है। विद्यालय में रविवार को आयोजित किए गए प्रतिभा सम्मान समारोह में लेबरनम पब्लिक विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष व जानेमाने शिक्षाविद अनिल कौशिक तथा विद्यालय निर्देशक भरत कौशिक व विद्यालय प्रधानाचार्या डाक्टर भावना छिब्बर ने गोल्ड मेडल व सिल्वर मेडल जीतकर लाने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हे अपने विद्यालय के ऐसे विद्यार्थियों पर नाज है। विद्यालय समिति प्रबंधक व जानेमाने शिक्षाविद अनिल कौशिक भी खेलों व खिलाडिय़ों के प्रति विशेष लगाव प्रदर्शित करते आए है और सदैव खेलों व खिलाडिय़ों को बढ़ावा देने में आगे रहे है। इसी दृष्टिकोण पर आधारित लेबरनम विद्यालय ने शैक्षिक क्षेत्र के साथ-साथ खेलों में भी अपना झंडा लहराया है। उनका यह हमेशा से प्रयास रहा है कि छात्र खेलों व अकादमिक दोनों में प्रतिष्ठित बने एवं अपनी प्रतिभा विकसित कर सर्वांगीण रूप से विकास

श्रीकृष्ण कन्हैया ने भक्तों की रक्षा के लिए राक्षसों का संहार किया : राधारमन महाराज

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहाशिवनगरी सोहना के वार्ड-बीस के तहत लगने वाले गांव सांपकीनंगली आवाजाही वाले सडक़ मार्ग पर स्थित बांध कॉलोनी में बने सामुदायिक केन्द्र प्रांगण में 5वें दिन रविवार को श्रीमदभागवत कथा में विशेष आमंत्रण पर बृजभूमि वृंदावन धाम से आए कथाव्यास राधारमन जी महाराज ने अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं के बीच ज्ञान की गंगा बहाते हुए श्री गिर्राज पूजा और भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का श्रवण कराया और बताया कि श्री कृष्ण कन्हैया ने अपने भक्तों की रक्षा के लिए राक्षसों का संहार और उद्धार किया। उन्होंने कालिया नाग का मर्दन करके बृजवासियों की रक्षा की। गौचारण करने के लिए भगवान श्रीकृष्ण स्वयं ही गौ लोक धाम से धरा धाम पर आए।

इसलिए कृष्ण कन्हैया का एक नाम गोपाल भी है। कथावाचक राधारमन जी महाराज ने श्री कृष्ण महिमा का गुणगान करते हुए कहा कि कृष्ण रूपी कन्हैया ने ग्वाल बालों के साथ माखनचोरी लीला की। कथावाचक राधारमन जी महाराज ने अपने सुरीले कंठ से चीरहरण प्रसंग सुनाते हुए भक्तों को भाव विभोर कर दिया और बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं ही इंद्र का मोह भंग करके बृजवासियों की रक्षा की। इस अवसर पर आज झांकी स्वरूप श्री गिर्राज भगवान का दर्शन दर्शकों को कराते हुए पूजन किया गया। कथावाचक राधारमन जी महाराज ने श्रोताओं के बीच ज्ञान की गंगा प्रवाह करते हुए कहा कि मनुष्य अपने जीवन संग्राम में यदि भगवान श्रीकृष्ण को आदर्श बनाता है तो उसे उनके स्वरूप को भी याद रखना होगा। जैसे प्रभु श्रीकृष्ण विपत्तियों में भी हंसते-मुस्कुराते हुए आगे बढ़ते है, वही समृद्धि और सुख के क्षणों में भी अपने सखा रूपी मित्र सुदामा को नहीं भूलते है। आज श्रीमद भागवत कथा में कथाव्यास का आशीर्वाद लेने आए हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज ने कहा कि शक्तिशाली पक्ष कौरवों के अधर्म के रास्ते पर चलने के कारण उनका साथ देने की बजाय श्रीकृष्ण ने अत्यंत निर्बल, कमजोर लेकिन सच्चाई के मार्ग पर चलने वाले पक्ष का भी ना केवल साथ दिया बल्कि अंत समय तक निभाया भी। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के मुकुट में जो मोर पंख है, वह कला के साथ नृत्य और मस्ती का प्रतीक भी है। यही वजह है कि आसमान में बादल गरजने, उमडऩे पर मोर नाचना शुरू कर देता है। वही कुछ लोग दुनिया में ऐसे भी होते है, जिनको अपार संपदा मिल जाए, फिर भी खुश नही होते है। उन्होंने कहा कि राजा वह है जो उसके पास है, उसी में संतुष्ट रहे। उन्होने अपने ऐच्छिक कोष से 11 हजार रुपए देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार आर्थिक सहयोग का भरोसा दिया।

कथा के मध्य में भक्ति भजनों पर श्रोता भाव विभारे हो झूम उठे और महिलाएं व युवा भजनों की लय पर देर तक थिरकते, नाचते-नृत्य करते रहे। पंडाल में चंहु ओर महिलाओं, पुरूषों, बच्चों को झूमते देख एक बारगी ऐसा प्रतीत हुआ, जैसे समूचा वृंदावन धाम और भगवान श्री कृष्ण कन्हैया साक्षात रूप में यहां विराजमान हो। सामाजिक संस्था उन्नति चेरिटेबल ट्रस्ट के सीईओ व प्रमुख समाजसेवी बलबीर गब्दा, पूर्व नगरपार्षद व भाजपा नेता मुकेश सैनी, चौधरी रामफल अघाना, देविन्द्र शर्मा, पवन शर्मा, भारत भीमवाल, सुनीता सैनी, सीमा सैनी, निर्मला देवी सरोहा, पंडिताईन राजवती शर्मा, सुमन देवी, सोनिया कसाना, सीमा सिसोदिया, रेखा रावत, राजो देवी, गुडडी देवी, ओमवती देवी, श्रीमती आशा देवी की माने तो श्रीमद भागवत कथा प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक हो रही है।

महिलाएं अधिकारों के प्रति जागरूक बनें : निर्मला

(सोहना) उमेश गुप्ता । सोहना नगरपरिषद के वार्ड-21 के तहत नंगली मोड स्थित पार्षद कार्यालय प्रांगण में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस के उपलक्ष्य में महिला जागरूकता सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्यातिथि रूप में मौजूद नगरपार्षद निर्मला सैनी ने महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। नगरपार्षद निर्मला सैनी ने अपने दिली जज्बातों को महिलाओं से सांझा करते हुए कहा कि जब तक आज का नौजवान इस बात को नही समझ पाएगा कि हर युवती उनकी बहन-बेटी के समान है और महिला अथवा बालिका चाहे कोई भी हो उन्हे उनके साथ अच्छा व्यवहार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कानून चाहे कितना कड़ा बना दिया जाए, समाज में जागरूकता लाना अत्यंत आवश्यक है। जब तक हम अपनी प्राचीन भारतीय संस्कृति से युवाओं को अवगत नहीं कराएंगे, शहीदों और क्रांतिकारियों की जीवन गाथा से परिचित नहीं कराएंगे, अपने बच्चों में अच्छे संस्कार पैदा नहीं करेंगे, बच्चों में मानवता और नैतिकता कूट-कूटकर नहीं भरेंगे, तब तक सभी बातें बेमानी है क्योंकि देश में व्याप्त भ्रष्टाचार, लूटखसोट, जातिवाद, अराजकता आदि समस्याओं के प्रति जब तक देश के लोग विशेषकर युवा वर्ग जागृत नहीं होगा, तब तक स्वच्छ समाज की स्थापना दिखावा भर ही रहेगी।

श्रीश्याम मनोहर महोत्सव में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

(सोहना)। सोहना हलका में श्री राधाअष्टमी के पावन अवसर पर श्री श्याम दीवाने मित्र मंडल द्वारा चतुर्थ श्री श्याम मनोहर महोत्सव (विशाल जागरण) का आयोजन किया गया, जिसमें हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे। इस मौके पर श्री श्याम भक्तो एवं श्री श्याम दीवाने मित्र मंडल के सभी सदस्यों ने कांग्रेस नेता पंकज भारद्वाज का पुष्प देकर एवं श्याम बाबा का पटका पहनाकर बड़े हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। कांग्रेस नेता पंकज भारद्वाज ने श्री श्याम दीवाने मित्र मंडल एवं हजारों की तादाद में आए श्री श्याम भक्तो का उनको दिए गए इस स्नेह एवं मान-सम्मान के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर कांग्रेस नेता पंकज भारद्वाज ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने बर्बरीक जी से दान में उनका शीश मांगा और बर्बरीक जी ने अपने शीश का दान भगवान श्रीकृष्ण को किया, तब भगवान श्रीकृष्ण ने बर्बरीक जी को यह आशीर्वाद दिया कि आने वाले कलयुग में यह संसार आपको शीश के दानी के रूप में जानेगा एवं श्री खाटू नरेश के रूप में पूजेगा और जो भी भक्त आपके दरबार में सच्चे मन से आएगा, उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होंगी। कांग्रेस नेता पंकज भारद्वाज ने अपने निजी कोष से श्री श्याम बाबा के जागरण के लिए 31 हजार हजार रुपए की राशि सहयोग के रूप में भेंट की एवं इसके साथ 1100 रुपए की राशि प्रोत्साहन के रूप में प्रमुख भजन गायक विशाल शैली (पटियाला) वाले को भेंट किए। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी मैंबर पंकज भारद्वाज ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यों में हम सभी को बढ़-चढक़र हिस्सा लेना चाहिए और भविष्य में भी हम इस प्रकार के धार्मिक कार्यों के लिए हमेशा तैयार है।

खाटूश्याम संकीर्तन जनसंपर्क ने पकड़ा जोर

उमेश गुप्ता भरोसा मित्र,(सोहना) यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्म राममंदिर प्रांगण में 25 सितंबर को श्री खाटूश्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजन को लेकर जनसंपर्क तेजी से चल रहा है। यहां पर स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा के प्रधान लवली जुनेजा, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष हरीश नंदा राजू, पूर्व नगरपार्षद महेन्द्रप्रताप अरोड़ा, लायंसक्लब के पूर्व प्रधान लायन सुरजीत अरोड़ा, सब्जीमंडी थोक व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान उमेश जुनेजा कोकी, पूर्व नगरपार्षद नगेश मुखी, लायंसक्लब के रिजन चेयरमैन लायन रवि मदान, स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा के पूर्व प्रधान डाक्टर नरेश पाहूजा व विमलेश गोस्वामी, विनीत रत्ड़ा, विपिन मल्होत्रा, सूरज भटेजा, विजय धवन, रोहिन डूडेजा, उमेश वर्मानी, राहुल पपरेजा, दीपक बाली, लोकेश नारंग, विजय अरोड़ा, धीरज वर्मानी, नवीन जुनेजा आदि मोहल्लों व गलियों में घर-घर जाकर सभी को सपरिवार स्थानीय श्री सनातन धर्म राममंदिर प्रांगण में 25 सितंबर को श्री खाटूश्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजन में आने का निमंत्रण दे रहे है।

सोहना में बदले जा रहे हैं बिजली के तार : एसडीओ

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

सोहना। बिजलीनिगम में सोहना सबडिवीजन प्रभारी व एसडीओ मुकेश गौड व अपर अभियंता सुमित गर्ग का कहना है कि बिजली उपभोक्ताओं को अघोषित कटों से छुटकारा दिलाने के लिए बिजलीनिगम ने एक विशेष योजना तैयार कर बिजली आपूर्ति करने वाले बाबा आदम के जमाने के लगे पुरानी व क्षतिग्रस्त तारों को बदलने का कार्य तेजी से चल रहा है। जिससे शहरी क्षेत्र में 15 हजार बिजली उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। बिजलीनिगम ने फिलहाल नगरपरिषद क्षेत्र के तहत लगने वाले सिटी-तीन और सिटी-4 फीडरों के तहत लगने वाले क्षेत्र का चयन बिजली बार बदलने के लिए किया है। रविवार को शहर में शहीद भगत सिंह फौहारा चौक से नगरपरिषद कार्यालय तक केबल बदलने का कार्य सुबह-सवेरे से शुरू किया गया, जो समाचार लिखे जाने तक जारी है। निगम का कहना है कि यह कार्य देर रात तक चलेगा। इसके बाद और वार्डों में भी बिजलीतार बदले जाएंगे। योजना के तहत सभी चार फीडरों पर चालू महीने के आखिरी सप्ताह तक काम पूरा कर लिया जाएगा।

फसल खरीद | मेरी फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर रजिस्ट्रड किसानों को हिदायत दी गई

अनाजमंडी में आज से होगी बाजरे की सरकारी खरीद

एसएमएस के जरिए बताया जाएगा फसल बेचने का दिन

उमेश गुप्ता, भरोसा मित्र

सोहना। स्थानीय मार्किटकमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया की माने तो यहां पर स्थानीय अनाजमंडी में बाजरे की सरकारी खरीद का कार्य 25 सितंबर से शुरू होगा। बाजरा खरीदने वाली सरकारी एजेंसियों को सरकार की तरफ से स्पष्ट निर्देश है कि 25 सितंबर से अनाजमंडी में आने वाले बाजरे की सरकारी खरीद उसी किसान की की जाए, जिन किसानों ने 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर बाजरे की फसल बेचने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है और इस बार सरकार की तरफ से यह भी हिदायतें दी गई है कि जिन किसानों ने 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल पर बाजरे की फसल बेचने के लिए अपना रजिस्ट्रेशन करवाया है, उन किसानों का एक बार और एक दिन में 40 क्विंटल से अधिक बाजरा किसी भी कीमत पर हर्गिज सरकारी खरीद ना किया जाए। स्थानीय मार्किट कमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया ने बताया कि स्थानीय तहसील कार्यालय को निर्देश दिए गए है कि बाजरे की सरकारी खरीद शुरू होने से पहले-पहले तहसील राजस्व सर्कल के तहत आने वाले सभी गांवों के किसानों की बाजरे की फसल खरीदे जाने के लिए गांववाइज रोटेशन बनाकर मार्किटकमेटीसचिव को उपलब्ध कराया जाए और अनाजमंडी में बाजरा बेचने के लिए आने वाले किसानों का किला नंबर आदि वैरीफाई कराने के बाद ही मार्किटकमेटी की तरफ से गेट पास संबंधित किसानों को उपलब्ध कराया जाए। स्थानीय मार्किटकमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया की माने तो इस बार बाजरे की खरीद के लिए ऐसी व्यवस्था की गई है कि गांववाइज रोटेशन सूची को हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्यालय में 25 सितंबर से पहले उपलब्ध करा दिया जाएगा ताकि 'मेरी फसल-मेरा ब्यौरा' पोर्टल में पंजीकृत किए गए किसानों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के जरिए सूचना दी जा सके कि उन्हे कौन सी अनाजमंडी में किस दिन अपनी बाजरे की फसल को लेकर बेचने के लिए आना है और उनके लिए जो दिन निर्धारित किया गया है, उसी दिन उनकी बाजरे की सरकारी खरीद की जाएगी। स्थानीय मार्किटकमेटी के चेयरमैन रहे व भाजपा के सहकारिता प्रकोष्ठ में प्रदेश सहसंयोजक दिनेश शर्मा खेड़लिया ने बताया कि मुख्यमंत्री मनोहरलाल सरकार ने मार्किटकमेटी प्रशासन को निर्देश दिए है कि अनाजमंडी में फसल बेचने के लिए आने वाले किसानों की सुविधा के लिए विश्राम स्थल के साथ-साथ स्वच्छ पेयजल, मंडी परिसर में अच्छी सफाई, पशुओं के लिए स्थान तथा किसानों के शौच आदि जाने के लिए स्वच्छ शौचालय समेत सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाए। यह सभी सुविधाएं फसल खरीद कार्य शुरू होने से पहले अनाजमंडी क्षेत्र में सुनिश्चित बना ली जाए।

पूर्वजों से मिले अच्छे संस्कारों के अनुसार बहन-बेटियों की इज्जत करें : राखी बागड़

उमेश गुप्ता,भरोसा मित्र

(सोहना)। सोहना नगरपरिषद के वार्ड-19 के तहत पुराने बसअडडा क्षेत्र में नगरपार्षद कार्यालय प्रांगण में रविवार को अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस के उपलक्ष्य में महिला जागरूकता सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस मौके पर मुख्यातिथि रूप में मौजूद नगरपार्षद राखी बागड़ी ने अपने बेबाक विचार रखते हुए कहा कि देश में युवा ही समाज में फैली कुकृतियों का दमन कर सकता है। उसमें माददा है कुछ करने का। युवा अपनी काबिलियत को यूं ही जाया ना करे। पूर्वजों से मिले अच्छे संस्कारों पर अमल करते हुए बहन-बेटियों की इज्जत करे और एक ऐसी मिसाल कायम करे कि पूरे विश्व में संदेश जाए कि भारतीय परम्पराएं, संस्कृति वास्तव में सराहनीय है।

हमारा इतिहास इस बात का सदियों-सदियों से साक्षी रहा है कि यहां महिलाओं की पूजा हुई है। उन्हे देवी का रूप माना जाता रहा है। उन्होंने भारत सरकार से मांग की कि कानून ही बदलने से किसी समस्या का समाधान नहीं है बल्कि उस कानून को सही प्रारूप देना और अमल करना सर्वोपरि होना चाहिए। आज देश में हर रोज बहन-

चार साल बाद भी पूरी नहीं हुई सीएम की घोषणा

अंदर देखें



'उड़ता पंजाब' की राह पर मेवात

अंदर देखें

खबर फटाफट

श्रीगणेश मंदिर में गणेशोत्सव पर की गई पूजा-अर्चना

गुरुग्राम। न्यू कालोनी स्थित श्री गणेश मंदिर परिसर में रविवार को प्रातः हवन-यज्ञ का आयोजन कर भगवान श्री गणेश को विधि-विधान से गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस तू जल्दी के उद्घोष के साथ विदा किया। इस मौके पर मंदिर कमेटी के पदाधिकारियों, गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पूजा-अर्चना की गई और सुख-समृद्धि के लिए यज्ञ में आहूति डाली गई। कमेटी के प्रधान राजेश चांदना ने बताया कि पंडित मनीष दुबे ने मंत्रोच्चार के साथ हवन-यज्ञ संपन्न कराया। भगवान श्रीगणेश की न्यू कालोनी के विभिन्न क्षेत्रों से परिक्रमा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में शामिल श्रद्धालु भजनों पर झूमते रहे। विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जय मुंजाल, संजय पाहूजा, लोकेश भल्ला, मदनलाल सतीजा, सुभाष ठक्कर, बजरंग सोनी, नवीन आनंद, चंदर टुटेजा, न्यू कालोनी सेंटर ग्राउण्ड आरडब्ल्यूए के प्रधान दलीप लूथरा, महासचिव संजय मदान, ओम स्वीट्स राजू कथूरिया, खुशीराम नागपाल, संजय नागपाल, राजकुमार सहित गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक ने नई शाखा खोलकर किया विस्तार

गुरुग्राम। बैंकिग क्षेत्र में कार्यरत उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (यूएसएफबीएल) ने साउथ सिटी 2 क्षेत्र में नई शाखा का उद्घाटन किया है, जिससे अब हरियाणा में 33 बैंकिंग शाखाएं हो गई हैं। बैंक के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने बताया कि बैंक की शाखा का उद्घाटन आमजन को वित्तीय क्षेत्र में सहायता उपलब्ध कराना है, ताकि आमजन अपने रोजगार को अधिक तेजी के साथ आगे बढ़ा सकें। बैंक बचत और चालू खाते, सावधि जमा और आवर्ती जमा के साथ-साथ आवास ऋण, व्यवसाय ऋण और संपत्ति के खिलाफ ऋण जैसे विभिन्न लोन शामिल हैं। अपनी शाखा संरचना, डिजिटल बैंकिंग क्षमताओं और एटीएम नेटवर्क के साथ, बैंक एकीकृत ग्राहक सेवा प्रदान करता है। एटीएम, इंटरनेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) और कॉल सेंटर जैसे कई चैनलों के माध्यम से बैंकिंग तक पहुंच सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब बैंक के देश भर में 26 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 871 बैंकिंग शाखाएँ हैं।

ब्रह्माकुमारीज की जनसंपर्क एवं मीडिया कर्मियों की संगोष्ठी का हुआ समापन

गुरुग्राम। धार्मिक संस्था ब्रह्माकुमारीज के बिलासपुर स्थित ओम शांति रिट्रीट सेंटर में चल रहे जनसंपर्क एवं मीडिया कर्मियों के लिए आयोजित संगोष्ठी का समापन हुआ। संगोष्ठी में जनसंपर्क और मीडिया से जुड़े गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए। कार्यक्रम में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के महाप्रबंधक, गुरुमुख भावा ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से पहले हमें स्पिरिचुअल एनरिचमेंट की जरूरत है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल भौतिक उन्नति का माध्यम है। सर्वोच्च न्यायालय की वरिष्ठ अधिवक्ता प्रियदर्शनी ने कहा कि आज हम एक ग्लोबल फैमिली हैं। इसलिए हमारे कंट्रोल में होना चाहिए कि हमें विश्व को क्या देना है। आज सबके पास ज्ञान है, लेकिन सही से उसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं हैं। दिव्या मिगलानी ने कहा कि मीडिया सूचनाओं के आदान-प्रदान का एक माध्यम है। मीडिया में हम जो भी देखते हैं, वो हमारे विचारों को प्रभावित करता है। इसलिए मीडिया की ये जिम्मेवारी है कि वो क्या दिखाता है। मीडिया सकारात्मक क्रिएटिविटी के साथ समाज को प्रेरित कर सकता है। जितेंद्र भार्गव ने कहा कि उन्हें स्पिरिचुअल स्ट्रेंथ के कारण ही किताब लिखने की प्रेरणा मिली। उन्होंने कहा कि आध्यात्मिकता आपको सच के रास्ते पर ले जाती है।और जहां सत्य है वहां जीवन से भय और डर समाप्त हो जाता है। संस्था के मीडिया प्रभाग के राष्ट्रीय संयोजक बीके सुशांत ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं कि हम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में जी रहे हैं।

बेटियों को दिलाएं बेहतर शिक्षा : कवातरा

गुरुग्राम। अंतर्राष्ट्रीय बेटी दिवस पर शिक्षाविद् डीएन कवातरा ने कहा कि बेटियां भगवान के द्वारा भेजा गया एक अनमोल उपहार हैं, जो हमारे घर-आंगन को खुशियों से भर देती है। बेटियों मासूम किलकारियों से घर रोशन होता है। जन्म लेती हैं तो मां-बाप का घर रोशन करती हैं और दूसरे घर जाती हैं तो पति की जिंदगी में खुशियों के फूल बिखेर देती हैं। उन्होंने कहा कि 'क्या लिखूं वो परियों का रूप होती हैं या कडे ती ठंड में सुहानी धूप होती हैं वो होती है उदासी की मरजकी हर दवा की तरह या उसम हवा में शीतल हवा की तरहं', वो जिंदगी का सही जीने का आचरण है वो ताकत जो छोटे से घर को महल करदे वो काफिया जो किसी गे.ल को मुकम्मल कर दे वो अक्षर जो न हो तो वर्णमाला अधूरी है' 'ये नहीं कहूंगा कि वो हर वक्त सांस सांस होती है बेटियां तो वो हैं जो अहसास होती हैं।' उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे अपनी बेटियों को बेहतर शिक्षा दिलाएं ताकि वे परिवार और देश का नाम रोशन कर सकें।

14 सितंबर तक उठा सकते हैं फ्री आधार कार्ड अपडेट स्कीम का लाभ

गुरुग्राम। जिले में जिन नागरिकों का आधार कार्ड 10 वर्ष अथवा उससे पहले बना है ऐसे नागरिक अपने आधार में आनलाईन निशुल्क अपडेट कर सकते है जिसकी समय सीमा बढ़ा कर अब 14 दिसम्बर 2023 कर दी गई है। इसके साथ साथ यह कार्य नागरिक किसी भी पंजीकृत आधार केन्द्र पर 50 रूपये का शुल्क देकर भी करा सकता है। उक्त जानकारी एडीसी हितेश कुमार मीणा ने आधार कार्य कार्ड कार्यों के लिए गठित जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक में दी। उल्लेखनीय है कि राज्य में आधार कार्ड से सम्बन्धित कार्यों के लिए जिला स्तर पर निगरानी समितियां गठित की गई है।

कांग्रेस के खिलाफ सड़क पर उतरी भाजपा

प्रदर्शन कर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान का पुतला फूंका

खबरों में बने रहने के लिए ओछी राजनीति पर उतरे कांग्रेस के नेता : गार्गी कक्कड़

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के विवादित बयान के बाद हरियाणा भाजपा भड़की हुई। प्रदेश में जगह-जगह उदयभान के पुतले फूंके जा रहे हैं। रविवार को गुरुग्राम भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अगुवाई में कार्यकर्ताओं ने अग्रवाल चौक पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का पुतला फूंका। भाजपाईयों ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस के नेता मानसिक संतुलन खो चुके हैं, इसलिए उल जूलल बयानबाजी कर रहे हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं में उदयभान के बयान से काफी रोष है, इसलिए आज सभी कार्यकर्ता अग्रवाल चौक पर एकत्रित हुए। कार्यकर्ताओं ने पहले भारत माता की जय, मोदी जिंदाबाद, भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए और फिर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के बयानों की जमकर निंदा करते हुए उनके पुतले को आग के हवाले कर दिया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने प्रधानमंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री पर की गई टिप्पणी को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व को चाहिए कि ऐसे व्यक्ति के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री पर निंदनीय टिप्पणी की है। कांग्रेस के नेता अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। कांग्रेस परिवारवाद में डूबी पार्टी है और परिवारवाद की मानसिकता के गुलाम लोग नहीं समझ पाएंगे कि देश के 140 करोड़ लोगों को प्रधानमंत्री और हरियाणा के पौने तीन करोड़ लोगों को मुख्यमंत्री मनोहर लाल अपना परिवार मानते हैं। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने तपस्वी का जीवन जीते हुए अपना सब कुछ समाज के लिए समर्पित कर दिया है। जिला अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस नेताओं को न तो संवैधानिक पदों की गरिमा का पता है और न ही उन्हें भाषा की मर्यादा का ज्ञान है। उन्होंने कहा कि कांग्रेसियों के इन घटिया बयानों को जनता भी सुन रही है, इसलिए आने वाले समय में कांग्रेस निश्चित तौर पर रसातल में चली जाएगी जो चिराग लेकर ढूंढने पर नहीं मिलेगी। उदयभान के इस शर्मनाक बयान पर कांग्रेस पार्टी के नेतृत्व राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडे`, सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत तमाम कांग्रेस पार्टी नेताओं को उदयभान के निंदनीय बयान पर माफी मांगनी चाहिए। इस मौके पर जिला महामंत्री मनीष गाडौली, महेश यादव, जिला उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा, ज्योति डेम्बला, सोनिया यादव, जितेंद्र चौहान,हर्षवर्धन मित्तल, गौरव चुघ, प्रियव्रत कटारिया, नीरज यादव, अशोक मुंडा खेड़ा, अंजली मिश्रा, दीपचंद फौजी, सहित अन्य सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नारकीय जीवन जीने को मजबूर सेक्टर 46 के लोग

टूटी सड़कें, बिजली किल्लत और गंदगी से परेशान

सेक्टरवासी बोले, समस्याओं का जल्द समाधान नहीं होने पर करेंगे प्रदर्शन

पाताल उपाध्याय, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। वैसे तो गुरुग्राम को मिलेनियम सिटी कहा जाता है लेकिन सुविधाओं के नाम पर यहां सिर्फ खानापूर्ति ही की जा रही है । जी हाँ हम बात कर रहे है गुरुग्राम के सेक्टर 46 की जहां लोग मूलभूत सुविधाओं को तरस रहे है आपको बता दें कि सेक्टर 46 गुरुग्राम का सबसे बड़ा सेक्टर है इसके बावजूद यहां पर मूलभूत सुविधाएं जीरो है टूटी सड़कें, गड्ढे ,जगह-जगह सीवर ओवरफ्लो ,बिजली किल्लत, साफ सफाई और कई ऐसी समस्याएं है जिससे रोज सेक्टरवासी झूझते रहते है ! सेक्टर 46 आरडब्ल्यू के प्रधान आर के यादव ने बताया कि समस्याओं को लेकर हमने कई बार लगभग सभी विभागों में शिकायत दे चुके है लेकिन आज तक किसी भी विभाग से न तो कोई कर्मचारी और न ही कोई अधिकारी सेक्टर में नहीं आए । उन्होंने बताया कि शाम होते ही सेक्टर की अधिकांश सड़कें अँधेरे में डूब जाती है क्योकि सेक्टर में जितनी भी स्ट्रीट लाइट लगी हुई है उनमे से 90

70 प्रतिशत सड़कों की हालत खस्ता

सेक्टर की 70 प्रतिशत सड़कें खस्ताहाल में है इन सड़कों पर आधा-आधा फीट के गड्ढे बन गए है ! ऐसे में सड़कों पर वाहन लेकर तो दूर पैदल चलना भी दूभर है सेक्टर में एक प्लाट की कीमत ते रीबन दो लाख रुपए प्रति गज है इतने महंगे घरों के सामने गहरे-गहरे गड्ढे होने से सेक्टर का नाम खराब हो रहा है नगर निगम को कई बार से कों की जर्जर हालत के बारे में बताया गया है लकिन आज तक कोई सुनवाई नहीं हुई है।

साफ सफाई व्यवस्था चौपट



अगर बात सेक्टर में सफाई व्यवस्था की करें तो इको ग्रीन की गाड़ियां कूड़ा उठाने रोज नहीं आती हालात ये है कि कभी 3 दिनों में घरों से कूड़ा उठता तो कभी कभी तो सात सात है शिकायत करने के बावजूद नगर निगम कंपनी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा रोज कूड़ा नहीं उठने से मजबूरीवश लोगों को खली प्लाट में कूड़ा फैंकना पड़ता है वहीं बारिश के मौसम में कूड़े स बीमारियों का खतरा भी बना रहता है ।

समस्याओं का तुरंत समाधान करें अधिकारी: सुधीर सिंगला

विधायक ने अर्जुन नगर में सुनीं लोगों की समस्याएं

भरोसा मित्र डेस्क

गुरुग्राम। गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने अर्जुन नगर क्षेत्र में लोगों की समस्याओं को सुना। मौके पर मौजूद अधिकारियों समाधान के निर्देश दिये। विधायक ने भरोसा दिलाया कि समस्याओं का जल्द से जल्द हो जाएगा समाधान।

विधायक सुधीर सिंगला के समक्ष लोगों ने सफाई समेत कई मुद्दे उठाए। विधायक ने सभी का जल्द से जल्द समाधान कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि हमारे स्वस्थ का तरीका स्वच्छता है। हमें अपने आसपास गंदगी फैलने से रोकनी चाहिए। उन्होंने कहा कि अगर हर परिवार, हर घर अपने कैंपस से सफाई करके गंदगी को सडे ों पर फैंक देते हैं। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का मतलब यह नहीं हो सकता। स्वच्छता हमारी आदत होनी चाहिए। हमें निर्धारित स्थलों पर कूड़ा डालकर अच्छे नागरिक होने का परिचय देना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिजली, पानी, सीवरेज, सड़कों पर संबंधित एजेंसियों द्वारा काम किया जा रहा है। बरसात में टूटी सड़कें पर पैच वर्क हो रहा है। सीवरेज की मशीनों से सफाई करवाई जा रही है। विधायक ने कहा कि हम ऐसे शहर में रहते हैं, जिसकी पूरी दुनिया में पहचान है। यहां की छवि को बेहतर बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

कोई भी ऐसा काम हमें नहीं करना चाहिए, जो कि हमारे शहर की साख को खराब करे। विधायक सुधीर सिंगला ने नगर निगम अधिकारियों को स्वच्छता पर भी अधिक ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अवैध खत्ते अगर कहीं हों तो उन्हें बंद करवाया जाए। गंदगी के लिए स्थान निर्धारित हो। इस दौरान सुमेर सिंह तंवर, सीमा पाहुजा, मनोज गर्ग, राहुल हसीजा, विनोद वर्मा, सुरेश, कमल, चुन्नीलाल, दिनेश शर्मा, प्रवीण बजाज, राजेंद्र, धीरज अदलखा, नंदलाल, ज्ञानेश्वर व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

दो चेन झपटमारों व चेन खरीदने वाले सुनार को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गुरुग्राम। बाईक पर सवार होकर चेन स्नेचिंग करने की आधा दर्जन वारदातों को अंजाम देने वाले 2 युवकों व छीनी गई चेन को खरीदने वाले सुनार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से बाइक, 2 हेलमेट, एक लाख 27 हजार 500 रुपयों की नगदी, गोल्ड पिंघलाने में प्रयोग किए जाने वाला सिलेण्डर व कार बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 17 सितम्बर को पुलिस थाना सैक्टर 53 को सूचना मिली कि आरडी सिटी के गेट नम्बर-3 के पास बाईक पर सवार 2 युवकों ने एक महिला के गले से चेन झपट ली है। पुसि मौके पर पहुंची तो वहां मौजूद बिनीता नामक पीड़ित महिला ने पुलिस को बताया कि वह मॉर्निंग वॉक करते हुए जब मकान नम्बर 138/52 के पास पहुँची तो मोटरसाईकिल पर सवार होकर आए 2 व्यक्ति उसके गले से गोल्ड चेन झपटकर ले गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर चेन झपटने वाले 02 आरोपियों अजय व शुभम तथा छीनी गई चेन को खरीदने वाले सुनार नवकुमार को काबू कर लिया। प्रवक्ता ने बताया कि आरोपियों से पुलिस पूछताछ में ज्ञात हुआ कि आरोपी अजय एम्बुलेंस चलाने का काम करता है व आरोपी शुभम जोमेटो ड्राईविंग का काम करते है। दोनों करीब 01 वर्ष पहले गुरुग्राम में एक मॉल में मिले थे और दोस्ती हो गई। बीते पिछले करीब 40/45 दिनों में उन्होंने गुरुग्राम में बाईक पर सवार होकर स्नेचिंग, लूटपाट, छीनाझपटी की कुल 6 वारदातों को अंजाम देने का खुलासा किया है।

अमृत कलश यात्रा : महिलाओं ने देशभक्ति की जगाई अलख

गुरुग्राम। डीसी निशांत कुमार यादव के मार्गदर्शन में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अंतर्गत आज रविवार को जिला के गांव गढी बाजिदपुर, बाढसा, चंदू, चमनपुरा, घंघोला, सधराना सहित कई गांवों में धूमधाम से अमृत कलश यात्रा निकाली गई। इस यात्रा में ग्रामीण महिलाओं ने पारंपरिक पहनावे में सिर पर पवित्र कलश रखकर देशभक्ति के गीत गाए और शहीदों को प्रणाम किया। गुरूग्राम के एडीसी हितेश कुमार मीणा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि हर घर से महिलाओं ने कलश लाकर उसममें मिट्टी व चावल एकत्रित किए। उन्होंने बताया कि मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम ग्रामस्तर पर एक सितंबर से 30 सितंबर तक, खंडस्तर पर 1 अक्तूबर से 13 अक्तूबर तक एवं राज्य स्तर पर 22 से 27 अक्टूबर तक आयोजित किया जाएगा। इसके बाद 28 से 30 अक्तूबर तक राष्ट्रीय स्तर पर इस कार्यक्रम को मनाया जाएगा। लोगों में आजादी के अमृत महोत्सव का उत्साह जगाने के उद्देश्य से मनाए जा रहे इस कार्यक्रम में घर - घर से मिट्टी व चावल कलश में एकत्रित किए जा रहे हैं। गांव सधराना, गढी बाजिदपुर, चमनपुरा, बाढ़सा, चंदू, घंघोला इत्यादि में आज कलश यात्रा में महिलाएं, आंगनबाडी वर्कर, आशा वर्कर, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, जल स्वच्छता समिति के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि व ग्राम सचिव ने भाग लिया।

आज श्रद्धालु व्रत रखकर मनाएंगे परिवर्तिनी एकादशी

गुरुग्राम। भारत त्यौहारों का देश माना जाता है। हर दिन कोई न कोई पर्व होता ही रहता है, जिनमें सनातनी परिवार बढ़-चढे र भाग लेते हैं। आज सोमवार को परिवर्तिनी एकादशी का आयोजन किया जाएगा। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि एकादशी आज प्रातः 7 बजकर 56 से शुरु होकर कल प्रातः 5 बजे तक है। उनका कहना है कि एकादशी का व्रत श्रद्धालुओं को रखना चाहिए। एकादशी व्रत के पुण्य के समान और कोई पुण्य नहीं है। जो पुण्य सूर्यग्रहण में दान से होता है, उससे कई गुना अधिक पुण्य एकादशी के व्रत से होता है। जो पुण्य गौ-दान सुवर्ण - दान, अश्वमेघ यज्ञ से होता है, उससे अधिक पुण्य एकादशी के व्रत से होता है। एकादशी करने वालों के पितर नीच योनि से मुक्त होते हैं और अपने परिवारवालों पर प्रसन्नता बरसाते हैं। इसलिए यह व्रत करने वालों के घर में सुख - शांति बनी रहती है। धन-धान्य , पुत्रादि की वृद्धि होती है। कीर्ति बढ़ती है , श्रद्धा-भक्ति बढ़ती है, जिससे जीवन रसमय बनता है। परमात्मा की प्रसन्नता प्राप्त होती है।

उनका कहना है कि पूर्वकाल में राजा नहुष, अंबरीष, राजा गाधी आदि जिन्होंने भी एकादशी का व्रत किया, उन्हें इस पृथ्वी का समस्त ऐश्वर्य प्राप्त हुआ। भगवान शिवजी ने नारद से कहा है एकादशी का व्रत करने से मनुष्य के सात जन्मों के पाप नष्ट हो जाते हैं, इसमे कोई संदेह नहीं है। एकादशी के दिन किये हुए व्रत, गौ - दान आदि का अनंत गुना पुण्य होता है।

कार्यक्रम | सेवा पखवाड़े के तहत लगाया निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

पीएम मोदी का जीवन अनुकरणीय, वंदनीय, प्रेरणीय : सीकरी

फिरोज गांधी कालोनी में मां-बेटी स्वच्छता व जागरुकता अभियान चलाया

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 73 वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़े के तहत आयुष्मान दिवस धूमधाम से मनाया गया। बच्चों के लिए स्कूल में जहां पैंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, वहीं उन्हें स्वच्छता व संस्कारों की जानकारी दी गई, ताकि बच्चे बड़े होकर देश के सभ्य नागरिक बन सकें और देश की तरक्की में अपना योगदान दे सकें। पंजाबी बिरादरी महासंगठन के अध्यक्ष व सीएसआर ट्रस्ट के उपाध्यक्ष बोधराज सीकरी ने बताया कि अंबेडकर नगर स्थित नीलकंठ पाठशाला, बसई स्थित द सैंडी एकेडमिक स्कूल, मदनपुरी स्थित भगवती विद्या मंदिर में पैंटिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई जिसमें डा. वीना अरोड़ा, ईशांत थरेजा, ऊष्मा सचदेवा का सहयोग रहा। फिरोज गांधी कालोनी में मां-बेटी स्वच्छता व जागरुकता अभियान चलाया गया। प्रतियोगिता में 300 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। अंबेडकर नगर में डा. रेखा ने बच्चियों व महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने बताया कि स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए। सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया गया। सीकरी ने बताया कि पंजाबी बिरादरी महासंगठन और डेरावाल बिरादरी द्वारा डेरावाल भवन विजय पार्क प्रताप नगर में मेदांता अस्पताल के सहयोग से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 350 पंजीकरण हुए। रोगियों के स्वास्थ्य की जांच डा. एसके तनेजा, डा. राहुल यादव, डा करण, डा. हिमांशु, डा पवन, डा. कपिल वर्मा, डा. रमन गुप्ता, डा. निखिल मिश्रा, डा करीम, डा. हर्षित सबरवाल ने की। दवाईयां मैनकाइंड द्वारा दी गई। रोगियों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कार्यक्रम में पंजाबी बिरादरी महासंगठन के वरिष्ठ उप प्रधान व डेरावाल बिरादरी गुरुग्राम के मुख्य संरक्षक ओम प्रकाश कथूरिया, डेरावाल बिरादरी के प्रधान रमेश चुटानी द्वारा चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। आयोजन को सफल बनाने में राम लाल ग्रोवर, धर्मेंद्र बजाज, सुभाष अदलखा, सुभाष गांधी, रमेश कामरा, सुभाष नागपाल, अनिल कुमार, रवि मनोचा, उमेश ग्रोवर, अशोक आर्य, हेमंत मोंगिया, भारत भूषण आर्य, राज कुमार कथूरिया, सुखदेव, लेख राज चावला, नरेश चावला, रमेश कुमार, हरीश शर्मा, तिलक राज बांगा, ज्योत्सना बजाज, शशि बजाज, आशा रानी, गीता, अलका शर्मा, ज्योति वर्मा, रचना बजाज, सुषमा आर्य, रीता रानी, रजनी, सीमा कपूर आदि का सहयोग रहा।

मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उठाएं लाभ : निशांत कुमार

एमके अरोड़ा, भरोसा मित्र

गुरुग्राम।डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। अब लाभार्थियों को विवाह के ऑनलाईन पंजीकरण करवाने के उपरान्त ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है। डीसी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ऑनलाईन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने उपरान्त ही विवाहित कन्या के माता-पिता को उक्त योजना का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको कन्या विवाह शगुन योजना के अर्न्तगत 71 हजार रूपये का लाभ दिया जाएगा। सभी वर्गो की विधवाओं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रूपये से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रूपये का अनुदान दिया जाएगा।

डीसी ने बताया कि बी.पी.एल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रूपये का अनुदान मिलेगा।

खबर फटाफट

श्री श्याम मनोहर महोत्सव का आयोजन

तावडू। शहर के रेवाडी रोड पर स्थित खाटू वाले श्रीश्याम बाबा के मंदिर में श्री राधा अष्टमी के पावन अवसर पर श्री श्याम दीवाने मित्र मंडल द्वारा चतुर्थ श्री श्याम मनोहर महोत्सव विशाल जागरण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार भारद्वाज के अनुज प्रमुख समाज सेवी एवं पीसीसी सदस्य हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी पंकज भारद्वाज ने अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया। श्री श्याम भक्तो एवं श्री श्याम दीवाने मित्र मंडल के सभी सदस्यों ने पंकज भारद्वाज का पुष्प देकर एवं श्याम बाबा का पटका पहनाकर बड़े हर्षोल्लास के साथ स्वागत किया। पंकज भारद्वाज ने श्री श्याम दीवाने मित्र मंडल एवं हजारों की तादाद में आए श्री श्याम भक्तों का उनको दिए गए इस स्नेह एवं मान सम्मान के लिए उनका हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पंकज भारद्वाज ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि जब भगवान श्री कृष्ण ने बर्बरीक जी से दान में उनका शीश मांगा ओर बर्बरीक जी ने अपने शीश का दान भगवान श्री कृष्ण को किया तब भगवान श्री कृष्ण ने बर्बरीक जी को यह आशीर्वाद दिया था कि आने वाले कलयुग में यह संसार आपको शीश के दानी के रूप में जानेगा एवं श्री खाटू नरेश के रूप में पुजेगा। जो भी भक्त श्रीश्याम बाबा के दरबार में सच्चे मन से आएगा उसकी सभी मनोकामना पूर्ण होंगी। पंकज भारद्वाज ने अपने निजी कोष से श्री श्याम बाबा के जागरण के लिए 31 हजार रुपए की राशि सहयोग के रूप में भेंट की। पंकज भारद्वाज ने कहा कि इस प्रकार के धार्मिक कार्यों में हम सभी को बढ़ चढे र हिस्सा लेना चाहिए और भविष्य में भी हम इस प्रकार के धार्मिक कार्यों के लिए हमेशा तैयार हैं। इस दौरान सम्पूर्ण क्षेत्र बाबा श्याम के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर पंकज भारद्वाज के साथ पूर्व हैफेड चैयरमेन राजेश सहरावत उर्फ रज्जू चैयरमेन, समाज सेवी एवं श्रीश्याम भक्त आनंद अग्रवाल, नीरज सोनी, गोल्डी मंगला, सुनील मंगला, चिराग गर्ग, सुमित सिंगला, दीपक गोयल, आयुष गर्ग, सैफी गर्ग, दीपांशु मंगला, चिराग सिंगला आदि मौजूद रहे।

गाय हमारी ही नहीं, विश्व की माता है : रोशन लाल

तावडू। उपमंडल के गांव खोरी कलां के विजय नगर स्थित श्री कृष्ण गौशाला में रविवार को गाय की महिमा का गुणगान करते हुए गौभक्त रोशन लाल ने कहा कि गोमाता की जितनी सेवा की जाए कम है। गौ का दूध व गोबर हीरे से भी अधिक बेशकीमती है। इसके पंचगव्य से असाध्य बीमारियों से छुटकारा पाया जा सकता है। गोपालन स्वाथ्य लाभ तो देता ही है साथ में रोजगार भी सृजित होते है। उन्होंने कहा कि वेद कहते हैं गावोह- विश्वस्य- माता यानि गाय हमारी ही नहीं विश्व की माता है। लेकिन आज गाय माता को काटा जाता है। उसका मास निर्यात किया जाता है। आज हमारे जीवन में सब कुछ होते हुए भी कष्ट ही कष्ट हैं। हम गौ माता, गायत्री माता, गंगा मा, संतों की महिमा हमारे जीवन में इन चारों के सेवन से शिष्टाचार आएगा। आज देश में व्यवस्था ठीक नहीं, जिसका मुख्य कारण हम उक्त चारों का सेवन नहीं कर पा रहे हैं।

धड़ल्ले से बिक रहा प्रतिबंधित आक्सीटॉक्सिन इंजेक्शन

तावडू । पशुओं में दूध की मात्रा बढाने वाला आक्सीटॉक्सिन इंजेक्शन पर प्रतिबंध के बावजूद नगर व क्षेत्र में धडल्ले से बिक रहा है। आए दिन मांग बढने की जानकारी लेने पर बताया गया कि अब इसका प्रयोग सब्जियों एंव फलों का आकार बढाने के लिए और वजन बढाने के लिए भी किसानों द्वारा किया जा रहा है। इसके प्रयोग से सब्जी और फलों का आकार बहुत जल्दी बढ जाता है ,लेकिन उनमें पौष्टिकता नही होती है। गर्मी में सब्जी और फलों की पैदावार प्रभावित होने से परेशान किसान अब पैदावार बढाने के लिए आक्सीटॉक्सिन इंजेक्शन का प्रयोग कर रहे है। मांग बढने के कारण शहर से लेकर गांव की छोटी-छोटी दुकानों में भी आक्सीटॉक्सिन इंजेक्शन की बिक्री धडल्ले से हो रही है। इंजेक्शन के दुष्प्रभाव से बेखबर अनपढ किसान कम समय में सब्जी एंव फल का आकार बढाने के लालच में इस इंजेक्शन का प्रयोग कर रहे है। वहीं ग्रामीण व डेयरी चलाने वाले भी आक्सीटॉक्सिन इंजेक्शन का प्रयोग पशुओं पर मात्र इसी लालच में कर रहे है कि उनके पशु दूध अधिक मात्रा में दे। क्षेत्र के समाजसेवी एवं डाक्टर राम अवतार चौधरी ने बताया कि आक्सीटाक्सिन इंजेक्शन एक हारमोनल इंजेक्शन है, जो पशुओं में जहां दूध की मात्रा बढाता है। वहीं इसके प्रयोग से सब्जियों एंव फलों का आकार और वजन भी बढ जाता है। इंजेक्शन लगाकर निकाला गया दूध, सब्जी और फल मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। आक्सीटॉक्सिन इंजेक्शन युक्त दूध, सब्जी व फल खाने से हारमोन का बनना कम हो जाता है।

मेवात के युवाओं में लगातार बढ़ती जा रही है नशे की लत

'उड़ता पंजाब' की राह पर मेवात

छोटी उम्र से ही नशे का शिकार होने लगे हैं मेवात के बच्चे

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । आज के दौर में मेवात में नशे का प्रचलन बढ़ता जा रहा है। मेवात का युवा नशे का शिकार हो रहा है। आज नशा मेवात में अपने पैर पसार चुका है। मेवात में छोटी उम्र के बच्चों को भी नशा करते देखा जा सकता है। नशे की लत में मेवात का भविष्य खतरे में पड चुका है। अगर यही हालात रहे तो आने वाले 10 सालों में मेवात नशे की गिरफ्त में आकर पूरी तरह खत्म हो जाएगा। आज मेवात का युवा अनेकों तरह के नसों में लिप्त होकर अपना भविष्य बर्बाद कर रहा है।



शिक्षा का अभाव और बेरोजगारी है नशे की बड़ी वजह

आपको बता दें कि मेवात में कोई यूनिवर्सिटी नहीं है। जिसके कारण यहां शिक्षा का अभाव है। शिक्षा का अभाव और बेरोजगारी मेवात के युवाओं में नशे की लत लगने का एक बड़ा कारण है। मेवात का युवा रोजगार न होने के कारण डिप्रेशन का शिकार होकर नशे की तरह बढ़ता जा रहा है। शिक्षा के अभाव और बेरोजगारी के कारण नशा तस्करों के लिए मेवात का युवा एक आसान टारगेट बनता जा रहा है। इसी डिप्रेशन के कारण मेवात के युवा आसानी से नशा तस्करों के झांसे में आ जाते हैं। जिससे नशे की गिरफ्त में आकर पूरी तरह अपना भविष्य बर्बाद कर रहे हैं।

अलग-अलग तरह के करते हैं नशा

मेवात का युवा अलग-अलग तरह का नशा करके मेवात को उड़ता पंजाब की राह पर ले जा रहा है। एक वक्त पर जैसे पंजाब का युवा नशे की गिरफ्त में था उसी तरह अब मेवात का युवा भी नशे का शिकार हो रहा है। नशे के लिए इंजेक्शन, कोरेक्स, तंबाकू, शराब, ड्रग्स, गांजा, चरस हर तरह का नशा आज मेवात के युवाओं तक बड़ी आसानी से पहुंच रहा है। जिससे मेवात बर्बादी की राह पर है। मेवात में हर गांव में मेवात के कुछ दबंग लोग नशे को आसानी से ऐसे युवाओं तक पहुंचा रहे हैं जो शिक्षा का अभाव और बेरोजगारी को झेल रहा है। ऐसे दबंग लोग पहले ऐसे युवाओं को टारगेट बनाते हैं और फिर उन तक आसानी से नशे की वस्तुएं पहुंचाते हैं ताकि वह नशे की गिरफ्त में आ सके।

ज्यादातर ट्रक ड्राइवर करते हैं नशे का उपयोग

आपको बता दे की मेवात का युवा शिक्षा के अभाव और बेरोजगारी के चलते ज्यादातर ट्रक चलाने का काम करते हैं। महीनो तक घरों से बाहर रहते हैं। परिवार से दूर रहकर डिप्रेशन में आकर ड्रग्स लेने लगते हैं। कई रातों तक जागने के लिए ड्रग्स का प्रयोग करते हैं ताकि ज्यादा पैसे परिवार के लिए कमा सकें। लेकिन इस तरह वह नशे के शिकार हो जाते हैं और जब मेवात लौटते हैं तो दूसरों को भी नशे का शिकार बनाने लगते हैं जिस वजह से मेवात में नशा अपने पैर पसार रहा है।

नशे के कारोबार के खिलाफ कार्रवाई की मांग

मेवात के सामाजिक संगठनों और मौजीज लोगों ने मेवात पुलिस कप्तान नरेंद्र बिजारणिया से मांग करते हुए कहा कि मेवात के गांव में नशे का कारोबार करने वाले लोगों की दुकाने खुली हुई हैं। नशे का कारोबार करने वाले कुछ दबंग लोग हैं जिनकी शिकायत करने पर शिकायतकर्ता को ही खामियाजा भुगतना पड़ता है। अगर पुलिस प्रशासन गांवों में नशे के खिलाफ कमेटीया बनाकर अभियान चलाए तो नशे को रोकने में काफी बड़ी सहायता मिल सकती है। जिससे मेवात के युवाओं के भविष्य को अंधकार में जाने से बचाया जा सकता है।

चार साल बाद भी पूरी नहीं हुई सीएम की घोषणा

मुख्यमंत्री ने नगीना कॉलेज के लिए साइंस ब्लॉक, आर्ट ब्लॉक, एम ए ब्लॉक और लाइब्रेरी के लिए की थी घोषणा

कॉलेज प्रशासन ने जिला प्रमुख जान मोहम्मद से की सीएम की घोषणाओं को पूरा कराने की मांग

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । प्रदेश सरकार और जिला प्रशासन जहां प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई घोषणाओं पर काम करने के लिए जोर दे रहा है। वहीं मेवात के राजकीय महाविद्यालय नगीना के लिए लगभग चार साल पहले की गई घोषणाएं आज भी पूरा न होने से कॉलेज प्रशासन व कॉलेज के छात्र-छात्राओं में सीएम की घोषणाओं को पूरा न होने से उनके चेहरे पर मायूसी देखने को मिल रही है। कॉलेज प्रशासन ने सीएम की घोषणाओं को पूरा करने के लिए मेवात के जिला प्रमुख जान मोहम्मद को कॉलेज परिसर में बुलाकर उनके साथ बैठक की और जल्द से जल्द सीएम की घोषणाओं को पूरा कराने की मांग की है। जिससे कॉलेज के छात्र-छात्राओं को सीएम द्वारा की गई कॉलेज के लिए घोषणाओं का लाभ मिल सके। कॉलेज की प्रिंसिपल सलोनी वर्मा ने बताया कि लगभग 4 साल पहले प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने नगीना कॉलेज के लिए साइंस ब्लॉक ,आर्ट ब्लॉक, एम ए ब्लॉक और कॉलेज में लाइब्रेरी बनाने के लिए घोषणा की थी। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जब कॉलेज के लिए घोषणा की तो कॉलेज के छात्र-छात्राओं में ही नहीं बल्कि यहां के लोगों में काफी खुशी देखने को मिली थी। लेकिन 4 साल बाद भी मुख्यमंत्री मनोहर लाल की घोषणा का कॉलेज परिसर में कोई भी असर देखने को नहीं मिला है। जिला प्रमुख जान मोहम्मद के समक्ष राखी कॉलेज प्रशासन ने अपनी मांगों के साथ-साथ सीएम द्वारा किए गए घोषणा को भी पूरा कराने की मांग की। जिस पर जिला प्रमुख जान मोहम्मद ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल द्वारा की गई सभी घोषणाओं को जल्द से जल्द पूरा किया जाएगा। इतना ही नहीं जिला उपायुक्त धीरेंद्र खडगटा से मिलकर सीएम द्वारा कॉलेज के लिए की गई सभी घोषणाओं को जल्दी अमलीजामा पहनाया जाएगा। इतना ही नहीं कॉलेज में बिजली पानी और छात्रों को हो रही अन्य असुविधाओं के लिए भी तत्परता से काम कर सभी समस्याओं से निजात दिलाई जाएगी। आपको बता दे की प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल की फिरोजपुर झिरका के चोपड़ा में हुई विकास रैली में नगीना कॉलेज के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने एम ए ब्लॉक, आर्ट ब्लॉक ,साइंस ब्लॉक और कॉलेज में लाइब्रेरी के लिए घोषणा की थी ,लेकिन आज लगभग 4 साल बीत जाने पर भी इन घोषणाओं पर कोई अमल नहीं हुआ है। जिससे कॉलेज प्रशासन ने जिला उपायुक्त और जिला प्रमुख जान मोहम्मद से सीएम द्वारा की गई घोषणाओं पर जल्द अमलीजामा पहनाने की मांग की है, ताकि उन घोषणा का कॉलेज के छात्र-छात्राओं को लाभ मिल सके।

बिजली और पीने के पानी की भी नहीं है बेहतर सुविधा

राजकीय महाविद्यालय नगीना में 1300 छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। लेकिन कॉलेज में छात्रों के लिए ना तो बेहतर ग्राउंड है और ना ही बैठने के लिए उचित सुविधाएं हैं। इतना ही नहीं छात्रों को ना तो पीने का मीठा पानी है और ना ही कॉलेज में समय पर बिजली आती है । कॉलेज की प्रिंसिपल सिलोनी वर्मा ने जिला प्रमुख जान मोहम्मद से मांग करते हुए कहा कि कॉलेज के बिजली कनेक्शन को अर्बन एरिया से जुड़वाया जाए जो की इस समय ग्रामीण क्षेत्र से जुड़े होने के चलते बिजली कटौती ज्यादा है। जो कई कई घंटे कटो के चलते उन्हें पूरी बिजली नहीं मिल पाती है ।जिससे छात्र छात्राओं को पढ़ने में काफी परेशानियों को सामना करना पड़ता है।

43 साल पहले अस्तित्व में आया था नगीना कॉलेज

आपको बता दें कि 1980 में हरियाणा सरकार द्वारा अस्तित्व में लाया गया राजकीय महाविद्यालय नगीना मेवात का एकमात्र सरकारी ऐसा कॉलेज है। जिसमें पिछले 43 सालों से मेवात के युवाओं ने शिक्षा ग्रहण कर मेवात ही नहीं बल्कि देश और दुनिया में अपना और अपने परिवार का नाम रोशन किया है। लेकिन सुविधाओं के नाम पर नगीना राजकीय महाविद्यालय में कोई खास सुविधाएं नहीं है। इतना ही नहीं यहां पर छात्रों को खेलने कूदने के लिए भी कोई सुविधा नहीं है जिससे छात्र और छात्राएं खेलों में आगे बढ़ने के लिए यहां पर प्रैक्टिस कर सकें।

पाबंदी के बावजूद नहीं रुक रहा पॉलिथिन का प्रयोग, प्रशासन मौन

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आहवान पर स्वच्छता अभियान चलाया गया था। लेकिन पालिथीन पर पाबन्दी के बिना स्वच्छता अभियान की सफलता असम्भव है। देश व प्रदेश में पालिथीन पर पूर्णत- पाबन्दी लगनी चाहिए। शासन प्रशासन द्वारा लागू पॉलिथीन प्रतिबंधित कानून कुछ समय प्रभावशील रहने के पश्चात अब लगभग विभागीय उदासीनता के चलते खत्म सा हो गया है। शहर में विभिन्न किराना, कपड़ा तथा फल-फ्रूट की दुकानें संचालित करने वालों द्वारा बेरोकटोक पॉलिथीन की थैलियों का उपयोग किया जा रहा है। जिसे आम नागरिकों द्वारा उपयोग के बाद जहां-तहां फैं क दिया जाता है। जो अनेक समस्यों का सबब बन जाती है। क्षेत्र के रमेश शर्मा, कमलसिंह, अनिल कुमार, हुकम चंद, हरीश कुमार, नवीन सिंह, परमानंद, वसीम, जानमौहम्मद, फ ारूख, निसार, हरकेश व सुरेश कुमार आदि ने बताया कि स्वच्छता अभियान की कामयाबी तभी हो सकती है, जब पालिथीन पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाया जाये। उन्होंने जिला प्रशासन से पालिथीन पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है।

शासन-प्रशासन का असर फीका

शासन-प्रशासन द्वारा नगर को पॉलिथीन मुक्त रखने के लिए जो कानून बनाया गया था, उसका दुकानदारों एवं उपयोगकर्ताओं पर खासा प्रभाव नहीं पड़ा है। लोग पॉलिथीन का उपयोग धडल्ले से कर रहे हैं। पूर्व में लागू कानून में पॉलिथीन के स्थान पर कपड़े की थैली का उपयोग करने की सलाह दी गई थी। जिसका दुकानदारों ने कुछ दिनों तक तो पालन किया, किन्तु वर्तमान में कानून का उल्लंघन खुलेआम किया जा रहा है।

सख्ती से लागू हो कानून

स्थानीय प्रशासन को चाहिए कि नगर में संचलित विभिन्न दुकानों जहां पॉलिथीन का धड़ल्ले से उपयोग किया जा रहा है, वहां सख्तीपूर्वक कानून लागू कर आर्थिक दण्ड का प्रावधान रखा जाए, जिससे पॉलिथीन का उपयोग पूर्णत बंद हो सके। यदि इसी तरह पॉलिथीन का उपयोग होता रहा, तो निश्चित ही इंसानों के साथ-साथ मूक पशुओं को किसी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ सकता है। क्षेत्र में धड़ल्ले से अमानक पॉलिथीन का बेरोकटोक उपयोग कर रहे दुकानदारों, क्षेत्रवासियों को पॉलिथीन से होने वाले नुकसान एवं अन्य कुप्रभावों की जानकारी देने के लिए प्रशासन सहित समाजसेवी संस्थाओं को भी आगे आना होगा।

फसल अवशेषों को अतिरिक्त आय का जरिया बनाएं किसान : धीरेंद्र खड़गटा

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने जिला के किसानों का आह्वान किया कि वे सरकार की फसल अवशेष प्रबंधन योजना का पूर्ण लाभ उठाएं । किसान कृषि यंत्रों से धान की पराली को मिट्टी में मिलाकर भूमि की उपजाऊ शक्ति बढ़ा सकते हैं या स्ट्राबेलर मशीन से पराली की गांठे बनाकर सरकार द्वारा दी जा रही एक हजार रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि का लाभ उठा सकते हैं। फसल अवशेष प्रबंधन की नीति अपनाकर आय का अतिरिक्त स्त्रोत बना सकते हैं। उपायुक्त ने कहा है कि सरकार द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन की महत्वपूर्ण योजना क्रियान्वित की जा रही हैं, जिसके तहत किसानों को फसल अवशेषों के उचित प्रबंधन के लिए जागरूक किया जा रहा है। इस योजना के तहत किसानों को कृषि यंत्रों सुपर सीडर, जीरो टीलेज मशीन, स्ट्राचोपर, हैपीसीडर एवं रिवर्सिबल प्लो अनुदान पर दिया जाता है। किसान इन कृषि यंत्रों का प्रयोग करके पराली को मिट्टी में मिलाकर जमीन की उर्वरा शक्ति बढ़ा सकते हैं या स्ट्रा बेलर मशीन से पराली की गांठे बनाकर सरकार द्वारा दी जा रही एक हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि का लाभ उठा सकते हैं।

उपायुक्त ने जिले के किसानों से किया आह्वान

फसल अवशेष जलाने वालों के खिलाफ लाफ होगी सख्त कार्रवाई

उपायुक्त ने कहा कि फसल अवशेष जलाने से होने वाले दुष्प्रभावों के दृष्टिगत माननीय सर्वोच्च न्यायालय एवं राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। इन दिशा-निर्देशों के अनुसार फसल अवशेष जलाने वाले किसानों से जुर्माना वसूल किया जाएगा। एक एकड़ में लगभग दो टन पराली का उत्पादन होता है। इसकी गांठ बेचने पर लगभग 3600 रुपए की किसान की आमदनी होती है तथा किसानों द्वारा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन करवाने से एक हजार प्रति एकड़ तक का लाभ दिया जाता है। इस प्रकार से किसान को पराली न जलाने पर लगभग 4600 रूपए की राशि का अतिरिक्त लाभ होता है।

सम्मान रैली में पहुंचेंगे मेवात से सैकड़ों युवा : इरफान कुरैशी

36 बिरादरी के नेता थे पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । इनेलो की आज कैथल में होने वाली सम्मान रैली के लिए मेवात से युवाओं ने अपनी कमर कस ली है। इनेलो युवा जिला अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा कि मेवात से हजारों की संख्या में युवा कैथल सम्मान रैली में भाग लेकर इस विशाल सम्मान रैली को सफल बनाने का काम करेंगे । इरफान कुरैशी ने कहा कि इनेलो द्वारा सोमवार को जननायक स्वर्गीय चौधरी देवीलाल की जयंती के उपलक्ष में कैथल में सम्मान व प्रेरणा महारैली होने जा रही है। इस रैली में मेवात से हजारों की संख्या में युवा उनके नेतृत्व में भाग लेंगे। रैली में पहुंचने के लिए सभी युवाओं की ड्यूटी लगा दी गई है और सभी को समय पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। इनेलो के युवा जिला अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने रविवार को दर्जनों गांव का दौरा कर युवाओं को इस रैली के लिए आमंत्रित किया और उनकी ड्यूटी लगाई। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय ताऊ देवीलाल किसी एक कौम के नेता नहीं थे बल्कि वह 36 बिरादरी के नेता थे और किसानों के मसीहा थे। 25 सितंबर को कैथल में चौधरी देवीलाल के जन्म दिवस के उपलक्ष में आयोजित होने वाली रैली में मेवात से बढ़-चढ़कर लोग हिस्सा ले रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि भाजपा गरीब विरोधी व पूंजीपतियों की सरकार है। आज भाजपा सरकार में गरीब ओर गरीब होता जा रहा है और अमीर ओर अमीर होता जा रहा है। भाजपा चंद लोगों के लिए काम कर उन्हें और अमीर बनाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ताऊ देवीलाल के सम्मान में हो रही कैथल रैली ऐतिहासिक रैली होने जा रही हैं जिसमें देश की कई राजनीतिक पार्टियों के बड़े-बड़े नेताओं को न्योता दिया गया है और देश के बड़े-बड़े नेता इस समारोह में पहुंचकर अपने विचार रखेंगे। इनेलो के युवा जिला अध्यक्ष इरफान कुरैशी ने कहा कि मेवात से 24 सितंबर को ही रात्रि के समय सैकड़ो गाड़ियों का काफिला निकल जाएगा, जो सुबह सवेरे कैथल रैली स्थल पर पहुंच जाएगा।

कार्यक्रम

गलियों के पुनर्निर्माण के कार्य का शुभारंभ

गुणवत्ता में कोताही न बरतें ठेकेदार: ज्योती सैनी

विकास कार्यों को पूरा करने के लिए संबंधित ठेकेदारों को दिया 6 महीनें का समय

नरेश मैहंदीरत्ता, भरोसा मित्र

तावडू। शहर वार्ड नंबर 1 के सैनीपुरा में स्थित चौपाल पर सभी वार्ड वासियों ने एकत्रित होकर वार्ड की सभी गलियों के पुनर्निर्माण के कार्य का विधिवत रूप में शुभारंभ किया। इस अवसर पर सैनीपुरा की सबसे बुजुर्ग महिला लक्ष्मी देवी ने वार्ड पार्षद डॉक्टर ज्योति सैनी के साथ नारियल फोडे र कर गली निर्माण के कार्य का शिलान्यास किया। इस अवसर पर वार्ड की मातृशक्ति विशेष रूप मे भारी संख्या में उपस्थित रही तथा साथ में वार्डवासी लालचंद सैनी, गुरदयाल सैनी, टेकचंद सैनी, त्रिलोक सैनी, हरनारायण सैनी, इंद्र सैनी, राजेंद्र सैनी, पाल सैनी व प्रेम सैनी, सुखपाल सैनी आदि सहित भारी संख्या में सभी वार्ड वासियों ने एकत्रित होकर के इन गलियों के पुनर्निर्माण के कार्य के शुरू होने पर अपनी प्रसन्नता जाहिर की।

इस मौके पर सभी संबंधित ठेकेदार भी उपस्थित रहे। वार्ड पार्षद डॉक्टर ज्योति सैनी ने सभी वार्डवासियों से इन विकास कार्यों की उचित समीक्षा, देखरेख व सहयोग की अपील करते हुए संबंधित ठेकेदारों से भी इन विकास कार्यों में गुणवत्ता व निर्माण सामग्री में किसी भी प्रकार की कोई कौताही न बरतने की भी नसीहत दी। हाल ही में नगरपालिका प्रशासन तावडू द्वारा लगभग 1 करोड़ 58 लाख की लागत से वार्ड नंबर 1 के सैनीपुरा की सभी गलियों के पुनर्निर्माण के लिए टैंडर प्रक्रिया शुरू की गई थी तथा इन विकास कार्यों को पूरा करने के लिए संबंधित ठेकेदारों को 6 महीनें का समय दिया गया है। इन कार्यों को नगरपालिका प्रशासन द्वारा शुरू करवा दिया गया है। सभी वार्डवासियों ने इन विकास कार्यो को शुरू करवाने पर नगरपालिका प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

सीकर के जिला खेल स्टेडियम में जुटेगी जबरदस्त भीड़

आम जन की सेवा ही ताऊ देवीलाल को सच्ची श्रद्धांजलि

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नूंह । पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक ताऊ देवीलाल का सपना था कि प्रत्येक किसान व कमेरा वर्ग खुशहाल स्वस्थ और सुखी रहे। उनके जन्मदिवस पर सही मायने में सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब जेजेपी का प्रत्येक कार्यकर्ता जनमानस की सेवा में हमेशा तत्पर रहें। उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला से प्रेरणा लेकर जेजेपी के साथ चलकर जन-जन तक जनहितकारी योजनाओं को पहुंचाएं जिससे कि जनता में आखिरी पंक्ति में खड़े व्यक्तियों को भी इनका लाभ मिल सके।यह बात जेजेपी के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट राहुल जैन ने कही। उन्होंने कहा कि जिस तरह से ताऊ देवीलाल जी ने हरियाणा वासियों के लिए बुढ़ापा पेंशन योजना, गरीब कन्यादान योजना,किसानों के कर्ज माफी जैसे महत्वपूर्ण फैसले लेकर किसान-कमेरे वर्ग के जीवन में खुशहाली प्रदान की।इसी प्रकार आज ताऊ देवीलाल जी का युवा रूप उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला डटकर खड़े हो हरियाणा वासियों की सहायता और सेवा के लिए 24 घंटे तत्पर है। जो कि एक अच्छे, दूरदर्शी,जन हितेषी नेता की निशानी है।उन्होंने बताया कि राजस्थान में सत्ता पर काबिज कांग्रेस सरकार से भ्रष्ट नेताओं से वहां की जनता त्रस्त है। जनता की भलाई के लिए जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला जैसे जनहितकारी व ईमानदार नेता की वहां के लोगों में मांग निरंतर बढ़ रही है। उन्होंने बताया कि राजस्थान प्रभारी जेजेपी प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला के कुशल निर्देशन में राजस्थान के जेजेपी नेता व पदाधिकारी के साथ हरियाणा के प्रत्येक जिले से वरिष्ठ नेताओं ने रैली की सफलता के लिए कमान संभाली हुई है। वही जिला भरतपुर और अलवर में जिला नूह के वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं भी जिम्मेदारी से अपना काम कर रहे है। निरंतर लोगों के बीच जाकर वे जेजेपी पार्टी की नीतियों के बारे में बता रहे हैं। 25 सितंबर को सीकर में किसान विजय सम्मान दिवस रैली में पहुंचने का आग्रह भी कर रहे हैं। लोगों का समर्थन भी सकारात्मक मिल रहा है।आशा के अनुरूप किसान विजय सम्मान दिवस पर राजस्थान के सीकर के जिला खेल स्टेडियम में जबरदस्त भीड़ एकत्रित होकर ताऊ देवीलाल जी को दिल से श्रद्धांजलि अर्पित करेंगी। तथा आगामी चुनाव में राजस्थान की धारा पर जेजेपी के हाथ मजबूत करने का काम करेगी।

आगामी चुनाव में राजस्थान की धारा पर भी हरियाणा की तरह लोकप्रिय नेता दुष्यंत चौटाला का चलेगा जादू: राहुल जैन

खबर फटाफट

हिंदी पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

रेवाड़ी। नेहरू युवा केंद्र रेवाड़ी के तत्वाधान में हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत गांव रसूली मेंअहीरवाल युवा कल्ब के माध्यम से निबंध लेखन प्रतियोगिता, नारा लेखन प्रतियोगिता और सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।जिला युवा अधिकारी मोनिका नांदल ने बताया कि 14 से 29 सितंबर तक हिंदी भाषा के ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार के लिए हिंदी पखवाड़ा मनाया जाता है। हिंदी हमारी राजभाषा और मातृभाषा है। अपनी मातृभाषा का ज्यादा से ज्यादा हमें इस्तेमाल करना चाहिए और इसे आगे बढ़ाना चाहिए। अपनी मातृभाषा को बोलने में हमें गर्व महसूस होना चाहिए।प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान ग्रहण करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर अहीरवाल युवा क्लब के संचालक संजीत कुमार, सरपंच हरभगत सिंह, मास्टर योगेश, ओमप्रकाश, देवेंद्र, सुनील, नवीन एवं ग्रामीणगण मौजूद रहे।

निमोठ में विशाल मेरा, भंडारा व खेलकूद प्रतियोगिता कल

रेवाड़ी। जिले के गांव निमोठ के बाबा बिशनदास मंदिर परिसर में वामन द्वादशी के अवसर पर 26 सितम्बर को विशाल मेला, भण्डारा व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।गाँव के सरपंच रामसरूप शर्मा, मंदिर कमेटी के प्रधान रविन्द्र यादव तथा कोषाध्यक्ष सूबेदार मेजर सत्य नारायण सांभरिया व कमेटी के सेक्रेटरी असिस्टेंट कमांडेंट रामचंद्र यादव आदि बताया कि 25 सितम्बर को मंदिर परिसर में रात्रि 8 बजे से विशाल जागरण होगा। जिसमें हरियाणा के मशहूर गायक कलाकार अनिल धनोरी एण्ड पार्टी तथा सोनू काकड़ा प्रस्तुति देंगे। 26 सितम्बर को प्रात- 8.15 बजे हवन के साथ मेले का शुभारंभ किया जाएगा तथा भण्डारा प्रात- 9.15 बजे से शुरू किया जायेगा। खेल प्रतियोगिताएं 11 बजे शुरू हो जाएँगी। खेलों में विजेता व उपविजेताओं को पुरुस्कृत किया जाएगा।

कलश में मिट्टी एकत्रित कर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

रेवाड़ी। मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन के महानायक राव तुलाराम और राव गोपाल देव स्मारक पर स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा सरकार के तत्वाधान में कलश में मिट्टी अमृत वाटिका हेतु मिट्टी एकत्रित कर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व विधायका विमला चौधरी ने कहा राव तुलाराम का देश की आजादी में बलिदान हमेशा स्वर्णिम अक्षरों में अंकित रहेगा। आजादी के आंदोलन में उनका बलिदान युवा पीढ़ी को देशभक्त हेतु प्रेरित करता रहेगा। कवि मुकुट अग्रवाल ने कहा शहीद राष्ट्र की धरोहर होते है। डा. जया शर्मा ने कहा पीएम नरेंद्र मोदी के अवान पर स्वतंत्रता सेनानियों, गुमनाम सेनानियों और अमर वीर शहीदों की गौरव गाथाएं लिखने का कार्य देश भर में चल रहा है। आर्टिस्ट अमन यादव ने लाइव पेंटिंग मेरी माटी-मेरा देश द्वारा युवा पीढ़ी को देश की आजादी के आंदोलन बारे विस्तार पूर्वक बताया गया। उन्होंने आर्ट कलाकृतियां द्वारा युवा पीढ़ी को स्वतंत्रता सेनानियों के आदर्शों को जीवन में अपनाने की पहल की। सचिन यादव ने कहा राव तुलाराम का बलिदान हमेशा दक्षिण हरियाणा का सीना गर्व से ऊंचा करता रहेगा।

सम्मान दिवस समारोह को लेकर जनता में जोश : डॉ राजपाल

रेवाड़ी। इंडियन नेशनल लोकदल के जिला प्रधान डॉ राजपाल यादव ने युवाओं की टीम को पूर्व उपप्रधानमंत्री जननायक चौ. देवीलाल के 110वें जन्मदिन पर कैथल में आयोजित होने वाले सम्मान दिवस समारोह के लिए झण्डा दिखाकर रवाना किया।इस मौके पर जिला प्रधान ने कहा कि इस रैली को लेकर हरियाणा की जनता में भारी जोश है और रेवाड़ी जिला के भी हजारों लोग कैथल पहुँचकर चौ देवीलाल को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगें। डॉ राजपाल यादव ने कहा कि ये रैली हरियाणा ही नहीं बल्कि देश की राजनीति को नई दिशा देने का काम करेगी। इस रैली में दर्जनों राष्ट्रीय स्तर के नेता पहुँचकर चौ. देवीलाल को अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। उन्होंने कहा कि आज बीजेपी-जेजेपी के इस कुशासन से हर वर्ग दुखी हैं और 2024 में इस सरकार को सत्ता से बेदखल कर इनेलो पार्टी को सत्ता में लाने का मन बना चुकी है। युवाओं की टीम इनेलो युवा प्रधान नीरज डहनवाल के नेतृत्व में कैथल के लिए रवाना हुई। इस अवसर पर प्रदेश प्रवक्ता एडवोकेट रजवन्त डहीनवाल, सम्पत राम डहनवाल, धर्मबीर यादव पूर्व चैयरमेन, सचिन झाबुआ, नवीन, हितेश, नितेश रंगा, कैलाश सैनी, विष्णु दत्त, अजय, नरेश यादव, जितेन्द्र माँढैया, तेजपाल, सतेंद्र, अनूप, निखिल, पंकज, सुमित, आशीष सहित अनेक इनेलो कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सांग सम्राट व लोक कवि मास्टर नेकीराम के नाम पर चेयर और पुरस्कार शुरू करने की उठी मांग

रेवाड़ी। प्रसिद्ध सांग सम्राट व लोक कवि मास्टर नेकीराम को पिछले कई वर्षों से सरकारी स्तर पर उचित मान सम्मान दिलाने की मांग अब जोर पकडने् लगी है। माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था ने प्रदेश के राज्यपाल, मुख्यमंत्री, कला एवं सांस्कृतिक मंत्री, हरियाणा साहित्य एवं संस्कृति अकादमी सहित सहकारिता मंत्री डा. बनवारी लाल को पत्र भेज कर प्रसिद्ध सांग सम्राट व लोक कवि मास्टर नेकीराम के नाम पर साहित्यिक पुरस्कार, आइजीयू मीरपुर में चेयर तथा शहर के किसी प्रमुख चौक का नामकरण करने की मांग दोहराई है। मास्टर नेकीराम साहित्य एवं लोकनाट्य कला संरक्षण परिषद् के सचिव भूप सिंह भारती ने बताया कि रविवार को परिषद् के अध्यक्ष सुंदरलाल भांडोरिया की अध्यक्षता में हुई बैठक में माता रमाबाई सामाजिक उत्थान संस्था सहित श्री गुरु रविदास मंदिर व हॉस्टल, सेवा स्तंभ, हजरस, आवाज फाउंडेशन हरियाणा, मेघवाल कल्याण सभा, अखिल भारतीय मानव कष्ट निवारण समिति, ऑल हरियाणा शेड्यूल्ड कास्ट एंपलाइज फेडरेशन और मिशन इक्वलिटी सहित उन सभी सामाजिक और सांस्कृतिक संगठनों का आभार जताया जो निरंतर यह मांग उठाते रहे हैं।

प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने में कुछ ही समय : चिरंजीव राव

कांग्रेसी विधायक बोले, प्राथमिकता के आधार पर होंगे कार्य

रेवाड़ी विधायक ने गांव रामगढ़ में नवनिर्मित रास्ते का किया उद्घाटन

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। विधायक आदर्श ग्राम योजना के तहत रेवाड़ी से कांग्रेस विधायक चिरंजीव राव ने गांव रामगढ़ में बनाए गए रास्ते का उद्घाटन किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर ग्रामीणों ने फूलमाला और पगड़ी बांधकर विधायक का जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर विधायक चिरंजीव राव ने सभी को आश्वासन दिया कि अब थोड़ा समय ही बचा है कांग्रेस की सरकार आने में। कांग्रेस की सरकार आते ही आप लोगों की जो भी मांगे हैं, चाहे वह ग्रामीण अंचल में हो या फिर शहर में सभी कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। विधायक ने भाजपा को आड़े हाथ लेते हुए कहा हर पार्टी में विचार विमर्श के बाद ही कोई फैसला लिया जाता है, लेकिन भाजपा ऐसी पार्टी है जिसमें आरएसएस जो कहती है वही होता है। उन्होंने महिला बिल को लेकर कहा कि कांग्रेस ने बिना किसी विरोध के बिल को स्वीकृति दे दी, लेकिन यह बिल अब 2024 में लाया जाना था, लेकिन भाजपा ने इस पर भी चुनावी जुमला खेला है। उन्होंने कहा कि इस बिल में ओबीसी व अन्य पिछड़ा वर्गों के लिए भी आरक्षण होना चाहिए था, लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया गया। विधायक ने कहा कांग्रेस शासित प्रदेशों में चाहे कर्नाटक हो राजस्थान हो या फिर हिमाचल प्रदेश, सभी में महंगाई बेरोजगारी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाया जा रहा है। गैस सिलेंडर 500, 200 यूनिट बिजली की फ्री, ओल्ड पेंशन स्कीम लागू कर दी गई है। इसी तरह हरियाणा में भी कांग्रेस की सरकार बनने पर जनहित के कार्य किए जाएंगे।

रेवाड़ी विधायक ने कहा भाजपा चाहती है 2029 तक महिलाओं को आरक्षण ना मिले। भाजपा का ओबीसी व महिला विरोधी चेहरा आज पूरा देश देख रहा है। महिलाओं को आरक्षण देने का सपना सोनिया गांधी ने संजोया था और कांग्रेस पार्टी चाहती है कि जल्द से जल्द महिलाओं को उनका अधिकार मिले। उन्होंने भाजपा के सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा संसद में दिए गए अमर्यादित बयान पर कहा कि सांसद का तुरंत ही इस्तीफा ले लेना चाहिए। भाजपा के पास चुनाव के लिए कोई मुद्दा नहीं है, इसलिए ध्रुवीकरण की राजनीति करना चाहती है।

'मेरी माटी-मेरा देश' अभियान के तहत 30 तक निकाली जाएगी अमृत कलश यात्रा

अमृत कलश यात्रा के तहत गांव, खंड, राज्य व राष्ट्र स्तर पर आयोजित किए जा रहे हैं कार्यक्रम

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत रेवाड़ी जिला के ग्रामीण व शहरी क्षेत्र में अमृत कलश यात्रा निकल रही हैं। डीसी राहुल हुड्डा के मार्गदर्शन में लोग उत्साह पूर्वक कलश में मिट्टी व चावल डालकर आजादी के अमृत महोत्सव को यादगार बनाने में अपनी आहुति डाल रहे हैं

आजादी अमृत काल में देश की वीर-शहीदों को समर्पित मेरी माटी-मेरा देश अभियान के तहत निकाली जा रही अमृत कलश यात्रा के दौरान जिला में आगामी 30 सितंबर तक गांव स्तर पर प्रत्येक गांव के प्रत्येक घर से अमृत कलश में मिट्टी या चावल का संग्रह पूरे सम्मान जनक तरीके से किया जा रहा है। अमृत कलश में मिट्टी और चावल एकत्र करने के दौरान, समूह में स्थानीय परंपराओं के अनुसार ढोल, नगाड़े और अन्य संगीत वाद्ययंत्र बजाने वाले लोग शामिल होकर आजादी अमृत महोत्सव की 75वीं वर्षगांठ को गरिमामयी ढंग से संपन्न कराने में भागीदार बन रहे हैं। साथ ही मिट्टी और चावल एकत्र करते समय पंच प्रण प्रतिज्ञा लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया जा रहा है।

डीसी राहुल हुड्डा ने कहा कि आगामी 30 सितंबर तक ग्रामीण स्तर पर व उसके बाद 1 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक खंड स्तर पर अमृत कलश यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसके तहत गांवों के सभी घरों से एकत्रित की गई मिट्टी और चावल युक्त अमृत कलश को एक चिन्हित स्थान पर लाया जाएगा तथा मिट्टी और चावल को बड़े कलश में डाला जाएगा। इस प्रकार सभी घरों से प्रतीकात्मक रूप से प्रसाद एक साथ लाया जा रहा है। इस दौरान सभी खंडों में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान खंड स्तर पर देश् के वीर बहादुरों को सम्मानित करते हुए उनका अभिनंदन भी किया जाता है। उन्होंने बताया कि एनएसएस, एनवाईकेएस, एनसीसी, हिंदुस्तान भारत स्काउट्स एंड गाइड्स, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और अन्य युवा स्वयंसेवकों की सक्रिय भागीदारी के साथ महिलाओं की भागीदारी पर विशेष जोर देते हुए बहादुरों के सम्मान में खंड स्तर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तरह के कार्यक्रम स्थानीय निकाय में भी आयोजित किए जाएंगे।डीसी राहुल हुड्डा ने बताया कि 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर तक अमृत कलश यात्रा का राष्ट्र स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस दौरान देश के अलग-अलग कोने से अमृत कलश यात्रा निकाली जाएगी और स्वयं सेवकों द्वारा अमृत कलशों को नई दिल्ली ले जाया जाएगा। आजादी की 75वीं वर्षगांठ का जश्न मनाने वाले पारंपरिक परिधान पहने स्वयंसेवक अपने साथ अमृत कलश लेकर कर्तव्य पथ पर मार्च पास्ट करेंगे।

भारतीय प्रतिभा व सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करता है मन की बात कार्यक्रम : डा. बनवारी

पूरा देश व प्रदेश मोदी और मनोहर का परिवार, उदयभान के बयान पर पलटवार करते हुए बोले सहकारिता मंत्री

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। हरियाणा सरकार में सहकारिता एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने राजकीय प्राथमिक विद्यालय, दुल्हेड़ा कलां में आमजन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम मन की बात का 105वां प्रसारण सुना। इस दौरान सहकारिता मंत्री ने कार्यक्रम के बारे में उपस्थित आमजन से चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का कार्यक्रम मन की बात आधुनिक युग मे देश की सांस्कृतिक आभा का परिचायक है। सदैव ही प्रेरक व सकारात्मकता को बढ़ावा देने वाला मन की बात कार्यक्रम देश और समाज को एकात्मता के सूत्र में पिरोने की दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है। डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि 'मन की बात' कार्यक्रम जिस विषय से जुड़ा, वह वैश्विक प्रसंग सिद्ध हुआ है। डॉ. बनवारी लाल ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के 105 वे प्रसारण में प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत को प्रोत्साहित करने वाले अनेकों विषयों पर बात की जिनमें जी-20 जैसे वैश्विक मंच पर भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों का प्रतिपादन के अलावा चन्द्रयान-3 की सफलता से जुड़ा अभूतपूर्व जनउत्साह और नागरिक कर्तव्यों की राष्ट्रनिर्माण में एहमियत के बारे में बात की।

राजकीय प्राथमिक विद्यालय, दुल्हेड़ा कलां के मुख्य द्वार का उद्घघाटन किया। इस मौके पर मीडियाकर्मियों से बात करते हुए डॉ. बनवारी लाल ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष उदयभान के हालिया बयान की निंदा करते हुए कहा कि विपक्ष को प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के पदों की संवैधानिक गरिमा को सम्मान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूरा देश प्रधानमंत्री मोदी का तो वहीं पूरा हरियाणा मनोहर लाल खट्टर का परिवार है।

मुख्यमंत्री की अंत्योदय योजनाएं तथा पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना प्राथमिकता

शहर के मौहल्ला वैद्यवाड़ा में आयोजित कैंप में पीपीपी कोर्डिनेटर ने लोगों की डिजिटल समस्याएं सुन किया समाधान

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। पीपीपी स्टेट कोऑर्डिनेटर डा. सतीश खोला ने मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अंत्योदय योजनाएं तथा पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुंचाना ही मेरी प्राथमिकता है। जब से केंद्र और राज्य में भाजपा की सरकार बनी है, सरकार के द्वारा बनाई गई नीतियां और किए गए तमाम फैसले सभी वर्गों के साथ-साथ आमजन के हितकारी ही साबित हो रहे हैं। यहीं ठोस कारण भी है किए केंद्र में पीएम मोदी के नेतृत्व में पहले के मुकाबले और भी अधिक जनादेश देश की जनता 2024 देगी। अब यही कारनामा एक बार फिर से करने का हरियाणा की जनता भी मन बनाए हुए है। पीपीपी कोर्डिनेटर शहर के वैद्यवाडा मौहल्ले में नगर पार्षद मनीष गुप्ता द्वारा आयोजित कैंप में लोगों की समस्याओं का समाधान करने के उपरांत चर्चा कर रहे थे। कैंप में 25 परिवारों के बीपीएल कार्ड, 45 परिवारों के आयुष्मान कार्ड, 24 बुजुर्गो की बुढ़ापा पैंशन तथा 20 परिवारों की पीपीपी ठीक की गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पूरी ईमानदारी एवं पारदर्शिता से जनता की सेवा कर रही है। प्रदेश सरकार ने मेहनत कर व्यवस्था परिवर्तन करने में कामयाबी हासिल की है। युवाओं को योग्यता के आधार पर बिना पर्ची-खर्ची के नौकरी देने की बात हो या फिर सेवाओं को ऑनलाइन करने की बात हो। परिवारवाद, जातिवाद, क्षेत्रवाद से ऊपर उठकर हरियाणा एक-हरियाणावी एक की सोच को चरितार्थ किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ताओं की मेहनत और प्रदेशवासियों के समर्थन से भाजपा आने वाले चुनाव में एक बार फिर से सत्ता में आएगी। भाजपा ने हर वर्ग के सपनों को नई उडान दी है। सरकार ने अपने कार्यकाल मे विभिन्न वर्गों के लिए जन कल्याणकारी योजनाएं लागू की है। भाजपा सरकार जनता के विश्वास पर खरा उतरी है। इस विश्वास को आने वाले दिनों में मजबूत करने का काम भाजपा करेगी।

चलती फिरती संस्था थे डा. उमाशंकर यादव

रेवाड़ी। जाने-माने साहित्यकार एवं शिक्षाविद् डा. उमाशंकर यादव चलती-फिरती संस्था थे। उनका असामयिक निधन साहित्य, कला, संस्कृति एवं शिक्षा के क्षेत्र में अपूरणीय क्षति है। ये विचार सामाजिक कार्यकर्ता मेजर डा. टीसी राव ने रविवार को लायंस भवन में व्यक्त किए। वे यहां ग्रामीण उत्थान-भारत निर्माण तथा बाबू बालमुकुंद गुप्त पत्रकारिता एवं साहित्य संरक्षण परिषद् के संयुक्त तत्वावधान में डॉ उमाशंकर की स्मृति में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में बतौर सभा अध्यक्ष बोल रहे थे। सभा में करीब तीन दर्जन संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। अध्यक्षीय संबोधन में मेजर राव ने कहा कि डा. उमाशंकर ने अपना पूरा जीवन समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में खपा दिया। उनके बहुआयामी व्यक्तित्व एवं कृतित्व के संदर्भ में राव बिजेंद्र सिंह, प्रो. आरएस यादव, नरेश चौहान, हेमंत सिंहल, गोपाल शर्मा, महेश कुमार, डा. लक्ष्मी नारायण शर्मा ने उनसे जुड़े प्रेरक रोचक संस्मरण सुनाकर भाव विभोर कर दिया। रेवाड़ी के विधायक चिरंजीव राव तथा पर्यटन निगम के चेयरमैन डा. अरविंद यादव ने उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी। परिषद् ने डॉ. पार्थ के साहित्य पर शोध कार्य करवाने तथा उनकी स्मृति को चिरस्थायी एवं प्रेरणापुंज बनाने का संकल्प लिया।

पिछड़ा वर्ग के अधिकारों को छीनने का रचा जा रहा षडयंत्र

नेता जी सुभाष पार्क मे पिछड़ा वर्ग कल्याण सभा की बैठक आयोजित

भरोसा मित्र

रेवाड़ी।सर्कुलर रोड स्थित नेताजी सुभाष पार्क में पिछडा वर्ग कल्याण सभा जिला रेवाडी की मीटिंग पूर्व पार्षद रामअवतार छावडी की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

इस मौके पर पिछडा वर्ग (ए) कल्याण सभा हरियाणा के उपाध्यक्ष रामेश्वर दयाल जांगिङ ने कहा कि प्रदेश सरकार व केन्द्र की नरेन्द्र मोदी सरकार हर रोज नये नये काले कानून हमारे ऊपर लागू कर रही है। हमारे संवैधानिक अधिकारों को षडयन्त्र के तहत छीन रही है। हमारे आरक्षण को समाप्त करने की साजिश रच ही है। जिसकी हम कङे शब्दों में निन्दा करते हैं। नारी शक्ति वंदन बिल के तहत 33 प्रतिशत आरक्षण महिलाओं के लिए पास किया गया है। उसमें पिछङे वर्गीय महिलाओं के लिए कुछ नहीं दिया गया है। इसी प्रकार से अनुसुचित जाति को भी कुछ नहीं दिया गया है। पहले भी केन्द्र सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोरों को 10 प्रतिशत के आरक्षण की घोषणा की है। क्या उसमें पिछङे वर्ग नहीं आते हैं। यह पिछड़ा वर्ग के साथ अन्याय है।

उन्होंने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं और स्थानिय निकाय संस्थाओं में दिया गया आरक्षण ऊंट के मुंह में जीरा है। जो हमें मान्य नहीं है। हमें पूरा 27 प्रतिशत आरक्षण (16 प्रतिशत ब्लाक ए तथा 11 प्रतिशत ब्लाक बी को) दिया जाए। प्रदेश में क्रीमीलेयर की अधिसूचना 491 दिनांक 17 नवम्बर 2021 को रद्द कर केन्द्र सरकार के मुताबिक किया जावे। जातिगत जनगणना कराई जावे इसके बिना कोई भी समाधान नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि हमारे संवैधानिक अधिकारों और हमारे साथ अन्याय किया जाता रहा तो अब हम आगे चुप नहीं बैठेंगे शीघ्र ही प्रदेश स्तरीय रैली कर जनांदोलन शुरू किया जावेगा।

रोहिल्ला समाज प्रधान सतीश रोहिल्ला, मा. रामअवतार रोहिल्ला, कृष्ण कुमार योगी, रमेश चन्द सैन, जसवन्त सिंह कटेसरिया आदि ने सरकार की पिछङे वर्ग के साथ किये जा रहे अन्याय की निन्दा की। अध्यक्षीय संबोधन में रामअवतार छावडी ने कहा कि सरकार हमारे साथ कुठाराघात अन्याय करना बन्द करें वर्ना परिणाम् भुगतने को तैयार रहें। ये समाज अब जाग चुका है और अन्याय को सहन नहीं करेगा। सरकार मंथन करें और हमारे संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा व पूरा आरक्षण मण्डल कमीशन की रिपोर्ट के मुताबिक देना सुनिश्चित करें।

इस मौके पर रामकुमार लखेरा, रामअवतार जांगिड, सुरेन्द्र कुमार शर्मा, कृष्ण रोहिल्ला, परविन्द्र कुमार, राकेश, करतार सिंह, राजेश कुमार जांगिड; देशराज आर्य समेत अनेक सदस्य मौजूद थे।

देशभक्ति

हमारा परिवार संस्था की ओर से पंजाबी धर्मशाला में हुआ कार्यक्रम

शहीद-ए-आजम का त्याग और बलिदान आदर्श बना

कार्यक्रम में सभी ने मेरा रंग दे बसंती चोला गीत का आनंद लिया

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। हमारा परिवार संस्था की ओर से शहीद-ए-आजम भगत सिंह के उपलक्ष्य में शहीद-ए-आजम भगत सिंह आज भी जिंदा है कार्यक्रम का आयोजन पंजाबी धर्मशाला में किया गया।

कार्यक्रम में परिवार पहचान पत्र समन्वयक सतीश खोला, पवित्रा प्रतिष्ठा के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिरुद्ध यादव, सेक्टर-4 हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी प्रधान मुकेश कुमारी व संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने कहा कि भगत सिंह का त्याग और बलिदान आज के युवाओं का आदर्श बन गया है। आज बड़ी संख्या में युवा विदेश से अपने बड़े पैकेज छोडे र भारत माता की सेवा के लिए स्वदेश लौटने लगे हैं। काठमंडी व्यापारी एसोसिएशन के प्रधान राजेश दत्त शर्मा, बजाजा बाजार एसोसिएशन के प्रधान दीपेश भार्गव, भाजपा नेता एडवोकेट कमल निंबल, झुग्गी झोपड़ी स्कूल के संचालक नरेंद्र गुगनानी, डॉक्टर बलबीर अग्रवाल व संस्था के सहसंयोजक प्रवीण ठाकुर ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह ने हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूमकर पूरी दुनिया में एक नई मिसाल प्रस्तुत की। महिला संयोजक शशि जुनेजा व प्रधान निशा सीकरी लुगानी ने कहा कि आज जरूरी है अपने घरों में अपने बच्चों के बीच भगत सिंह व उनके साथियों की वीरता की कहानी बताने की कार्यक्रम में सभी ने मेरा रंग दे बसंती चोला गीत का आनंद लिया। उल्लेखनीय सेवाओं के लिए गीतकार प्रदीप शर्मा, प्रोफेसर सीएल सोनी, राजेंद्र सिंह यादव व बोबी चांदना को स्मृति चिन्ह भेंट किये। अतिथियों को शहीद आजम भगत सिंह व भारत माता के चित्र भेंट किए गए। इस मौके पर अनेक साधक मौजूद थे।

माजरा एम्स का निर्माण स्वास्थ्य सेवाओं का उच्च संस्थान की बजाय लोकसभा चुनाव में वोट हड़पने का कुप्रयास

भरोसा मित्र

रेवाड़ी। स्वयंसेवी संस्था ग्रामीण भारत के अध्यक्ष एवं हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता वेदप्रकाश विद्रोही ने दावा कि कि उनकी यह भविष्यवाणी सही साबित हो रही है कि भाजपा सरकार लोकसभा चुनाव 2024 में अहीरवाल के मतदाताओं की वोट हडपने माजरा एम्स का शिलान्यास लोकसभा चुनावों की विधिवत घोषणा से 2-3 महीने पहले नवम्बर-दिसम्बर 2023 में ही करेगी।

विद्रोही ने कहा कि वे पिछले एक साल से सार्वजनिक बयान देकर कह रहे है कि भाजपा के लिए स्वास्थ्य सेवा का उच्च संस्थान माजरा एम्स के निर्माण से ज्यादा अहीरवाल के लोगों को भावनात्मक रूप से गुमराह करके लोकसभा चुनाव 2024 में वोट हडपने की है। इसलिए भाजपा सरकार माजरा एम्स शिलान्यास नवम्बर-दिसम्बर 2023 में ही करेगी।

अब स्वयं गुरूग्राम के सांसद व केन्द्रीय मंत्री ने दावा किया कि माजरा एम्स का शिलान्यास नवम्बर में होगा और उनका दावा है कि शिलान्यास के बाद एक सप्ताह में एम्स भवन निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा। एम्स निर्माण के नाम पर केंद्रीय मंत्री द्वारा जनता को मूर्ख बनाने की बजाय यह भी बताना चाहिए कि विगत 9 सालों में मोदी सरकार द्वारा घोषित कितने नये एम्स का भवन निर्माण कार्य शुरू हुआ और कितनों का कार्य पूरा हुआ।

खबर फटाफट

वैश्य संकल्प महारैली में लेंगे बढ़-चढ़कर हिस्सा : रोहित

सोहना। अग्रवाल वैश्य समाज की सोहना ईकाई के अध्यक्ष रोहित गर्ग, अग्रवालसभा के पूर्व सचिव पंकज गुप्ता, रेडीमेड कारोबारी अशोक गर्ग और सैंकी सिंगला ने रविवार को शहर में अग्रवाल समाज के लोगों से संपर्क कर एक अक्टूबर को जींद में होने वाली रैली में अपने साथ चलने का निमंत्रण दिया और बताया कि पहली अक्टूबर को जींद की पावन धरती पर वैश्य संकल्प महारैली होगी, जो प्रदेश में एक नया इतिहास रचने का काम करेगी। सोहना से अग्रवाल समाज के लोग रैली में शामिल होने के लिए एक अक्टूबर को सपरिवार प्रस्थान करेंगे। जनसंपर्क के दौरान अग्रवाल वैश्य समाज की सोहना ईकाई के अध्यक्ष रोहित गर्ग, अग्रवालसभा के पूर्व सचिव पंकज गुप्ता, रेडीमेड कारोबारी अशोक गर्ग और सैंकी सिंगला ने बताया कि अग्रोहा धाम में महाराजा अग्रसेन जी के नाम पर 267 एकड़ भूमि में मेडिकल कॉलेज बनाने के लिए अग्रवाल समाज ने रात-दिन मेहनत की और कमाल की बात ये है कि एमबीबीएस दाखिले में समाज की प्रबंधन कमेटी को दाखिला के लिए कोई कोटा ही नही है जबकि कम से कम बीस फीसदी कोटा दाखिले में प्रबंधन समिति को दिया जाना चाहिए और अग्रोहा को जल्द से जल्द रेलवे लाइन से जोड़ा जाना चाहिए। उन्होने आरोप लगाया कि केन्द्र सरकार ने अपनी घोषणा के अनुरूप अग्रोहा को ना तो अभी तक रेल सेवा से जोड़ा है और ना ही महाराजा अग्रसेन के 125 एकड़ भूमि में फैले महल की खुदाई का काम शुरू कराया है। सरकार को चाहिए कि अग्रोहा को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करे।

लूटी गई सोने की चेन खरीदने वाले सुनार समेत 2 झपटमार गिरफ्तार

सोहना। दिन-दहाड़े मोटरसाइकिल सवार झपटमारों के बाजार में चलते राहगीर के गले से सोने की चेन झपटने वाले मामले में सीआईए पुलिस ने एक-एक कड़ी को जोडक़र जांच को आगे बढ़ाते हुए 2 झपटमारों को पकडऩे में कामयाबी पाई है। इतना ही नही पुलिस ने पकड़ में आए आरोपियों से की गई पूछताछ के बाद छीनी गई चेन को सस्ते दामों में खरीदने वाले एक स्वर्णकार को भी गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान 25 वर्षीय अजय यादव तथा 22 वर्षीय शुभम और जेवरात सर्राफा कारोबारी नव कुमार सुनार के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर लूट में प्रयुक्त की गई एक बुलेट मोटरसाइकिल, 2 हैल्मेट, एक लाख 27 हजार रुपए की नकदी और सोने को पिघलाने में प्रयोग किए जाने वाला एक गैस सिलेंडर तथा एक कार बरामद की है। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन के अनुसार एक महिला ने सत्रह सितंबर को पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि जब वह अपने घर के बाहर प्रातः समय सैर कर रही थी, तभी एक मोटरसाइकिल पर दो युवक वहां आए और उसके गले से सोने की चेन तोडक़र ले गए। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया और जांच में जुट गई। जिसके बाद पुलिस ने आज दोनों आरोपियों को एक गांव के समीप एक स्थान से पकडऩे में कामयाबी पाई। सीआईए पुलिस निरीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि आरोपियों में से एक अजय यादव को सेक्टर पचपन-छप्पन से और दूसरे आरोपी को शुभम को मथुरा के गांव सीताराममंदोरा में खेतों से गिरफ्तार किया जबकि आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई चेन को सस्ते में खरीदने वाले तथा गांव चकरपुर में हरे कृष्णा ज्वलर्स के नाम से जेवरात सर्राफा का काम करने वाले स्वर्णकार नवकुमार सर्राफ को गांव चकरपुर से गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी अजय एंबुलेंस चलाने का काम करता है तो दूसरा आरोपी शुभम जोमेटों में ड्राईविंग का काम करता है। इन दोनों की मुलाकात करीब एक वर्ष पहले एक माल में हुई। तभी से इन दोनों के बीच गहरी दोस्ती हो गई और इन दोनों ने मोटरसाइकिल पर चेन झपटमारी की 6 वारदातों को अंजाम दिया और हाल ही में लूटी गई सोने की एक चेन को जेवरात कारोबारी नवकुमार सुनार को मात्र 55 हजार रुपए में बेच दिया। पुलिस प्रवक्ता सुभाष बोकन की माने तो पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर पूछताछ के लिए रिमांड पर लेगी ताकि और भी अनसुलझी वारदातों को सुलझाने में मदद मिले।

स्कूटी से 3 पेटी देशी व एक पेटी अंग्रेजी शराब बरामद,आरोपी गिरफ्तार

सोहना। पुलिस की सक्रियता के बावजूद शराब तस्कर शराब की तस्करी करने से बाज नही आ रहे है। इस बात का खुलासा रविवार को उस वक्त हुआ, जब एक स्थान पर पुलिस टीम ने तेजरफ्तार में आ रही एक स्कूटी को जांच के लिए नाके पर रूकवा लिया। पुलिस ने जब स्कूटी की तलाशी ली तो स्कूटी के भीतर से 3 पेटी देशी व एक पेटी अंग्रेजी शराब भरी मिली। जिस पर पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया। जिसकी पहचान प्रदीप कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शराब समेत स्कूटी को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस उससे पूछताछ कर रही है ताकि पता चले कि आरोपी किस-किस स्थान पर किस-किसको अवैध रूप से शराब सप्लाई करता है। आरोपी को पुलिस जल्द अदालत में पेश करेगी।

अपनी मांगों को लेकर आशावर्कर आज से देगी गिरफ्तारियां

सोहना। आशावर्करों की मांगें ना माने जाने से नाराज आशावर्करों ने सरकार को कुंभकर्णी नींद से जगाने के लिए सोमवार, 25 सितंबर से जिला मुख्यालय पर गिरफ्तारियां देने का फैसला लिया है। जिसके लिए आशावर्कर यूनियन ने तैयारियां पूरी कर ली है। गिरफ्तारियां देने के लिए आशावर्करों में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। राज्य में 20 हजार आशावर्कर सोमवार, 25 सितंबर को अपनी मांगों को लेकर गिरफ्तारी देने का काम करेगी। अहम बात ये है कि आशावर्कर से आठ अगस्त से अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चल रही है लेकिन फिर भी भाजपा सरकार की कुंभकर्णी नींद नही टूट रही है। आशावर्करों का कहना है कि महिला हितों की बात करने वाली भाजपा-जजपा ने उनकी मांगें जायज होने के बावजूद मांगों को ना मानकर अपना महिला विरोधी चेहरा बेनकाब कर दिया है। शर्मनाक बात ये है कि उनका मानदेय वर्ष-2018 से आज तक नही बढ़ाया गया है जबकि उनसे काम पांच गुणा ज्यादा लिया जा रहा है। गुस्साई आशावर्करों ने साफ कहा कि जब तक सरकार उनकी मांगें पूरी नही करेगी, वह हड़ताल से हर्गिज वापिस नही लौटेगी। सोहना ब्लॉक में काम कर रही करीब 150 आशावर्करों ने अपनी मांगों को लेकर सरकार विरोधी नारेबाजी की। गुस्साई आशावर्करों ने साफ-सपाट लहजे में कहा कि यदि सरकार ने उनकी मांगों को स्वीकार नही किया तो वह जेल जाने में भी पीछे नही हटेगी। अपनी मांगें ना माने जाने के विरोध में 25 सितंबर से जेल भरो आंदोलन चलाएगी। इस मौके पर आशावर्कर यूनियन की सोहना ब्लॉक प्रधान मीरा देवी समेत विभिन्न वक्ताओं ने बताया कि लंबे समय से आशाएं अपनी मांगों को लेकर धरनाप्रदर्शन करते हुए आवाज उठा रही है।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने शहर में प्रदर्शन कर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का फूंका पुतला

पीएम और सीएम पर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने की आपत्तिजनक टिप्पणी पर माफी मांगे कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष : दयाराम

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल के महावीर चौक पर कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष का पुतला फूंकते भाजपा कार्यकर्ता।

नारनौल । हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को लेकर दिए गए अभद्र बयानों पर भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय कार्यकर्ता पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में एकत्रित हुए, वहां से विरोध प्रदर्शन करते हुए महावीर चौक तक गए। जहां उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का पुतला फूंका। भाजपा जिला अध्यक्ष दयाराम यादव ने कहा कि अभी भी समय है कांग्रेस के नेता अपने अंदर झांक ले। देश की जनता उन्हें पूरी तरह से नाकार चुकी है। कांग्रेसी सिर्फ खबरों में बने रहने के लिए कोई भी ऊल जुलूल बयान दे रहे हैं। नांगल चौधरी विधायक डा. अभय सिंह यादव ने कहा कि कांग्रेस बौखलाई हुई है और गलत भाषा का प्रयोग करके हमारे सम्मानित नेता का मजाक उड़ा रही है। अटेली विधायक सीताराम यादव ने कहा कि कांग्रेस के छोटे से बड़े नेता शब्दों का चयन करना भूल गए हैं, इसलिए वह भाजपा के नेताओं पर अभद्र भाषा का प्रयोग करके अपनी ओछी मानसिकता का परिचय दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री से लेकर हमारे स्थानीय नेता व मंत्री पर भी कांग्रेस के नेता अभद्र भाषा का प्रयोग करते हैं। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री पर की गई अभद्र टिप्पणी पर रोष है। वहीं आईटीआई मैदान में आयोजित शहीद समान समारोह में अर्जुन राव द्वारा मंत्री व सांसद पर की गई अभद्र टिप्पणी पर भी स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं में भारी रोष है।

रास्तों में बहता पानी लोगों के लिए बना जी का जंजाल

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल । गांव गनियार में गंदे पानी की निकासी न होने के कारण ग्रामीण बेहद परेशानी से जूझ रहे हैं। घरों से निकलने वाला गंदा पानी मुख्य मार्गों पर ही जमा रहता है गंदे पानी की निकासी के लिए बनाए गए गड्ढे इतनी दुर्गंध दे रहे हैं की आसपास रहने वाले लोगों का जीवन जीना दुभर हो हो रहा है। पंचायत द्वारा इस गंदे पानी की निकासी को लेकर कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीण लालाराम, देवेंद्र कुमार, ललित कुमार, विक्रम सिंह, विजय कुमार,नवीन कुमार आदि का कहना है कि गांव में घरों से निकलने वाले गंदे पानी की निकासी की उचित व्यवस्था ने होने के कारण ग्रामीण काफी समय से परेशान हो रहे हैं लेकिन ग्राम पंचायत इस गंदे पानी की निकालने की उचित व्यवस्था नहीं कर पा रही है, क्योंकि यह गंदा पानी सडक़ों पर भरने से वाहनों के आवागमन व आम नागरिक काफी परेशान हैं।ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग कि है की इस समस्या से अविलंब निजात दिलाई जाए क्योंकि इस गंदे पानी से मक्खी मच्छर उत्पन्न हो रहे हैं जिससे बिमारी फैलने की आशंका प्रबल हो रही है। इस विषय में सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश का कहना है कि ग्राम पंचायत के पास गंदे पानी की निकासी के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं है तथा पंचायत इस समस्या के प्रति सजक है जल्द ही पानी निकासी के लिए जगह की व्यवस्था कर इस समस्या को दूर करवाया जाएगा।

राजस्था के शिष्ट मंडल ने धार्मिक स्थलों व शिक्षा संस्था का भ्रमण किया

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। राजस्थान के जिला भीलवाड़ा की ओर से फूड एजेंसी एवं क्लॉथ मरचेंट्स की ओर से एक शिष्ट मंडल ने रविवार को गांव कांटी के धार्मिक स्थलों एवं शिक्षण संस्थान का भ्रमण किया। टीम के संयोजक एवं समाजसेवी श्री राधेश्याम अग्रवाल ने धार्मिक स्थलों का दौरा किया व अपनी पूर्वज दादी माता जी की समाधि पर पाठ, पूजा करने उपरांत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांटी के प्रांगण में बैठकर जलपान किया। उस टीम ने प्रवक्ता सुंदरलाल सुबोध, देवेंद्र शास्त्री, मोहन अग्रवाल व हुकम चंद सैनी के साथ वर्तमान परिपेक्ष में सामाजिक सद्भाव तथा सामाजिक उत्थान में सांस्कृतिक मूल्यों की महता पर प्रकाश डालते हुए, टीम संयोजक राधेश्याम अग्रवाल ने बताया कि हमें अपनी परंपराओं को नहीं भूलना चाहिए। जिसके माध्यम से हम अपनी सांस्कृतिक विरासत को बचाए रख सकते हैं। लगभग तीन पीढ़ी पहले हमारे पूर्वज लेखराज अग्रवाल कांटी छोडक़र

व्यक्ति को अपनी परंपराओं को नहीं भूलना चाहिए : राधेश्याम

व्यापार के लिए मध्य प्रदेश के मंसूर जिले को गए थे। लेकिन आज तक भी उनके वंशज प्रतिवर्ष कांटी आते रहे हैं। भ्रमण करने उपरांत राधेश्याम अग्रवाल व उनके तीनों बेटों लोकेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल व उमेश अग्रवाल ने संस्थान को सोलह सीसीटीवी कैमरे दान करने का आश्वासन दिया तथा बताया कि भविष्य में इसी तरह से यदि माता जी की कृपा बनी रही तो वे समय-समय पर विद्यालय में गरीब बच्चों का आर्थिक सहयोग करते रहेंगे। विद्यालय के स्तर को जानने के लिए राधेश्याम अग्रवाल ने मोबाइल फोन पर प्राचार्य दिनेश यादव से विस्तार पूर्वक बातचीत की तथा बताया कि माता की कृपा रही तो जल्दी ही माता का भंडारा भी करेंगे। उनकी नेक व दूरगामी सहायता सोच के लिए प्राचार्य ने उनको व उनके समस्त परिवार को हार्दिक दिल से बधाई एवं मंगलमय यात्रा की शुभकामनाएं दी।

रोटरी प्रधान नरेश गोगिया ने असिस्टेंट गर्वनर से कॉलर पिन ग्रहण कर शपथ ली

बेलाज क्लब में सारिका गर्ग ने रेखा रावत से कॉलर बदलकर प्रधान पद ग्रहण किया

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल। रोटरी क्लब नारनौल सिटी एवं रोटरी क्लब बेलाज की नई कार्यकारिणी 2023-2024 ने इंस्टॉलेशन सेरेमनी में शपथ ग्रहण कर विधिवत रूप से अपना नया कार्यकाल संभाला। इंस्टॉलेशन सेरेमनी में नरेश गोगिया को प्रधान तथा विनोद चौधरी को सचिव पद की जिम्मेदारियां सौंपी गई। कार्यक्रम में डिस्ट्रिक्ट गर्वनर जितेन्द्र गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता आगामी वर्ष 2024-25 के डिस्ट्रिक्ट गर्वनर महेश त्रिखा ने की। रोटेरियन अजीत जालान, प्रदीप गुप्ता, नवीन अदलखा, प्रमोद गुप्ता, गौरव आहुजा व मनीष अग्रवाल कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि रहे। सेरेमनी चेयरमैन गोपाल मित्तल ने सम्मानित अतिथियों के साथ भगवान गणेश की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित किया। एजी संजय गर्ग ने नवनियुक्त प्रधान नरेश गोगिया को प्रधान पिन पहना कर शपथ ग्रहण करवाई तथा निवर्तमान सचिव नरेश गोगिया ने नवनियुक्त सचिव विनोद चौधरी के साथ अपनी पिन एक्सचेंज कर जिम्मेदारियों का आदान प्रदान किया एवं विनय मित्तल को कोषाध्यक्ष का कार्यभार सौंपा गया। इसके साथ ही रोटरी क्लब की महिला विंग रोटरी बेलाज क्लब की निवर्तमान प्रधान रेखा रावत ने नवनियुक्त प्रधान सारिका गर्ग के साथ तथा निवर्तमान सचिव सारिका गर्ग ने नवनियुक्त सचिव प्रियंका संघी के साथ कॉलर एक्सचेंज कर अपनी अपनी जिम्मेदारियां संभाली। जिसके बाद महिला विंग की निवर्तमान प्रधान रेखा रावत पिछले कार्यकाल में पूरे वर्ष मार्गदर्शन देने हेतु डिस्ट्रिक्ट टीम का आभार व्यक्त किया तथा कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाली अपनी टीम की प्रमुख सदस्यों को उनके विशेष सहयोग के लिए स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया।

राज्य स्तर पर प्रवक्ता धर्म सिंह व चरण सिंह हुए सम्मानित

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल । चौरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार में राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्रवक्ता रसायन विज्ञान धर्म सिंह व चरण सिंह को सम्मानित किया। जिला स्तर पर एन.एस.एस. में सराहनीय कार्य करने पर अतिरिक्त मुख्य सचिव उच्चतर हरियाणा आंनद मोहन शरण व अतिरिक्त निदेशक उच्चतर शिक्षा मीनाक्षी राज ने प्रशस्तिपत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में हरियाणा राज्य के सभी जिलों के एन.एस.एस. सम्यवकों व कार्यक्रम अधिकारियों को स्वच्छता, पौधारोपण, शिक्षा, स्वास्थ्य व सामाजिक समस्याओं के समाधान में प्रशंसनीय कार्य करने पर सम्मानित किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने इनके सम्मान के लिए बधाई दी। एन.एस.एस.की स्थापना आज के दिन 1969 में की गई थी। एन.एस.एस.का मुख्य उद्देश्य समुदाय, समाज व देश सेवा के लिए युवाओं को तैयार करना है। इस अवसर पर सुरेंद्र पाहुजा अधिष्ठाता, दिल्ली क्षेत्रीय एन.एस.एस.अधिकारी, प्रदेश एन.एस.एस.अधिकारी दिनेश कुमार आदि उपस्थित थे।

श्याम बाबा के जागरण में भव्य सुंदर दरबार रहा आकर्षण का केंद्र

नारनौल। श्री श्याम आस्था मंडल का साप्ताहिक संकीर्तन स्थानीय दादरी गोल्डन ट्रांसपोर्ट कंपनी के पास मंडल प्रधान हरिओम गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजकों द्वारा बाबा श्याम का भव्य सुंदर दरबार सजाया गया जो आकर्षण का केंद्र रहा। आस्था मंडल प्रवक्ता विनोद राव ने बताया कि आचार्य भूपेश शास्त्री द्वारा मुख्य यजमान मनीष सैनी से परिवार सहित मंत्र उच्चारण करके बाबा की ज्योति प्रज्वलित की गई व सुनील कुमार ने गणेश वंदना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उसके बाद शहर के प्रसिद्ध गायकारों द्वारा बाबा का गुणगान किया गया। संजय शर्मा ने नाचो गाओ खुशी मनाओ मेरा श्याम बाबा, संजय गोयल ने ओ श्याम बाबा तेरे भरोसे मेरा परिवार, राजेंद्र सैनी ने बाबा श्याम का खूब सजा दरबार, विकास जांगिड़ ने में निर्धन तू सेठ सांवरा, परमानंद वर्मा ने श्याम आएंगे मेरे श्याम आयेंगे, पंकज लखेरा ने सुन ले ओ सावरियां सुना कर भक्तों को नाचने पर विवश कर दिया।

केशव संघी को श्री आदर्श सनातन धर्म ड्रामेटिक क्लब का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल श्री आदर्श सनातन धर्म ड्रामेटिक क्लब के सदस्यों की एक आवश्यक मीटिंग वरिष्ठ सदस्य श्यामलाल सोनी ने अध्यक्षता हुई। जिसमें निर्णय लिया गया कि प्रधान अशोक चौधरी के अस्वस्थ होने के कारण क्लब के विधि सलाहकार केशव संघी एडवोकेट को मंच का कार्यकारी अध्यक्ष बना दिया जाए, जिसे सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने सदन में पास कर दिया। अपनी नियुक्ति पर केशव संघी एडवोकेट ने नप नारनौल के पूर्व अध्यक्ष किशन चौधरी एडवोकेट का आभार जताते हुए क्लब के सभी सदस्यों का धन्यवाद करते हुए कहा की वे इस पद की गरिमा व मर्यादा अक्षुन्न रखेंगे तथा सभी को साथ लेकर चलते हुए बड़े जोश खरोश से विजयदशमी पर राम जी की सवारी निकालेंगे तत्पश्चात सीताराम महाराज जी की तपो स्थली शोभा सागर के प्रांगण में रामलीला का मंचन करते हुए रावण दहन का आयोजन भव्य रूप से करेंगे। किशन चौधरी एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्यातिथि मंत्री ओमप्रकाश यादव होंगे, वहीं प्रमूख समाजसेवी लालचंद जोशी की भी गरिमामयी उपस्थिति भी मंच को प्राप्त होगी। आयोजन के लिए चंदा कमेटी का संयोजक विजय शर्मा व मंच पर सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी पप्पू को सौंपी गई। पार्षद नितिन चौधरी एडवोकेट ने बताया कि 15 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक शाम 7 बजे मां भगवती जी की आरती क्लब के मंच पर पूर्व के सैकड़ों वर्ष की भांति होगी। मीटिंग में प्रधान अशोक चौधरी, मंत्री भरत कुमार, नरसिंह दायमा, बंसीलाल सैनी, जितेन्द्र कुमार, धीरज चौधरी, रतनलाल, दिनेश जैन, रामावतार दायमा, विजय शर्मा, भीमसेन सोनी, द्वारका प्रसाद पाण्डेय, अशोक शर्मा आदि उपस्थित थे।

रैली किसान विजय सम्मान रैली के लिए बड़ी संख्या में महिलाओं का जत्था रवाना

राजस्थान की सत्ता में परिवर्तन लेकर आएगी सीकर रैली: डा. मनीष शर्मा

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल । 25 सितंबर की सीकर में पूर्व उपप्रधामंत्री चौधरी देवीलाल की जयंती पर प्रस्तावित किसान विजय सम्मान रैली में भाग लेने के लिए जिले से बसें भरकर भारी संख्या में महिलाओं का जत्था रवाना हुआ। यह जत्था रात्रि को सालासर धाम में देवी-देवताओं का दर्शन करेगा तथा अगली सुबह 25 सितंबर को सीकर के लिए रवाना हो जाएगा। यह जानकारी देते हुए जेजेपी के जिला प्रवक्ता सिकंदर गहली ने बताया कि इस रैली को लेकर आमलोगों खासकर महिलाओं में भारी जोश एवं उत्साह बना हुआ है और पार्टी की राष्ट्रीय महासचिव एवं नगर परिषद की चेयरपर्सन कमलेश सैनी खुद महिलाओं के साथ बस में सवार होकर सीकर के लिए रवाना हुई। इस अवसर जेजेपी के जिलाध्यक्ष डा. मनीष शर्मा ने कहा कि सीकर रैली को लेकर हरियाणा एवं राजस्थान के लोगों में भारी उत्साह बना हुआ है और यह रैली राजस्थान में सत्ता परिवर्तन लेकर आएगी। इससे राजस्थान की राजनीति को नई दिशा मिलेगी और वहां की विधानसभा का ताला जेजेपी की चॉबी से ही खुलेगा। इस मौके पर महिला जिलाध्यक्ष सुविधा शास्त्री ने कहा कि पहली बार सीकर रैली को लेकर जिले की महिलाओं में इतना भारी उत्साह देखने को मिला है और इस रैली में महिलाएं उपस्थिति के लिहाज से नया इतिहास रचेंगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान की राजनीति में यह आधी आबादी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली है और राजस्थान में जेजेपी का भविष्य बड़ा ही उज्ज्वल नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल की नीतियों पर चलते हुए उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला राजस्थान में नया इतिहास रचेंगे। इस मौके पर उनके साथ काफिले में वरिष्ठ नेत्री सावित्री गुर्जर, महिला हलका अध्यक्ष सोनिया धनखड़, सुनीता धौलेड़ा, सुषमा सराय व उर्मिला समेत सैकड़ों महिलाएं मौजूद थी।

अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की नवनियुक्त जिला कार्यकारिणी की बैठक आयोजित

इंद्रजीत सिंह, भरोसा मित्र

नारनौल, स्थानीय शहर नारनौल स्थित लाल पहाड़ी पावर हाउस पर अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की नवनियुक्त कार्यकारिणी की बैठक जिला अध्यक्ष आशीष गोरा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने बताया कि जिला कार्यकारिणी द्वारा अनुबंध पर काम कर रहे सभी कर्मचारियों को यूनियन की गतिविधि के बारे में अवगत कराया जाएगा तथा नारनौल सर्कल के प्रत्येक सब डिवीजन में जाकर विशेष सदस्यता अभियान चलाकर अनुबंध

प्रत्येक सब-डिविजन में चलाया जाएगा सदस्यता अभियान

पर काम कर रहे कर्मचारियों को यूनियन से जोड़ा जाएगा व कर्मचारियों की समस्याओं का निवारण उच्च अधिकारियों द्वारा यूनियन के माध्यम से करवाया जाएगा। इस मौके पर जिला अध्यक्ष आशीष गोरा, उपाध्यक्ष अनूप, सचिव कर्मवीर जाखड़, कोषाध्यक्ष प्रवीण कुमार, प्रेस सचिव सूरज, जिला संगठन करता सोनू यादव, सलाहकार चिंतामणि गुप्ता व कार्यकारिणी सदस्य अशोक सैनी व उमेश कुमार मौजूद थे।

कार से 7 पेटी देशी शराब बरामद-आरोपी गिरफ्तार

सोहना। पुलिस की सक्रियता के बावजूद शराब तस्कर शराब की तस्करी करने से बाज नही आ रहे है। इस बात का खुलासा रविवार को उस वक्त हुआ, जब एक स्थान पर पुलिस टीम ने तेजरफ्तार में आ रही एक कार को जांच के लिए नाके पर रूकवा लिया। पुलिस ने जब कार की तलाशी ली तो कार के भीतर से 7 पेटी शराब भरी मिली। जिस पर पुलिस ने कार चालक को हिरासत में ले लिया। जिसकी पहचान जगबीर के रूप में हुई है।

खबर फटाफट

गणपति बप्पा को भक्तों ने दी विदाई

फरीदाबाद। महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा आयोजित सार्वजानिक श्री गणेश उत्सव गांधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में बड़ी धूमधाम से मनाया जा रह था। मंडल द्वारा सत्यनारायण महाकथा का आयोजन कराया गया। मंडल द्वारा सायं 8 बजे बाप्पा की आरती की गई व आरती के बाद भण्डारे का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीमा त्रिखा ने बाप्पा का आशीर्वाद लिया व सभी के साथ भंडारे का महाप्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में आलू की सब्जी, पूरी व हलवे का प्रसाद वितरित किया गया। मंडल द्वारा बाप्पा की भव्य विसर्जन शोभायात्रा दोपहर 2 बजे से निकाली गई। यात्रा में भक्तजनों ने ढोल ताशे की धाप पर नाच गाकर एवं गुलाल एक-दूसरे को लगाकर बाप्पा को नम आंखों से विदाई दी व बाप्पा से कहा कि अगले बरस तू जल्दी आ, बाप्पा की विसर्जन शोभायात्रा गांधी कॉलोनी उत्सव स्थल से चलकर पांच नम्बर पहुंची वहां पर सभी भक्तजनों का फूल माला द्वारा आदर सत्कार किया गया एवं सभी के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। वहां से चलकर यात्रा 5 नंबर मैन मार्किट के चौक पर पहुंची जहां गोपाल द्वारा भक्तजनों के लिए खाने का प्रबंध किया गया था। वहां से फिर सब भक्त जन अपनी गाडियों में सवार होकर विसर्जन स्थल तक पहुंचे। यात्रा में मंडल के राजेन्द्र पांचाल, चिंतामणि, विनय पांचाल, यशवंत पांचाल, सुधाकर पांचाल, लक्ष्मण पांचाल, प्रवीन राठोड, रविन्द्र पांचाल, विलास पांचाल, डीएम थोटे, विनय, तेजस, शेखर, हरेन्द्र, ओजस, कर्ण, रोहित, ललित, अनिल, निखिल व मंडल के सभी कार्यकर्ता उपस्थति रहे।

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने दी कुमारी शैलजा को जन्मदिन की बधाई

फरीदाबाद। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक के नेतृत्व में सैकड़ो कांग्रेसी कार्यकर्ता आज अखिल भारतीय कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री, हरियाणा प्रदेश कांग्रेस की पूर्व अध्यक्षा और छत्तीसगढ़ की प्रभारी

कुमारी सैलजा के दिल्ली स्थित निवास पर पहुंचे और उन्हें जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस मौके पर बलजीत कौशिक ने उन्हें फूलों का गुलदस्ता भेंट किया और मिठाई खिलाई तथा उनकी दीघायु की कामना की। बलजीत कौशिक ने कहा कि कुमारी सैलजा राष्ट्रीय राजनीति में अपनी अलग ही पहचान रखती है, राजनीति में जहां पर कदम रखा एक छत्र राज किया, कांग्रेस में जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपी गई उसका ईमानदारी से पालन किया, वे राजस्थान और हिमाचल प्रदेश की प्रभारी रही और आज छत्तीसगढ़ की प्रभारी है। प्रदेश की राजनीति में आज वो सबसे बड़ा चेहरा है। कांग्रेस में आज उनका कद इतना बड़ा है कि उन्हें मुख्यमंत्री पद का दावेदार माना जा रहा है। इस अवसर पर कुमारी सैलजा ने कहा की मेरे जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए में सभी का धन्यवाद करती हुं। उन्होनें कहा कि पूरा हरियाणा मेरा परिवार है और आप सभी के प्यार और आर्शीवाद हमेशा मेरे ऊपर ऐसे ही बना रहे यही मेरी ईश्वर से कामना है।

दो शातिर वाहन चोर दबोचे

फरीदाबाद। क्राइम ब्रांच 56 प्रभारी सुंदर सिंह व उनकी टीम ने चोरी के मुकदमे में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में पीयूष तथा उमेश का नाम शामिल है जो पल्ला एरिया के रहने वाले हैं। क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए समयपुर चुंगी के पास नाका लगाकर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया था जिसमें आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई जो उन्होंने जुलाई महीने में सारन एरिया से चोरी की थी। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि दोनों आरोपी बहुत ही शातिर अपराधी है जिनके खिलाफ दिल्ली और फरीदाबाद में स्नैचिंग, चोरी तथा अवैध हथियार के 7 मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी उक्त मुकदमों में कई बार जेल की सजा भी काट चुके हैं ।

दिव्यांग कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर में बोले केंद्रीय राज्य मंत्री

दिव्यांगजनों का जीवन बेहतर बना रही सरकार : गुर्जर

कहा, इंग्लैण्ड और जर्मन की तर्ज पर किए जा रहे हैं दिव्यांगजनों को 23 प्रकार के आधुनिक तकनीक के कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरणों का वितरण

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। भारत सरकार के भारी उद्योग और ऊर्जा विभाग के केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि दिव्यांगजनों को मोदी सरकार द्वारा मुख्यधारा में जोडने् का हर संभव प्रयास कर रही है। केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर आज रविवार को भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण कंपनी, नवादा सेक्टर-110 ए में भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की एडिप एवं वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन और वरिष्ठ नागरिक हेतु जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा एलिम्को की भागीदारी के साथ दिव्यांग कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण वितरण शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर वहां उपस्थित लोगों को सम्बोधित कर रहे थे। केंद्रीय मंत्री कृष्णपाल गुर्जर ने कहा कि दिव्यांगजनों और वयोश्री को भारत सरकार की योजनाओं के तहत आपको आपकी जरुरत के हिसाब से निःशुल्क उपकरण देने का कार्यक्रम आज यहां आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि जब से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली है तबसे दिव्यांगों के लिए अनेक योजनाएं मोदी सरकार ने बनाई है और दिव्यांगजन हमारे समाज का बहुत महत्वपूर्ण अंग है। इनको किसी की दया की जरुरत नहीं होती। इनको जरुरत होती है तो सिर्फ प्यार से की जाने वाली सहायता की। आज से चार पांच साल पहले एक बेटी ने जो की 80 प्रतिशत दिव्यांग होते हुए भी देश की सबसे सर्वश्रेष्ठ यूपीएससी की परीक्षा में पहला स्थान प्राप्त किया था। दिव्यांजन में प्रतिभा की भी कोई कमी नहीं होती। खेलों के क्षेत्र में अगर हम ओलंपिक में चार पदक जीत कर लाते है तो पैरा ओलंपिक में इससे ज्यादा पदक दिव्यांगजन लेकर आते है। दिव्यांगजन में अद्भुत क्षमताएं है। इनकी क्षमताओं का उपयोग देश हित में हो इसके लिए उनकी सभी जरूरतों को पूरा किया जाए। पहले 80 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांगता वाले व्यक्ति को कही आने जाने के लिए किसी न किसी सहायक की जरुरत पड़ती थी। अब 80 प्रतिशत से ज्यादा दिव्यांता वाले व्यक्ति को बैटरी वाली साइकिल दी जा रही है ताकि वह स्वयं बिना किसी की मदद के कही भी आ जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिव्यांग जनों के लिए सुगम्य भारत अभियान के तहत रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, एयरपोर्ट सहित तमाम शौचालय पर भी रैंप बना कर उन्हें स्वावलंबी बनाने का काम किया है। फरीदाबाद जिले में भी लगभग छह लाख रुपये की धनराशि के प्रति कोकलियर इंप्लांट सैकड़ों बच्चों को लाभ मिला है और देश में हजारों युवाओं इसका फायदा ले चुके हैं और वे जीवन की मुख्यधारा में जी रहे हैं। दिव्यांगजनों को सशक्त, स्वावलम्बी एवं समावेशी वातावरण प्रदान करने के लिए सरकार हर संभव प्रयास कर रही है। केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बताया कि भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना अन्तर्गत एलिम्को द्वारा दिव्यांगजनों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए परीक्षण शिविरों का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण कंपनी के प्रबंधक हरीश कुमार, वाइस चेयरमैन हरियाणा रेडक्रॉस श्रीमती सुषमा गुप्ता, जिला रैडक्रास के सचिव बिजेन्द्र सोरोत, जिला प्रशिक्षण अधिकारी पुरुषोत्तम सैनी, सरंक्षक विमल खण्डेलवाल, निवर्तमान पार्षद अजय बैसला, जयपाल, संजू चपराना सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

243 दिव्यांगजन और 640 वरिष्ठ नागरिक चिन्हित

जिसमें कुल 843 लाभार्थियों में 243 दिव्यांगजन तथा 640 वरिष्ठ नागरिकों को चिन्हित किया गया था। योजना के अंतर्गत इन चिन्हित लाभार्थियों को लगभग 78,36 लाख रुपये की धनराशि के 3706 सहायक उपकरण का वितरण किया गया। शिविर में एडिप और आरवीआई के वितरित किए जाने वाले कुल सहायक उपकरणों में 73 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 53 ट्राईसाइकिल, 85 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 05 ब्रेल किट, 37 वाकर, 09 सीपी चेयर, 138 बैसाखी, 488 वॉकिंग स्टीक छड़ी, 543 बीटीआई (कान की मशीन), 01 स्मार्ट केन, 12 सुग्मय केन, 06 स्मार्ट फोन, 02 कृत्रिम अंग एवं कैलिपर्स, 14 ट्राइपॉड, 06 टेटापोड, 455 चश्मे, 129 चेयर स्टूल कमोड के साथ, 950 नी ब्रेस, 109 सर्वाइकल कोलर, 30 स्पाइनल स्पोर्ट, 554 एलएस बेल्ट, 09 फुटवियर शामिल हैं।

गरीबों के आशियानों को उजाड़ने पर तुली भाजपा : ललित नागर

पूर्व विधायक ने बसंतपुर कालोनी, पंचशील एंक्लेव-दो में जाकर सुना लोगों का दुखड़ा

बोले,कांग्रेस पार्टी गरीबों के साथ खड़ी है,किसी को भी नहीं उजड़ने देंगे

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। तिगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं नूंह जिले के प्रभारी ललित नागर ने कहा है कि भाजपा सरकार गरीबों को उजाडने् पर तुली हुई है, एक तो पहले ही महंगाई और भ्रष्टाचार ने आमजन का जीना दुश्वार कर दिया है, अब सरकार गरीबों के आशियानों को उजाडने् के नए-नए बहाने ढूंढ रही है, लेकिन कांग्रेस पार्टी ने हमेशा गरीबों के हकों की आवाज उठाई है और आगे भी इनकी आवाज बुलंद करने का काम करेगी। श्री नागर रविवार को तिगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बसंतपुर, अगवानपुर, इस्माइलपुर, बसंतपुर कालोनी पंचशील एंक्लेव-2 में प्रशासन द्वारा भेजे गए तोडफ़ोड़ के नोटिसों के संदर्भ में आयोजित मीटिंग में लोगों को संबोधित कर रहे थे। ललित नागर ने कहा कि जब केंद्र और हरियाणा में कांग्रेस सरकार थी, उस दौरान गरीब व जरूरतमंद लोगों को सौ-सौ वर्ग गज के मुफ्त प्लांट देकर उन्हें बसाने का काम किया गया था, लेकिन इस भाजपा सरकार ने गरीबों को बसाने के बजाए उन्हें उजाडने् का मन बना लिए है इसलिए आए दिन गरीबों के आशियानों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है, जो कि पूरी तरह से गलत है। पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि वह किसी कीमत पर लोगों को उजडने् नहीं देंगे और उनके हक-हकूक की आवाज को सडक़ से लेकर विधानसभा स्तर पर उठवाने के लिए कोई कोर कसर बाकि नहीं छोड़ेंगे। लोगों ने मीटिंग में निर्णय लिया कि अगर उनके आशियानों को तोड़ा गया तो वह अदालत की शरण लेकर न्याय की गुहार लगाएंगे। इस अवसर पर मौलाना नसीम, मोहम्मद अफजल, मोहम्मद अकील, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद इस्लाम, मोहम्मद अनवार, महमूद अली, नवाब भाई, कामरान, मोहम्मद फरयाद, सुमन सिंह, पासवान, जलाल जी, शकील, मोहम्मद याकूब, मोहम्मद युनिस सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

जब जमीन खरीदी, तब सरकार और प्रशासन कहां थे?

पूर्व विधायक ललित नागर ने कहा कि यह बसंतपुर मलकीयत की जमीन है, कई वर्षो से लोग यहां रह रहे है, इस बार यमुना का जलस्तर बढने् के कारण दिल्ली, नोएडा की तरह फरीदाबाद में भी यमुना से सटे क्षेत्रों में पानी भर गया और लोगों को अपने आशियाने छोडने् पड़े, अब जब प्रशासन व सरकार को इन विस्थापित लोगों को पुन- बसाने के बजाए उनके आशियाने उजाडने् का क्या औचित्य बनता है। उन्होंने कहा कि वर्षो से यह लोग यहां रह रहे है, जिनके पास रजिस्ट्री भी है, इसके बावजूद इनके आशियाने क्यों उजाड़े जा रहे है? बरसों से रहते हुए यह लोग प्रशासन के सभी नियम-कायदों को पूरा करने के साथ-साथ टैक्स भी जमा करवाते है, इसके बावजूद इनके आशियाने उजाड़े जा रहे है। उस समय प्रशासन व सरकार कहां थी, जब इन लोगों ने यह जगह खरीदी थी, उस समय इन्हें क्यों खरीदने से नहीं रोका गया, अब जब इन लोगों ने अपना पूरा जीवन यहां गुजार दिया, अब सरकार इन्हें मूलभूत सुविधाएं देने के बजाए उजाडने् पर आमदा है।

रक्तदान से प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से बचती हैं जिंदगियां : देवेन्द्र

भाजपा नेता का युवाओं को आह्वान, मानवता के लिए करें रक्तदान

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। रक्तदान महादान होने के साथ जीवनदान है, रक्तदान शिविरों के माध्यम से हम प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से जिन्दगियों को बचाने का कार्य करते हैं। रक्तदान के फायदे और मानवता के लिये इसकी आवश्यकता के विषय में अधिक से अधिक लोग जागरूक हों इसके लिए लगातार रक्तदान शिविरों के आयोजन होने चाहिए। युवाओं को आगे आकर रक्तदान करना चाहिए। भाजपा स्थानीय निकाय प्रदेश सह संयोजक और निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी ने रक्तदान शिविर के उद्घाटन के अवसर पर उपस्थित रक्तवीरों को सम्बोधित करते हुए कही। भारतीय जनता पार्टी द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन को 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जा रहा है, जिसके तहत विभिन्न रचनात्मक व सेवा कार्य किए जा रहे हैं। सेवा पखवाडा की इस कड़ी में मानवता के सेवार्थ एक रक्तदान शिविर का आयोजन ईएसईसी मेडिकल कालेज एवं हॉस्पिटल फरीदाबाद के सहयोग से ग्रेटर फरीदाबाद में किया गया। इस रक्तदान शिविर के आयोजन में जिला परिषद के पूर्व चेयरमेन विनोद चौधरी, संजय शर्मा और भाजपा कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर पंडित धर्मबीर शर्मा, डॉक्टर विशन दत्त शर्मा, पंडित कलक्टर, संजय शर्मा, राजपाल शर्मा, पंडित किशन शर्मा, सचिन वकील, योगेंद्र वजीरपुर, प्रदीप गौड़, मनोरंजन गौड़, मुकेश कौशिक, हामिद खान, वीरे चौहान, पोली बिधुरी, मंगल सरदार आदि उपस्थित रहे। इस रक्तदान शिविर में लगभग 100 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। देवेन्द्र चौधरी ने इस अवसर पर सभी स्वास्थ्य कर्मियों और रक्तदाताओं से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता, स्थानीय निकाय प्रदेश सह संयोजक और निवर्तमान वरिष्ठ उप महापौर देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि जिस जरूरतमंद व्यक्ति को आपके द्वारा दिया गया, रक्त मिल जाता है तो उसका जीवन बच जाता है। इससे न केवल मानवता का भला होता है बल्कि रक्त दान करने वाले व्यक्ति को परम पुण्य का लाभ भी मिलता है। रक्तदान के कुछ अन्य फायदे भी हैं, रक्तदान करने वाले व्यक्ति का ब्लड प्रेशर और वेट कंट्रोल में रहता है जिससे हार्ट अटैक और कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा कम होता है। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी एक व्यक्ति की जान को तो बचाता ही है बल्कि साथ-साथ में कुछ व्यक्ति के जीवन से जुड़े अन्य परिवारजनों की आशाओं को भी जीवित रखता है, क्योंकि यह किसी भी रक्तदाता को पता नहीं होता कि उसके द्वारा दान किया गया रक्त कितने जरूरतमंद व्यक्ति को मिल रहा है।

कुमारी शैलजा के जन्मदिन पर कांग्रेसियों ने अभावग्रस्त छात्राओं को बांटी साइकिल

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, कांग्रेस कार्यसमिति की सदस्य व हरियाणा कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष कुमारी सैलजा के जन्मदिन पर रविवार को फरीदाबाद के कांग्रेसजनों ने बी.के चौक पर सभा का आयोजन कर अभावग्रस्त छात्राओं को साईकिल बांट कर मनाया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने राहगीरों के बीच लड्डू वितरित कर आम जनता के साथ मिलकर कुमारी सैलजा की दीर्घायु की कामना की। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व प्रदेश महासचिव बलजीत कौशिक, कामगार कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश तंवर, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष कौशिक , वरिष्ठ कांग्रेस नेता सत्यवीर डागर, प्रदेश प्रवक्ता योगेश कुमार ढींगड़ा, बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल, पीसीसी डेलिगेट संजीव चौधरी, बल्लभगढ़ पीसीसी डेलिगेट प्रियंका अग्रवाल, पूर्व प्रदेश प्रवक्ता मोहन ढिल्लों, प्रदेश कोरडिनेटर गौरव ढींगड़ा , रेणु तंवर, डॉ. सौरभ शर्मा, मौजूद रहे। उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कांग्रेसजनों के कहा कि कुमारी सैलजा ने अपने अथक मेहनत और कुशल नेतृत्व से पूरे हरियाणा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी को एक अदम्य मजबूती प्रदान करने का काम किया है। फरीदाबाद के सभी कांग्रेसजनों ने कुमारी सैलजा की कल्याणकारी सोच से प्रेरणा लेते हुए ही आज अभावग्रस्त छात्राओं को साईकिल बांटी है ताकी इन बच्चियों को शिक्षा ग्रहण करने के लिए साधन के अभाव न गुजरना पड़े। कुमारी सैलजा ने हमेशा से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोडने् का काम किया है। आज हम सभी कांग्रेस के सिपाही कुमारी सैलजा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनाने और इस दमनकारी भाजपा-जजपा सरकार को उखाड़ फेंकने का प्रण लेते हैं। इस दौरान सैंकड़ों कार्यकर्ताओं और आमजन के साथ मुख्य तौर पर मो.बिलाल, ज्ञानचंद आहूजा, एस. एल शर्मा, राजन ओझा, विनोद कौशिक, संजय त्यागी, चुन्नू राजपूत, डॉ. पराग गौतम, अशोक रावल, अनीश पाल, बाबूलाल रवि, सोनू चौधरी, सुनीता फागना, सविता चौधरी, नसीमा खान, अनिता शर्मा, स्वर्ण सिंह आर्य, डॉ. वीरेंद्र, अश्विनी कौशिक, आकाश पंडित, अनुज शर्मा, विकास फागना, समीर धमीजा, शुभम कसाना, आजाद सैनी, धर्मवती शर्मा उपस्थित रहे।

नूंह में भाजपा नेताओं ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का फूंका पुतला

आस मोहम्मद, भरोसा मित्र

नारेबाजी कर जमकर निकाली कांग्रेस के खिलाफ भड़ास

नूंह । मेवात जिले के भाजपा जिला कार्यालय पर भाजपा नेताओं ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रति अभद्र भाषा का प्रयोग करने पर पुतला फूंकते उसके खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान भाजपा नेता व वक्फ बोर्ड के एडमिनिस्ट्रेटर चौधरी जाकिर हुसैन, चौधरी जाहिद हुसैन चेयरमैन, भानीराम मंगला, गंगादान डागर आदि ने कहां की प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए अभद्र भाषा का प्रयोग किया है जो अशोभनीय है। इस दौरान भाजपा नेताओं ने कांग्रेस और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए उनका पुतला फूंकते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ गलत भाषा का प्रयोग किया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि उदयभान ने जो शब्द प्रदेश के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए बोले वह उनके लिए माफी मांगे।

एक नंबर मार्केट में भीषण आग, कपड़े के शोरूम सहित सात दुकानों को चपेट में लिया

फरीदाबाद। फरीदाबाद के एनआईटी नम्बर एक मार्केट में रविवार दोपहर को कपड़ों के एक शोरूम अचानक से आग लग गई। आग लगने के कारण अभी स्पष्ट नहीं हो पाए हैं। पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू किया। आग इतनी तेजी से फैली कि आसानी से काबू नहीं पाया जा सका। आग पर काबू पाने के लिए एक के बाद एक करीबन डेढ़ दर्जन से अधिक फायर ब्रिगेड की गाडिय़ां मौके पर पहुंची। आग ने इस दौरान आसपास की 6-7 और दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया। दुकानों में आग से करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ है। फिलहाल इस आग लगने के कारणों के बारे में और आग से हुए नुकसान के बारे में आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। गनीमत रही कि इस आग के कोई जानी नुकसान नहीं हुआ। वहीं दुकानदारों ने फायर बिग्रेड की गाडिय़ों का देर से आने का आरोप लगाया है। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक सीमा त्रिखा मौके पर पहुंची। विधायक श्रीमती त्रिखा ने तुरन्त फायर बिग्रेड अधिकारियों को और अधिक गाड़ी बुलाने तथा पुलिस को लोगों को हटाकर रास्ता साफ करवाने के निर्देश दिए। विधायक ने मौके पर मौजूद पीड़ित दुकानदारों व उनके परिवार के सदस्यों को सात्वना दी और इस दुख की धड़ी में उनके साथ स्वयं व प्रदेश सरकार होने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम विधायक ने कार्यकर्त्ताओं के साथ सुनी मन की बात

लगातार मजबूत हो रहा भाजपा का संगठन : नरेंद्र गुप्ता

1 अक्तूबर के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को लेकर कार्यकर्त्ताओं से की चर्चा

सात्विक देव, भरोसा मित्र

फरीदाबाद। फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने सैक्टर-15 के कम्युनिटी सैंटर में भाजपा कार्यकर्त्ताओं व लोगों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना और 1 अक्तूबर को सैक्टर-12 में आयोजित होने वाले फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र पन्ना प्रमुख सम्मेलन को लेकर कार्यकर्त्ताओं से चर्चा की और सम्मेलन का निमंत्रण भी दिया। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुघ विशेष रूप से उपस्थित रहे वही इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा, मंडलाध्यक्ष कुलदीप साहनी, चुन्नी लाल कपूर, रविंद्र मंगला, अवतार सिंह पसरीचा, केसर जुनेजा, वीरेंद्र मेहता, अनिल जैन, नीरज चावला, संदीप बंसल, एसएस आहुजा, एसके सचदेवा, रिषी गर्ग, अनिल गोयल, डीसी गर्ग, राम मिगलानी, दीपक चौधरी, एलपी सिंह, मनजीत सिंह जांगड़ा सहित अनेक भाजपा नेता व कार्यकर्त्ता मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि भाजपा मिशन 2024 में जीत के लिए पूरी तरह से तैयार है और 1 अक्तूबर को होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन को लेकर कार्यकर्त्ताओं में बहुत जोश है और उन्हें पूरी उम्मीद है कि इस पन्ना प्रमुख सम्मेलन में भारी संख्या में लोग पहुंचेंगे। उन्होंने

कहा कि भाजपा का संगठन लगातार मजबूत हो रहा है और आज सभी कार्यकर्त्ताओं के साथ मिलकर उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात को भी सुना। पीएम ने अपने मन की बात में चांद पर चंद्रयान-3 की लैंडिंग से लेकर जी20 के सफल आयोजन तक पर बात की। पीएम के इस कार्यक्रम से लोगों को काफी प्रेरणा भी मिलती है। उन्होंने कहा कि जैसा कि पीएम ने कहा कि हम अपने कर्त्तव्य को निभाते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं, उसी तरह भाजपा सरकार की देश के प्रति अपने कर्त्तव्य का निर्वाह कर रही है और निश्चित रूप से वर्ष 2024 के लक्ष्य को प्राप्त करने में भाजपा पूर्ण रूप से सफल होगी और इसमें पन्ना प्रमुखों का अहम रोल होगा। इसलिए पन्ना प्रमुख सम्मेलन में पन्ना प्रमुखों को केंद्र व प्रदेश में भाजपा सरकार को पुन- स्थापित करने का संकल्प लेने का आह्वान किया जाएगा। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के 1 अक्तूबर को आयोजित होने वाले पन्ना प्रमुख सम्मेलन में हजारों की संख्या में पन्ना प्रमुख व लोग भाग लेंगे।

खबर फटाफट

युवकों ने किया पुलिस कर्मचारियों पर हमला

हिसारः सूचना मिलने पर चंदन नगर में शनिवार देर रात युवकों को समझाने गए पुलिसकर्मियों पर तैश में आकर हमला कर दिया।उन्होंने सब इंस्पेक्टर सहित पीसीआर के कर्मचारियों के साथ बदसलूकी की। पुलिस कर्मचारियों ने युवकों की वीडियो बनानी चाही तो पुलिस के हाथ से मोबाइल तक छीन लिया। बचाव में पुलिस कर्मचारी वहां से चले गए। जब वापस लौटे तो युवक फरार हो चुके थे। सदर थाना पुलिस पीसीआर गाड़ी के इंचार्ज सब इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि शनिवार रात करीब 11 बजे पुलिस के पास हिसार के चंदन नगर से कॉल आई थी। फोन करने वाले सतपाल ने बताया कि उसके बेटे उसे पीट रहे है। उसे आकर बचा लो। जब वे वहां गए जो फोन करने वाले के पुत्रों ने हमला कर दिया।

निर्माणाधीन फ्लाईओवर से गिरा स्लीपर, बच्चा गंभीर रूप से घायल

पलवलःरसूलपुर रेलवे फ्लाई ओवर की स्लीपर अचानक से गिरने से दौरान वहां से गुजर रहा एक बच्चा इसकी चपेट में आ गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल लाया गया। उसे गंभीर हालत में दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसके पिता की शिकायत पर पुलिस ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। कैंप थाना प्रभारी सत्यनारायण ने बताया कि बडौली (हाल हरि नगर) निवासी अजीपाल ने दी शिकायत में कहा है कि उनके घर के रास्ते में रसूलपुर रेलवे क्रॉसिंग पर फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य काफी समय से चल रहा है। फरीदाबाद निवासी कंवरजीत सिंह जो पुल निर्माण कार्य का ठेकेदार है, वह नियमों को ताक पर रखकर कार्य करा रहा है। इन दिनों वह बीमार चल रहा है। अपने 10 बेटे रवि के साथ वह रिया मेडिकल स्टोर पर दवा लेने जा रहा था। दोनों पिता-पुत्र निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज के साथ बनी सड़क से गुजर रहे थे, तब यह हादसा हो गया।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने उदयभान का पुतला फूंका

यमुनानगर : जगाधरी के मटका चौक पर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष उदयभान का पुतला फूंका। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष द्वारा प्रधानमंत्री मोदी व मुख्यमंत्री खट्टर पर की गई टिप्पणी को बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय बताया। साथ ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल पर निंदनीय टिप्पणी की है। कांग्रेस के नेता अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष पद राजेश सपरा ने कहा कि अभी भी समय है कांग्रेस के नेता अपने अंदर झांक लें, देश की जनता उन्हें बुरी तरह से नकार चुकी है।कांग्रेसी सिर्फ खबरों में बने रहने के लिए कोई भी बयान दे रहे हैं। उनकी पार्टी कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान के बयानों की घोर निंदा करती है।

बच्चों से किया कुकर्म, पहले जबरन पिलाई शराब

हिसार : यहां एक गांव में 10 और 12 वर्षीय बच्चों के साथ कुकर्म किया गया। उन्होंने पुलिस को बताया कि दोनों को गांव का ही एक युवक अपनी बाइक पर बैठाकर खेतों में ले गया था। वहां कमरे में उनके हाथ पैर बांधकर उन्हें जबरन शराब पिलाई और गलत काम किया। घटना के बारे में किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। जब बच्चों के पेट में दर्द होने पर परिवार के लोगों ने पूछताछ की तो उन्होंने पूरी घटना की जानकारी दी। पुलिस ने युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। समाचार लिखे जाने तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई थी।

बार पर मारा छापा, शराब जब्त

पंचकूला : सेक्टर-11 स्थित अलिफ लैला बार में आबकारी विभाग ने छापा मारा। इस दौरान उसे अवैध शराब का स्टॉक मिला। विभाग ने पेटियों को जब्त कर बार संचालक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बरामद शराब में कई बोतलें चंडीगढ़ आबकारी विभाग की भी मिली हैं। सबसे अहम बात यह है कि जांच में शराब का कोई भी परमिट भी बार संचालक नहीं दे सका। बार संचालक ने छत पर एक स्टोर बनाया हुआ है। शक होने पर जब आबकारी विभाग की टीम ने स्टोर का ताला तोड़कर जांच की तो उसमें भारी मात्रा में अवैध शराब की पेटियां बरामद हुई। शराब जब्त करने के बाद टीम ने पूरे मामले की जांच शुरू कर दी है।

दुष्कर्म के आरोपियों के तैयार किए गए स्केच

पानीपतःमतलौडा थाना क्षेत्र के एक डेरे में परिवार के बच्चों और पुरुषों को बंधक बनाकर तीन महिलाओं से सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों के आज पुलिस स्केच जारी कर सकती है। पुलिस ने पीड़ित महिलाओं से आरोपितों की शक्ल बारे बातचीत कर स्क्रैच तैयार कराए हैं। पुलिस हर एंगल के साथ जांच कर आरोपितों को पकड़ने का प्रयास कर रही है। समाचार लिखे जाने तक उसे उनका कोई सुराग हाथ नहीं लगा था। इस बीच राज्यसभा सदस्य कृष्ण लाल पंवार ने भी डेरे पर पहुंचकर पीड़ित महिलाओं और एसपी से मिलकर मामले को लेकर जानकारी ले चुके हैं। पुलिस न आसपास के गांव, चौक चौराहे से लेकर अन्य जगह पर लगे 300 से ज्यादा सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली है।

डिप्टी सीएम को ओपीएस का वादा याद दिलाएंगे रोडवेज कर्मचारी

रोहतकः हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन न नाराजगी जताई है कि डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला सत्तासीन होने के बाद भी अपना वादों को पूरा नहीं कर रहे। हरियाणा रोडवेज कर्मचारी यूनियन के वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश ग्रेवाल, जयबीर घणघस और रोहतक डिपो प्रधान सुरेश नहरा ने कहा कि प्रदेश की सत्तासीन सरकार में दुष्यंत चौटाला ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में कर्मचारियों को पुरानी पेंशन नीति बहाल करने की घोषणा की गई थी। ओमप्रकाश ग्रेवाल ने आह्वान किया कि हरियाणा कर्मचारी महासंघ के बैनर तले 28 सितंबर को उपमुख्यमंत्री को वादा याद दिलाओ वादा लागू करो के लिए उनकी विधानसभा उचाना में प्रदर्शन होगा। इस दौरान ज्ञापन सौंपा जाएगा, जिसमें राडवेज कर्मचारी बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। केंद्र सरकार द्वारा 2004 व राज्य सरकार द्वारा 2006 सरकार ने कर्मचारियों की पेंशन को सरकारी खजाने पर आर्थिक बोझ बताकर बन्द कर दी थी।

चौ. देवीलाल जयंती समारोह से जेजेपी राजस्थान में बजाएगी चुनावी बिगुल

कांग्रेस से परेशान लोग व्यवस्था परिवर्तन के लिए तैयार : दुष्यंत चौटाला

राजस्थान की जनता 2023 में ही कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने की तैयारी में

शशिभूषण सैनी, भरोसा मित्र

चंडीगढ़। प्रदेश के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने बतायाकि जननायक जनता पार्टी 25 सितंबर को देश के उपप्रधानमंत्री जननायक चौधरी देवीलाल की जयंती को उनकी कर्मभूमि सीकर में किसान विजय सम्मान दिवस रैली करके मनाएगी। सीकर के जिला स्टेडियम में होने वाली इस विशाल रैली को लेकर जेजेपी द्वारा तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। रैली को जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, वह स्वयं, जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष निशान सहित हरियाणा और राजस्थान के कई वरिष्ठ नेता संबोधित करेंगे। सीकर रैली में हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, दिल्ली, यूपी सहित कई राज्यों से लोग हिस्सा लेंगे।

चंडीगढ़ में हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि 25 सितंबर को जननायक चौधरी

देवीलाल की 110वीं जयंती हैं और जेजेपी उनकी कर्मभूमि सीकर की पावन धरा पर देवीलाल जयंती मनाएगी। उन्होंने कहा कि देवीलाल के अनुयायी उन्हें नमन करने के लिए बढ़-चढ़कर सीकर पहुंचेंगे और लाखों लोग सीकर पहुंचकर कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाएंगे।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि सीकर की पावन धरा से ही चौ. देवीलाल सांसद बनकर देश के उपप्रधानमंत्री बने थे।

चौटाला ने कहा कि राजस्थान में आज कांग्रेस सरकार से परेशान लोग व्यवस्था परिवर्तन चाहते है और सीकर रैली से जेजेपी राजस्थान में बदलाव की नींव रखेगी। उन्होंने कहा कि राजस्थान कांग्रेस के पोस्टरों में मिशन-2030 लिखा हुआ है जबकि राजस्थान की जनता 2023 में ही कांग्रेस का सूपड़ा साफ करने की तैयारी में है इसलिए जनता कांग्रेस को 2030 का मौका ही नहीं देगी।उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा कांग्रेस की गुलाबी गैंग की तरह प्रदेश को बर्बाद करने के लिए राजस्थान में भी गुलाबी गैंग बनी है। उन्होंने कहा कि राजस्थान कांग्रेस सरकार हजारों करोड़ रुपए विज्ञापन पर खर्च करके पैसे की बर्बादी कर रही है। राजस्थान की कांग्रेस सरकार में पंजाब की तरह नशा बढ़ा है, माइनिंग माफिया हावी है, यूपी, बिहार की तरह आपराधिक घटनाओं में बढ़ोतरी और महिलाएं सुरक्षित नहीं है।

दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राजस्थान में पिछले 13 महीनों में 17 पेपर लीक के मामले सामने आएं है और भर्ती प्रक्रिया के तहत एक ही ब्लॉक में 200 सब इंस्पेक्टर की भर्ती और एक परिवार में तीन लोगों को नौकरी देकर भेदभाव किया गया है। उन्होंने कहा कि ऐसे हालातों को देखते हुए राजस्थान की जनता बदलाव चाहती है और उसमें जेजेपी अहम कड़ी साबित होगी।

हरियाणा के उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में जेजेपी 25 से 30 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही है और मजबूत उम्मीदवार मैदान में उतारकर राजस्थान विधानसभा का ताला जेजेपी की चाबी से खोलने का काम किया जाएगा। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राजस्थान में व्यवस्था परिवर्तन के लिए कई पूर्व विधायक, अनुभवी राजनीतिक लोग निरंतर जेजेपी से जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी मजबूती से वहां चुनाव लड़ेगी और राजस्थान के हित में बदलाव के लिए कार्य करेगी।

उदयभान के बयान को निंदनीय बताया

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने हरियाणा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान द्वारा देश के प्रधानमंत्री और हरियाणा के मुख्यमंत्री पर की गई एक टिप्पणी की कड़ी निंदा की है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश स्तर के कांग्रेस नेता द्वारा अशोभनीय टिप्पणी करना कांग्रेस नेताओं की सोच को दर्शाता है कि वे व्यक्तियों, महिलाओं के बारे में क्या सोच रखते है। उन्होंने कहा कि ऐसी शब्दावली का इस्तेमाल करना बेहद निंदनीय है।

मूक-बधिरों के सर्वांगीण विकास के लिए जागरूक बने समाज : राज्यपाल

गुरुग्राम के वाणी एवमं श्रवण निशक्त जन कल्याण केन्द्र ने स्थापना दिवस मनाया

भरोसा मित्र / एमके अरोड़ा

गुरुग्राम। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि मूक एवं बधिरों के सर्वांगीण विकास के लिए केंद्र व हरियाणा सरकार द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। जिसके माध्यम से उनके मन में इस भावना का निर्माण किया जा रहा कि वे भी समाज का अभिन्न हिस्सा है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों के साथ साथ समाज को भी आगे बढ़कर इनके सामाजिक उत्थान में अपना महत्वपूर्ण योगदान देना होगा। राज्यपाल शनिवार की शाम अंतर्राष्ट्रीय सांकेतिक भाषा दिवस व गुरुग्राम के वाणी एवमं श्रवण निशक्त जन कल्याण केन्द्र के 53 वें स्थापना दिवस के अवसर पर गुरुग्राम केंद्र में आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्यातिथि संबोधित कर रहे थे।

एडीसी हितेश कुमार मीणा ने जिला प्रशासन की ओर से राज्यपाल को शॉल व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। राज्यपाल ने शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में अमर शहीदों को नमन कर ने के बाद कहा कि सांकेतिक भाषा केवल बधिरों की ही नहीं बल्कि सभी की भाषा बने। इन बच्चों के सांकेतिक भाषा सीखने से उनके जीवनयापन की राह आसान होने के साथ साथ वे विभिन्न क्षेत्रों में देश का नाम भी रोशन करेंगे। योजनाओं का उल्लेख करते हुए दत्तात्रेय ने कहा कि हरियाणा सरकार ने केन्द्र सरकार की योजनाओं को प्रदेश में बेहतर तरीके से क्रियान्वित करते हुए लागू किया है। इतना ही नही, सरकार द्वारा 18 वर्ष तक स्कूल ना जाने वाले दिव्यांगजनों को मासिक वित्तीय सहायता दी जा रही है।

इससे पहले मूक-बधिर निशक्तजन कल्याण केन्द्र के चेयरमैन एवं एडीसी हितेश कुमार मीणा ने राज्यपाल का स्वागत करते हुए कहा कि इस केन्द्र की नींव 1971 में तत्कालीन राज्यपाल डा बी एन चक्रवर्ती ने रखी थी। इन पिछले 53 वर्षों में इस केन्द्र में दिन-प्रतिदिन तरक्की व उन्नति के नए प्रयोग हुए हैं।

चौ. देवीलाल की जयंती समारोह के लिए इनेलो ने झोंकी ताकत

पंडाल में लगाई गई हजारों कुर्सियां

भरोसा मित्र

कैथल। यहां कल यानि सोमवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री ताऊ देवीलाल की जयंती पर 25 सितंबर को सम्मान दिवस के अवसर पर इनेलो की तैयारी जोर शोर से चल रही है। अनाजमंडी में सजाए गए पंडाल में हजारों की संख्या में कुर्सियां लगाई हैं। रैली स्थल के पास ही एक हेलीपैड बनाया गया है, ताकि दूसरे राज्यों से आने वाले विभिन्न दलों के नेताओं के हेलिकॉप्टर को रैली स्थल के पास ही उतारा जा सके।

पार्टी के जिला प्रधान अनिल तंवर क्योड़क के अनुसार मंच पर 50 वरिष्ठ नेताओं के बैठने के लिए कुर्सियां लगाई जाएंगी। चौ. देवीलाल सम्मान दिवस समारोह रैली में आईएनडीआईए गठबंधन के नेता भी शामिल होंगे। रैली में हजारों की संख्या में

कुर्सियां, छत वाले पंखे, फर्राटे, कूलर, पीने के पानी, मोबाइल शौचालय सहित अन्य सभी सुविधाएं की जा रही हैं।

उन्होंने बताया कि रैली में मुख्य रूप से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव, शरद पवार समेत इंडिया गठबंधन के अन्य नेताओं को बुलाया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पंडाल को पूरी तरह से सजाया गया है। इसके अतिरिक्त अनाज मंडी के मुख्य गेट से लेकर अंदर तक पोस्टर लगाए गए हैं।

क्योड़क के अनुसार यह एक गैर राजनीतिक कार्यक्रम है। यह चौ. देवीलाल के जन्मदिवस व उनके सम्मान के लिए कार्यक्रम है।

दीपेंद्र हुड्डा के कार्यक्रम में बारिश से मची अफरा-तफरी

बारिश के बावजूद लोगों का उत्साह कम नहीं हुआ, कुर्सियों से ढक लिया सिर

भरोसा मित्र

फतेहाबाद। गांव भोड़िया खेड़ा में कांग्रेस के हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत आयोजित जनसभा में बारिश से काफी मुश्बिल पैदा हो गई। कार्यक्रम में बरसात के बाद अफरा-तफरी मच गई। इसमें भाग लेने आए लोग अपनी कुर्सियों को ही सिर पर उठाकर बारिश से बचने का प्रयास करने लगे। तो नेता मंच पर मौजूद नेता थे उन्होंने टेंट की चादर को खींचकर उसकी ओट ले ली।

जनसभा में कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने समय से काफी देर बाद पहुंचे। दोपहर के करीब 3 बजे दीपेंद्र हुड्डा ने मंच पर आए ।

राहत की बात यह रही कि तब तक बरसात भी थम चुकी थी। दीपेंद्र के मंच पर आते ही लोग फिर अपनी उन्हें कुर्सियों को बिछा कर बैठ गए। उन्होंने बताया कि आउटर एरिया में गांव भोड़िया में बारिश ज्यादा रही। शेष जगह यह कम रही। मजे की बात है कि इसी गांव में ही जनसभा रखी गई थी। लोगों ने कहा कि वे अपने नेता को सुनकर ही जाएंगे।

एशियन चैंपियनशिप में रमिता जिंदल ने जीता सिल्वर व कांस्य पदक

एयर राइफल की अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है रमिता

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। चीन में चल रही एशियन चैंपियनशिप में एयर राइफल की खिलाड़ी रमिता जिंदल ने टीम व व्यक्ति एयर राइफल इवेंट में सिल्वर व कांस्य पदक जीता है। बता दें कि रमिता लाडवा की रहने वाली है। उसकी इस सफलता से परिवार मे जश्न का माहौल है।

रमिता के पिता एडवोकेट अरविंद जिंदल ने बताया कि एशियन चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में

रमिता ने सिल्वर व 10 मीटर व्यक्ति एयर राइफल इवेंट में कांस्य पदक जीता है। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी ने कहा कि रमिता जिंदल ने ये पदक जीतकर देश का गौरव विश्व स्तर पर बढ़ाया है। पूरे देश को उन पर नाज है। रमिता के घर परिजनों को बधाई देने वालों का तांता लग गया । उनके पिता ने बताया कि रमिता जिंदल ने एशियन चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर राइफल टीम इवेंट में सिल्वर व 10 मीटर व्यक्ति एयर राइफल इवेंट में कांस्य पदक जीता है। आज उन पर पूरे देश को गर्व है।

कुरुक्षेत्र के सांसद नायब सैनी ने कहा कि रमिता जिंदल ने साबित कर दिया है कि बेटियां कहीं पर भी कमजोर नहीं हैं। देश का गौरव बढ़ाने में वे बहुत आगे हैं। आज रमिता दूसरी बेटियों के लिए भी प्रेरणा बन चुकी है। इस बेटी ने अधिवक्ता अरविंद जिंदल के साथ पूरे परिवार का मान बढ़ाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि कुरुक्षेत्र की बेटी ने जिले के साथ साथ हरियाणा का नाम रोशन किया है। राज्य की अन्य लड़कियों को भी रमिता जिंदल से प्रेरणा लेनी चाहिए।

कालांवाली में किसान 28 को करेंगे तालाबंदी

बीमा क्लेम न मिलने पर जताई नाराजगी

भरोसा मित्र

सिरसा। खंड ओढां व कालांवाली क्षेत्र के कई गांवों के किसानों ने बीमा क्लेम को लेकर तालाबंदी की धमकी दी है। उनका कहना है कि कि 27 सितंबर तक सरकार ने यदि खरीफ- 2022 का बीमा क्लेम जारी नहीं किया गया तो अगले दिन 28 सितंबर को वे कालांवाली उपमंडल में तालाबंदी करके पक्का मोर्चा लगाएंगे।

किसान नेता लखविंद्र सिंह ने कहा कि बीमा कंपनी और सरकार ने किसानों के साथ धोखा किया है। टेबुलेशन के हिसाब से गांव वाइज जितना बीमा क्लेम बनता था, पूरा बीमा क्लेम किसानों को न देते हुए उसमें कटौती की है। खरीफ- 2020 का बकाया

मुआवजा तहसीलों में आने के बावजूद भी किसानों के खातों में नहीं डाला गया और मार्च 2023 में सरकार को वापस भेज दिया गया।

कहा कि रबी 2022-23 में ओलावृष्टि, तूफान व भारी बारिश से किसानों की गेहूं, जौ, सरसों, हरा चारा व सब्जियों सहित फसलें बर्बाद हो गई थी। उनका बीमा क्लेम भी अभी तक जारी नहीं किया गया है। बीमा प्रीमियम भरने के बाद किसानों को बीमा पॉलिसी नहीं दी जाती है। किसानों की सबसे बड़ी समस्या निम्न स्तर के खाद, बीज व कीड़े मार दवाइयों की है।

किसानों ने एक दूसरा मांग पत्र केंद्रीय कृषि मंत्री को भेजा। इसमें बीटी कॉटन बीज में सुधार की मांग मुख्य रूप से रखी गई है। इसमें कहा गया कि 2019 से पूरे देश में गुलाबी सुंडी ने तांडव मचाना शुरू कर दिया। उनका कहना है कि यह हर साल किसानों के बीटी कॉटन को बर्बाद कर रही है। पेस्टीसाइड कंपनियों ने किसानों को लूटने के लिए महंगे से महंगे प्रोडक्ट बाजार में उतारे, लेकिन पेस्टिसाइड्स धान व बीटी कॉटन को सुंडियों से बचाने में नाकाम रहे। उन्होंने सरकार से अनुरोध किया है कि इस समस्या की ओर गंभीरता से ध्यान दिया जाए।

गोली मारने से नर्सिंग छात्रा की मौत

गोली मारने वाला छात्रा का ही रिश्तेदार है

भरोसा मित्र

सोनीपत। रोहणा में रविवार को एक छात्रा की गोली मार कर हत्या कर दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर छात्रा के शव को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया कि जिसे गोली मारी गई है वह नर्सिंग की छात्रा थी। उसकी पहचान खुशबू के रूप में हुई

है। पुलिस ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि गोली मारने वाला युवती का रिश्तेदार है, पर कारण का पता नहीं चला। मौके पर पहुंचे एसीपी और एफएसएस की टीम छात्रा के परिजनों से पूछताछ कर रही है। समाचार लिखे जाने तक हत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया था।

कर्मचारी चयन आयोग ग्रुप सी में 32 हजार पदों पर होनी है भर्तियां

आज शुरू की जाएगी उम्मीदवारों से प्रेफरेंस प्रक्रिया

इसके लिए आयोग ने बनाया सॉफ्टवेयर, ट्रायल में सामने आई कमियां की दूर

भरोसा मित्र

चंडीगढ़। हरियाणा स्टाफ सिलेक्शन कमीशन (एचएससीसी) गुप-सी के उम्मीदवारों से प्रेफरेंस भरवाएगा। इसके लिए आयोग ने एक सॉफ्टवेयर बनाया है। इसका ट्रायल शुक्रवार को आयोग कर चुका है। ट्रायल के दौरान कुछ कमियां सामने आई थीं, जिन्हें अब दूर कर लिया गया है। अब सोमवार यानी कल से आयोग उम्मीदवारों से प्रेफरेंस प्रक्रिया शुरू कर देगा। हरियाणा में गुप-सी के तहत 32 हजार पदों पर भर्ती की जा रही है।

भर्ती के लिए आवेदकों ने अपनी योग्यता के अनुसार, इन पदों की कैटेगरी को टिक मार्क के जरिए चुना था। उस समय आवेदकों से आयोग ने प्रेफरेंस नहीं भरवाई थी। उस समय आयोग ने यह सोचा था कि जब किसी आवेदक का कई कैटेगरी में चयन होगा तब उससे प्रेफरेंस भरवाएंगे, लेकिन अब आयोग ने यह फैसला बदल दिया है।

ध्यान देने वाली बात है कि प्रेफरेंस भरते समय आवेदक को कैटेगरी के सामने रोमन में 1,2,3 या अन्य नंबर

लिखना होगा। आवेदक को अगर लगता है कि वह कैटेगरी नंबर 5 को पहली प्राथमिकता पर रखना चाहता है तो उसको उसके सामने रोमन में 1 नंबर लिखना होगा। इसी तरह अन्य कैटेगरी में भी आवेदकों को यही प्रक्रिया अपनानी होगी। इसके बाद इसे सबमिट करना होगा।

इस संबंध में बताया गया कि आवेदक जब अपनी कैटेगरी को सबमिट कर देगा तो फिर इसका प्रिंट लेगा। इसके बाद इस प्रिंट लिए हुए पेपर पर सिग्नेचर कर फिर से इसे ॥स्स्ष्ट की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करेगा। अपलोड करने के बाद ही कैटेगरी वाली प्रक्रिया पूरी होगी। सबसे अहम बात यह है कि जो डेटा पहले का है वह फ्रीज रहेगा। प्रेफरेंस भरने के बाद यह डेटा भी फ्रीज हो जाएगा।

प्रकाशक एवं मुद्रक सुमित सैनी द्वारा भरोसा फाउंडेशन के लिए 401, नारकंडा अपार्टमेंट, सेक्टर 31 गुरुग्राम (हरियाणा) से प्रकाशित एवं दैनिक भास्कर प्रैस खिजूरी 82.5 किलोमीटर माइलस्टोन, दिल्ली-जयपुर नेशनल हाईवे नंबर 48, नियर श्री तिरूपति जी फिलिंग स्टेशन रेवाड़ी हरियाणा से मुद्रित। फोन नंबर- 0124 4257131, ई-मेल dainikbharosa@gmail.com अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी एक्ट केअंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद गुरुग्राम न्यायालय के अधीन ही होंगे।